@Qpatrika | @qaumipatrika hindi | instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

सोमवार, 23 फरवरी 2026

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 110 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## कांग्रेस ने एआई इम्पैक्ट समिट को बनाया गंदी राजनीति का मंचः नरेंद्र प्रधानमंत्री

### नमो भारत आरआरटीएस व दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित

**एजेंसी**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ से विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारत

**● अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती नहीं हैं।**

में आयोजित विश्व के सबसे बड़े एआई इम्पैक्ट समिट को कांग्रेस और उसके इको सिस्टम ने अपनी 'गंदी और नंगी राजनीति' का मंच बना दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए और करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत आए। उन्होंने मेरठ की जनता से पूछा कि क्या उन्हें इस




वैश्विक सम्मेलन पर गर्व हुआ। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस आयोजन से गौरवान्वित था लेकिन कांग्रेस ने विदेशी अतिथियों के सामने अर्धनग्न प्रदर्शन कर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, 'देश जानता है कि आप (कांग्रेस) पहले से ही नंगे हैं, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या थी? यह कांग्रेस के वैचारिक दिवालियापन को दर्शाता है। ' प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई ग्लोबल समिट किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश के सम्मान का कार्यक्रम था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत को बदनाम करने में लगी है और देश की उपलब्धियों को पचा नहीं पा रही है।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारत की पहली नमो भारत रैपिड रेल (आरआरटीएस) सेवा का शुभारंभ किया और संपूर्ण दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर तथा मेरठ मेट्रो (मेरठ साउथ-मोदीपुरम) को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार एक ही मंच से नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का उद्घाटन हो रहा है, जो विकसित भारत की आधुनिक कनेक्टिविटी की झलक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ही स्टेशन और एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल का संचालन देश में पहली बार हो रहा है। सरायकालेखां, आनंद विहार, गाजियाबाद और मेरठ स्टेशनों पर भारतीय रेल, मेट्रो और बस अड्डों को आपस में जोड़ा गया है, जिससे यात्रियों को शहर के भीतर और दिल्ली तक सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार की कार्य संस्कृति है कि जिस परियोजना का शिलान्यास किया जाए, उसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती नहीं हैं। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले देश में मेट्रो केवल पांच शहरों तक सीमित थी, आज 25 से अधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं संचालित हो रही हैं और भारत मेट्रो नेटवर्क के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल नारी शक्ति के सामर्थ्य का भी प्रतीक है।

## किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

### जैश के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकी ढेर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में आज सुरक्षाबलों और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। जिसमें संगठन का शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए।। अधिकारियों के अनुसार यह एनकाउंटर तब शुरू हुआ जब सेना ने छात्रू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। उन्हें दो संदिग्ध आतंकवादियों के इलाके में होने की सूचना मिली थी।

सूत्रों के अनुसार कमांडर ने पहले भी कई बार सुरक्षा बलों को चकमा दिया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई, लेकिन सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आतंकियों को ठिकाने लगाया।

इस संयुक्त ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, सीआरपीएफ, और 2 पैरासाफोर्स शामिल थे। सेना के व्हाइट नाइट कोर



ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रणनीतिक सटीकता और पूर्ण समन्वय के साथ मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण किया। इस कार्रवाई में दो आतंकवादी सफलतापूर्वक निष्क्रिय किए गए और उनके पास से 2 एके-47 राइफलें और 5 एके मैगजीन बरामद हुई। सुरक्षा बलों ने इलाके को पूरी तरह से घेर लिया है और अभी भी यह सुनिश्चित करने के लिए तलाशी अभियान जारी है कि क्षेत्र में कोई और आतंकवादी मौजूद न हों।

## टॉप नक्सल कमांडर 25 लाख के इनामी देवजी ने 16 साथियों के साथ समर्पण किया

**एजेंसी**

**जगदलपुर।** नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के सदस्य 25 लाख के इनामी देवजी ने अपने 16 नक्सली साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों का भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। नक्सली देवजी मूल रूप से करीमनगर जिले का निवासी है और लंबे समय से नक्सली संगठन की केंद्रीय गतिविधियों में सक्रिय था। करीब आठ महीने पहले ही उसे संगठन का महासचिव बनाया गया था। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली कैडरों को अगले एक-दो दिनों में अधिकारिक रूप से पेश किया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में 31 मार्च तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सुरक्षाबल के साथ बाकी बचे नक्सली कैडरों की घेराबंदी कर रही है। लगातार मुठभेड़ों और प्रमुख नेताओं के आत्मसमर्पण से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में पहुंचता दिख रहा है। नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो सदस्य और केंद्रीय समिति के वरिष्ठ सदस्य नक्सली कमांडर देवजी के आत्मसमर्पण पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बसव राजू के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद देवजी बड़ा नक्सली कैडर था, जिसने तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। कुछ नाम और शेष हैं, जो निष्क्रिय है, लेकिन उन्हें भी जल्द ही आत्मसमर्पण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाकी बचे सभी नक्सलियों को मुख्य धारा से जोड़ने के संबंध में काम किया जा रहा है।

## पांच दिवसीय भारत दौरे के बाद ब्राजील के लिए रवाना हुए राष्ट्रपति लूला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा का भारत दौरा पूरा हुआ। राष्ट्रपति लूला रविवार को अपने देश वापस लौटने के लिए भारत से रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रपति लूला 18 से लेकर 22 फरवरी तक भारत के दौरे पर थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्रालय की तरफ से जानकारी दी गई, 'एक सफल दौरा खत्म हुआ! राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के दौरे ने भारत और ब्राजील के बीच रणनीतिक साझेदारी को काफी बढ़ावा दिया और कई आगे बढ़ने वाले नतीजे दिए। उन्हें एमओएस पबित्रा मार्गेरिटा ने विदा किया।' इससे पहले राष्ट्रपति लूला ने एक्स पर भारत दौरे की खास वीडियो साझा कर लिखा, 'ब्राजील और भारत सिर्फ ग्लोबल साउथ की दो बड़ी डेमोक्रेसी नहीं हैं। हम दुनिया की फार्मेसी और दुनिया के अन्नदाता के बीच, एक डिजिटल सुपरपावर और एक रिन्यूएबल एनर्जी पावरहाउस के बीच मिलन बिंदु हैं। दो बहुत अलग-अलग तरह के देश, जिनकी सांस्कृतिक ताकत और बहुपक्षवाद और शांति के लिए कमिटमेंट है। '

उन्होंने आगे कहा कि अगर हम मिलकर काम करें, तो हम ब्राजील और भारत के बीच आपसी संबंध को मजबूत करेंगे, हम मर्कोसुर के साथ अपने संबंध को मजबूत करेंगे, और हम ग्लोबल साउथ को मजबूत करेंगे।

## डिजिटल मार्केटिंग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए बेहतरीन मौकाः वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली = ( न्यूज वार्ता ) वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल ने डिजिटल मार्केटिंग में अपने प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की है। यह एक परिवर्तनकारी शैक्षिक पहल है, जिसे विशेष रूप से वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को मांग-आधारित डिजिटल कौशल प्रदान कर सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस पहल का लक्ष्य डिजिटल अंतर को कम करना तथा देशभर के युवाओं के लिए सार्थक रोजगार और उद्यमिता के अवसर सृजित करना है। आज की तेजी से विकसित हो रही डिजिटल अर्थव्यवस्था में डिजिटल मार्केटिंग सबसे प्रभावशाली और सुलभ करियर विकल्पों में से एक बनकर उभरी है। छोटे व्यवसायों से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक, सभी संगठन अपनी पहुंच बढ़ाने, ब्रांड की दृश्यता मजबूत करने और राजस्व वृद्धि के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्भर हैं। इस परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल ने एक व्यापक प्रमाणपत्र कार्यक्रम तैयार किया है, जो विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, प्रशिक्षण और उद्योग-प्रासंगिक विशेषज्ञता प्रदान करेगा। यह पाठ्यक्रम समावेशिता और




सुलभता पर विशेष ध्यान देते हुए संरचित किया गया है। यह विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए है, जिन्हें वित्तीय बाधाओं के कारण पेशेवर कौशल विकास के अवसर नहीं मिल पाते। काउंसिल का मानना है कि प्रतिभा और क्षमता समाज के हर वर्ग में मौजूद है, और शिक्षा तक पहुंच आर्थिक सीमाओं से प्रतिबंधित नहीं होनी चाहिए।6 डिजिटल मार्केटिंग प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख मॉड्यूल शामिल होंगे- डिजिटल मार्केटिंग का परिचय , सोशल मीडिया मार्केटिंग (Facebook, Instagram, LinkedIn आदि) कंटेंट मार्केटिंग और ब्लॉगिंग , ईमेल मार्केटिंग ,वेबसाइट की मूल बातें एवं परिचय ,ऑनलाइन विज्ञापन रणनीतियाँ

फ्रीलांसिंग और ऑनलाइन आय के अवसर डिजिटल उद्यमिता और स्टार्टअप मार्गदर्शन

यह कार्यक्रम कक्षा सत्रों, ऑनलाइन कार्यशालाओं, व्यावहारिक असाइनमेंट और वास्तविक केस स्टडी के माध्यम से संचालित किया जाएगा।

शेष पृष्ठ 3 पर

## अखिलेश यादव ने दोनों डिप्टी सीएम को दिया खुला ऑफर

### बोले- अपने 100 विधायक लेकर आओ, सीएम बन जाओ

**एजेंसी**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बार फिर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम को मुख्यमंत्री बनने का ऑफर दिया है। गोरखपुर में इलाज के दौरान कथित लापरवाही से 19 लोगों की आंखों की रोशनी जाने की घटना पर योगी सरकार को घेरते हुए, अखिलेश ने बीजेपी के भीतर जारी कथित अंतर्कलह पर तीखा तंज कसा है अखिलेश यादव ने पुरानी पेशकश को दोहराते हुए कहा, 'हम अपना ऑफर फिर से दोहराते हैं-100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन



जाओ। जो 100 विधायक साथ लाएगा, वह एक हफ्ते के लिए मुख्यमंत्री बनेगा।' उन्होंने संभवतः एक सप्ताह की बात इसलिए कही क्योंकि सीएम चार दिन के टूर पर जापान जा रहे हैं।

## 8सत्ता में बैठे लोग संविधान को खत्म करने की साजिश में, हमें इसके खिलाफ रहना होगा सजगः तेजस्वी यादव

**● 'लालू यादव ने पुरखों के विचारों के आधार पर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया'**

**एजेंसी**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बैठे हुए लोग आज बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की साजिश में लगे हुए हैं। उन्होंने लोगों से इसके खिलाफ सजग रहने का आह्वान किया। रविदास चेतना मंच के तत्वावधान में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास के राज्य स्तरीय 649वें जयंती समारोह को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद ने हमेशा अपने पुरखों को सम्मान दिया। लालू यादव ने पुरखों के विचारों के आधार पर समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया, जबकि आज भाजपा के लोग



समाज में नफरत बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर देश को कमजोर करने वाले कार्यों में लगे होने का आरोप लगाया।इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तारपूर्वक अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा, 'डबल इंजन सरकार ने 16 प्रतिशत आरक्षण से शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को वंचित रखा है। हम लोगों ने जातीय आधारित गणना कराकर 65 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर सभी के साथ न्याय किया, लेकिन महागठबंधन सरकार के बदलते ही डबल इंजन सरकार ने आरक्षण को फंसाने का कार्य किया। 'उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, रविदास और कबीर के विचारों को स्कूलों के सिलेबस में शामिल करवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा तथा इसके लिए सदन के अंदर और बाहर आवाज बुलंद की जाएगी।राजद नेता ने आगे कहा कि बिहार में गरीबों, शोषितों, ठेला वालों और सब्जी वालों के घरों और दुकानों को उजाड़ा जा रहा है।

## पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु से लश्कर के 8 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की बड़ी साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नाकाम कर दिया है। करीब 9 दिन गुपचुप तरीके से चले ऑपरेशन के बाद स्पेशल सेल ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े बड़े मॉड्यूल का खुलासा करने का दावा किया है। टीम ने कोलकाता और तमिलनाडु में छापेमारी कर 7 बांग्लादेशी समेत कुल 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। तमिलनाडु में गिरफ्तार संदिग्ध आतंकियों को लेकर पुलिस टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई है जिसके सोमवार को पहुंचने की उम्मीद है।

## एआई शिखर सम्मेलन में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन अनुचित और गैरजिम्मेदाराना : बाबुल सुप्रिय

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार में सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री और बालीगंज से तृणमूल कांग्रेस विधायक बाबुल सुप्रियो ने रविवार को सोशल मीडिया के माध्यम से एआई शिखर सम्मेलन में इंडियन यूथ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एआई शिखर सम्मेलन यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध को अनुचित और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। बाबुल सुप्रियो ने अपने पोस्ट में कहा कि जिस मंच पर अंतरराष्ट्रीय नेता और वैश्विक उद्योग जगत के प्रमुख लोग मौजूद हों, वहां इस तरह का प्रदर्शन देश की प्राथमिकताओं को लेकर गलत संदेश देता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारी निभाना भी उतना ही जरूरी है। तृणमूल विधायक ने लिखा कि जब भारत का प्रतिनिधित्व विश्व मंच पर हो रहा हो, तब राजनीतिक नाटकीयता के बजाय परिपक्वता और संयम दिखाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक मतभेदों के लिए संघर्ष किया जा सकता है, लेकिन इसकी कीमत देश की गरिमा और सम्मान को नुकसान पहुंचाकर नहीं चुकाई जानी चाहिए।



## बसपा मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे :मायावती

### मिशनरियों को डटकर मुकाबला करना होगा : मायावती

**एजेंसी**

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को पार्टी की अखिल भारतीय बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और आर्थिक सहयोग को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संसद में हालिया टकराव और देश में उभरती जनसमस्याओं के मद्देनजर बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए बेहतर राजनीतिक एवं माहौल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बसपा मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे जिसका डटकर मुकाबला करना होगा। मायावती ने 19 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में हुई पिछली



बैठक के दिशा-निर्देशों की राज्यवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे बीएसपी मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे, लेकिन मिशनरी कार्यकर्ताओं को डटकर मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना है और सत्ता की मास्टर चाबी' हासिल करना लक्ष्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में लोग भीमराव अंबेडकर के बहुजन आत्मसम्मान और स्वाभिमान मिशन को आगे बढ़ाने की अपेक्षा बसपा से रखते हैं। पार्टी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में अपने पूर्व कार्यकालों के दौरान 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' और कानून के राज की नीति पर चलते हुए सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए।

## पीएम मोदी नए और आधुनिक भारत के निर्माताः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए व आधुनिक भारत का शिल्पी व निर्माता बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम के 'विकसित भारत' विजन की वैश्विक नेता भी जमकर सराहना कर रहे हैं, जिसमें अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ गरीब-वंचित, अन्नदाता किसान, महिला व युवा समेत समाज के हर तबके को मिलना सुनिश्चित हो रहा है। सीएम योगी ने पीएम मोदी की कार्यशैली से प्रेरणा लेते हुए कहा कि पूरे देश के विकास कार्यों की जितनी समीक्षा प्रधानमंत्री करते हैं, उतनी तो कोई मंत्री अपने विभागीय कार्यों की भी नहीं करता। सीएम योगी ने रविवार को मेरठ के मोहिउद्दीनपुर में प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल के संपूर्ण कॉरिडोर व मेरठ मेट्रो का लोकार्पण किए जाने के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा होली से ठीक पहले नमो भारत ट्रेन के साथ मेरठ मेट्रो का भी उपहार दिया जा रहा है। यह उपहार विकसित भारत की उस नींव को सुदृढ़ करने का नया माध्यम है, जिसमें अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से भारत की ताकत दिखती है। पहले मेरठ से दिल्ली की दूरी एक चुनौती होती थी। इसे तय करने में चार से पांच घंटे तक मशक्कत करनी पड़ती थी। दिल्ली दूर है, यह मानते हुए लोग थक-हार कर बैठ जाते थे और सोचते थे कि जाम में फंसना पड़ेगा। आज 12 लेन के एक्सप्रेसवे से दिल्ली व मेरठ जुड़े हैं। मेरठ से दिल्ली पहुंचने में मात्र 45-50 मिनट लगते हैं। आज प्रधानमंत्री जी ने नमो भारत रैपिड रेल व मेरठ मेट्रो का नया उपहार दिया है, जो इस दूरी को और घटा रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत के माध्यम से अत्याधुनिक-सुरक्षित तेज पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाएं आज भारत की पहचान बन रही हैं।



## शरद पवार की फिर बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में किया भर्ती, डॉक्टर कर रहे निगरानी

मुंबई (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के संस्थापक शरद पवार को रविवार को फिर पुणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिछले कुछ दिनों से उनकी सेहत में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। उनकी बेटी और बारामती की सांसद सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक शरद पवार पिछले कुछ दिनों से खांसी और गले के संक्रमण से जूझ रहे थे। शनिवार को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वे अपने आवास पर थे, लेकिन रविवार सुबह उन्हें अत्यधिक कमजोरी और शरीर में पानी की कमी महसूस हुई। डॉक्टरों की सलाह पर परिवार ने उन्हें तुरंत जांच और चिकित्सकीय देखरेख के लिए अस्पताल में भर्ती करने का निर्णय लिया। सुप्रिया सुले ने एक्स पर लिखा- हम बाबा को फॉलो-अप टेस्ट और हाइड्रेशन के लिए पुणे के अस्पताल में भर्ती कर रहे हैं। हम सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का आभार व्यक्त करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 85 साल के शरद पवार को पिछले हफ्ते भी इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय उन्हें सांस लेने में कठिनाई और सीने में संक्रमण की शिकायत थी। डॉक्टरों ने उन्हें एंटीबायोटिक्स का पांच दिनों का कोर्स दिया और शनिवार को ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें 3-4 दिन पूर्ण विश्राम की सलाह दी थी, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार न होने के कारण उन्हें दोबारा भर्ती करना पड़ा। बता दें हाल ही में पवार परिवार पर आए दुखों के पहाड़ ने भी वरिष्ठ नेता के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाला है। जनवरी के अंत में एक विमान हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और उनके भतीजे अजित पवार के असामयिक निधन के बाद से शरद पवार बारामती में परिवार को संभालने में व्यस्त थे। इस दौरान हुई भागदौड़ और मानसिक तनाव ने उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर डाला है। डॉक्टरों के मुताबिक शरद पवार की स्थिति फिलहाल स्थिर है। उनके महत्वपूर्ण अंगों की स्थिति सामान्य है, लेकिन उम्र और संक्रमण को देखते हुए उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है।



## भारतीय तटरक्षक बल की बड़ी कार्रवाई : अरब सागर में 5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त, 4 ईरानी गिरफ्तार

अहमदाबाद (एजेंसी)। अरब सागर में घुसपैठ और तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारतीय तटरक्षक बल ने एक विशेष अभियान के दौरान विदेशी ब्रांड की सिगरेट से भरी संदिग्ध नाव को पकड़ा है। इस कार्रवाई में 4 ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवभूमि द्वारका से करीब 115 किलोमीटर दूर भारतीय समुद्री सीमा के फॉरवर्ड एरिया में नियमित गश्त के दौरान तटरक्षक बल की टीम को एक संदिग्ध नाव दिखाई दी। शक होने पर जब नाव को रोका गया और तलाशी ली गई तो पता चला कि अल मुख्तार नाम की यह नाव विदेशी सामान की तस्करी में लिप्त थी। जांच के दौरान नाव से विदेशी ब्रांड की सिगरेट के करीब 200 बड़े कार्टन बरामद किए गए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान नाव पर सवार 4 ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से प्रतिबंधित थुराया सैटेलाइट फोन और 8 मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए सभी ईरानी नागरिकों और जब्त नाव को आगे की जांच के लिए पोरबंदर जेट्टी लाया गया है। सुरक्षा एजेंसियां अब इस तस्करी के पीछे सक्रिय बड़े नेटवर्क की जांच में जुट गई हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि सिगरेट की यह खेप गुजरात या किसी अन्य राज्य के तट पर उतारने की योजना थी।

## किश्तवाड़ में जैश के 2 आतंकी ढेर, सुरक्षाबलों ने आतंकियों के ठिकाने को ब्लास्ट किया

कश्मीर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने 2 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

## 34 साइबर ठग अरेस्ट, 45 फरार

मथुरा (एजेंसी)। मथुरा के 'मिनी जामताड़ा' में साइबर ठगों को पकडने के लिए एक बार फिर 240 से अधिक पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की। 20 से अधिक गाडियों से पुलिसकर्मियों के साथ एसपी पहुंचे और दो टीमें बनाकर दो गांवों में रेड किए। पुलिस टीम को देखते ही गांव में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ खेतों में छिप गए। पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पकड़ा। घरों की तलाशी ली गई। रविवार सुबह पुलिस ने विशंभरा और झंझावली गांव में रेड किए। करीब 5 घंटे तक चली कार्रवाई में पुलिस ने 34 लोगों को हिरासत में लिया। एसपी सुरेश चंद्र रावत के अनुसार, पुलिस को देखने के बाद 45 लोग फरार हो गए। 5 गाडियां भी जब्त की गई हैं। दरअसल, मथुरा के बॉर्डर क्षेत्र के करीब करीब 8-10 गांव ऐसे हैं जो साइबर ठगी का गढ़ माना जाता है। यहां साइबर ठगी का बड़ा नेटवर्क है जोकि देश-विदेशों में ठगी का अंजाम देता है।

## दबंगों ने दलित परिवार का छप्पर फूंका

कानपुर (एजेंसी)। कानपुर में दबंगों ने दलित परिवार के घर के बाहर छप्पर में आग लगा दी। खौफ पैदा करने के लिए चार राउंड हवाई फायरिंग की। दरअसल, ट्रैक्टर निकालने के दौरान छप्पर टूट गया। इस पर दलित परिवार ने आपत्ति की। आरोप है कि कहासुनी के बाद दबंगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की और फिर छप्पर में आग लगा दी। घटना कानपुर के सजेती थाना क्षेत्र के मढ़ापुर गांव की है। इस मारपीट में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हुए हैं, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे दो पड़ोसी भी चोटिल हुए। जानकारी मिलने के बाद विधायक सरोज कुरील ने अस्साल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# कर्नाटक सरकार 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल इस्तेमाल पर लगाएगी बैन

**-सीएम सिद्धारमैया ने सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मांगी राय**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार 16 साल से कम उम्र के छात्रों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर बैन लगाने पर विचार कर रही है। राज्य के सीएम सिद्धारमैया ने इस विषय पर सभी सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से राय मांगी है। सरकार का ये कदम छात्रों में बढ़ती सोशल मीडिया की लत और नशीली दवाओं के संपर्क में आने के खतरों को रोकने के लिए उठाया जा रहा है। सीएम ने ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों के उदाहरण देते हुए छात्रों के व्यवहार, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर मोबाइल के प्रभाव को लेकर गहरी चिंता जताई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम सिद्धारमैया ने सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक में इस विषय पर राय मांगी है। सीएम ने बैठक में जोर देकर कहा कि आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं कि बच्चे आज सोशल मीडिया के प्रति जुनूनी हो रहे हैं जो उनके भविष्य




के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कुलपतियों से चर्चा करते हुए कहा कि मोबाइल के जरिए बच्चे नशीली दवाओं के शिकार भी हो रहे हैं। सरकार का मानना है कि मोबाइल फोन के अनियंत्रित इस्तेमाल से छात्रों की शिक्षा और उनके आचरण पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए ही नाबालिग छात्रों के लिए कैंपस में मोबाइल बैन करने पर विचार किया जा रहा है।

बैठक में सीएम ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया समेत कई अन्य देश पहले ही छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर बैन लगा चुके हैं। इसी तर्ज पर कर्नाटक सरकार भी नाबालिग छात्रों को मोबाइल से दूर रखकर उनके मानसिक स्वास्थ्य को सुरक्षित करना चाहती है। सीएम ने साफ किया कि चूंकि कुलपति शिक्षा के क्षेत्र में गहरी समझ रखते हैं, इसलिए उनकी राय इस नीति को लागू करने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार अब इन विशेषज्ञों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है, ताकि अंतिम फैसला लिया जा सके।

## रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुए भाजपा विधायक चंद्रू लमानी, अब राजनीति में मचा हड़कंप

बेंगलुरु(एजेंसी)। कर्नाटक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोकायुक्त पुलिस ने शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक चंद्रू लमानी को गिरफ्तार कर लिया है। विधायक के साथ उनके दो सहायकों, मंजुनाथ वाल्मीकि और गुरुनायक को भी हिरासत में लिया गया है। यह पूरी कार्रवाई सिंचाई परियोजना से जुड़े एक रिश्वत मामले में जाल बिछाकर की गई है, जिसने राज्य की राजनीति में हड़कंप मचा दिया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब गदग जिले के चिंचली निवासी प्रथम श्रेणी ठेकेदार विजय पुजारी ने लोकायुक्त में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, लघु सिंचाई विभाग के अंतर्गत सड़क के दोनों ओर रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) के निर्माण कार्य को सुचारू रूप से चलाने और बकाया बिलों के भुगतान की सुविधा के बदले विधायक द्वारा कथित तौर पर 11 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। लोकायुक्त अधिकारियों ने इस शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और उस समय दबिश दी जब विधायक और उनके सहायकों ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 लाख रुपये स्वीकार किए। पुलिस ने मौके से ही तीनों को हिरासत में लेकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद कर्नाटक की सियासत में जुबानी जंग तेज हो गई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने विपक्षी दल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विधायक को रंगे हाथों पकड़ा गया है और अब विरोधियों को जवाब देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार जांच में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी और लोकायुक्त को स्वतंत्र रूप से कार्य करने दिया जाएगा। वहीं, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने भी व्यंग्यात्मक लहजे में कटाक्ष करते हुए विपक्ष की ईमानदारी पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, भाजपा ने इस कार्रवाई पर रक्षात्मक रुख अपनाया है। प्रदेश नेतृत्व का कहना है कि वे तथ्यों की विस्तृत पुष्टि के बाद ही आधिकारिक बयान देंगे, हालांकि पार्टी प्रवक्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा बताते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल जानबूझकर विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रहा है। विधायक चंद्रू लमानी की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही गदग में उनके समर्थकों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। समर्थकों ने इस कार्रवाई को एक गहरी राजनीतिक साजिश करार देते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



## राजस्थान में अंतिम मतदाता सूची जारी, कुल 5.15 करोड़ मतदाता दर्ज

जयपुर। राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 27 अक्टूबर 2025 से 21 फरवरी 2026 तक चला। शनिवार को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें कुल 5,15,19,929 मतदाता शामिल हैं। सभी 199 विधानसभा सीटों के लिए नाम सुनिश्चित किए गए हैं। मसौदा सूची और अंतिम सूची के बीच 10,48,605 (2.08त्न) की शुद्ध वृद्धि हुई। पुरुष मतदाता 2,69,57,881 और महिला 2,45,61,486 हैं। समीक्षा अवधि में लिंगानुपात 909 से बढ़कर 911 हुआ। 18-19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या में 4,35,061 का इजाफा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।

## मध्यप्रदेश के सात जिलों में बारिश का अलर्ट, राजस्थान में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पहाड़ी और मैदानी राज्यों में मौसम में बदलाव हो रहा है। मध्य प्रदेश में फरवरी के महीने में चौथी बार बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की सक्रिय की वजह से मौसम बदला है। मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश के मंडला, डिंडौरी समेत सात जिलों में पानी गिरने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में 15 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। राजस्थान में मौसम में दोबारा बदलाव आया है। सुबह-शाम की सर्दी कम हो गई है। शनिवार को 10 से ज्यादा शहरों का अधिकतम टेम्परेचर 30डिग्री सेल्सियस और उससे ज्यादा रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में अगले 7 दिन बारिश की संभावना नहीं है, आसमान खुला रहेगा। इसके कारण तापमान में 2 से 3डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं जम्मू-कश्मीर में फरवरी का सबसे गर्म दिन 21 फरवरी को रहा। यहां दिन का तापमान 21डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 10 डिग्री ज्यादा है। इससे पहले 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री रहा था।

उत्तराखंड के हिमालयी इलाकों में टेम्परेचर 0 डिग्री से नीचे है। मुनस्यारी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां टेम्परेचर माइनस 240डिग्री रहा। गंगोत्री में -22, बद्रीनाथ में -19, हेमकुंड साहिब में -18 और हर्षिल में -17डिग्री रहा। राज्य में कहीं भी बर्फबारी का अलर्ट नहीं है। 23-24 फरवरी को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कई इलाकों में बर्फबारी की संभावना है।

# कांग्रेस से निष्कासित नवजोत कौर बनाएगी नई पार्टी, एक साल पति सिद्धू रहेंगे राजनीति से दूर

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** कांग्रेस से निष्कासित पंजाब की डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने कहा है कि उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू अगले एक साल तक सक्रिय राजनीति से दूर रहेंगे। सिद्धू 6 निजी कंपनियों के साथ करार कर चुके हैं, जिसके चलते वे किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेंगे। नवजोत कौर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि यह फैसला पूरी तरह पेशेवर प्रतिबद्धताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सिद्धू आगामी एक साल तक अपने नए प्रोजेक्ट्स और कार्पोरेट एंगेजमैंट्स पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस घोषणा के बाद पंजाब की राजनीति में हलचल मच गई है। नवजोत कौर ने कहा कि वे जल्द ही अपनी नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगी। पार्टी का आधिकारिक कार्यालय भी शीघ्र खोला जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पोस्ट में डॉ.




नवजोत कौर सिद्धू ने कई कांग्रेसी नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि पंजाब की राजनीति में भ्रष्टाचार और अवसरवादी राजनीति ने जनता का भरोसा कमजोर किया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी नई पार्टी आम लोगों की आवाज बनेगी और राज्य को भ्रष्टाचार और गलत राजनीतिक प्रथाओं से बचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। इस पूरे घटनाक्रम ने कांग्रेस के अंदर भी चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

कांग्रेस से निष?कासित होने के बाद से नवजोत कौर लगातार पार्टी पर हमलावर हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने पंजाब कांग्रेस के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पोस्ट के जरिये राजा वड़िंग से पूछा था कि उन्होंने 100 एकड़ जमीन कैसे खरीदी? साथ ही राजस?थान से जुड़े पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के साथ? मिलकर 2400 करोड़ रुपए का घोटाला करने का भी आरोप लगाया है। नवजोत कौर ने राजा वड़िंग को चेतावनी देते हुए कहा था कि अब वे कोर्ट में जवाब देने और जेल जाने के लिए तैयार रहें। वहीं नवजोत कौर के इन आरोपों पर वडिंग ने कहा था कि जिन लोगों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होती, उनके बयानों पर रोज प्रतिक्रिया देना उचित नहीं।

# अगर 6.5 तीव्रता का भूकंप आया तो कानपुर, प्रयागराज में हो सकता है भारी नुकसान

**-आईआईटी कानपुर की रिसर्च से खुलासा, गंगा किनारे और निचले इलाकों में खतरा ज्यादा**

**कानपुर (एजेंसी)।** आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर निहार रंजन पात्रा की अगुवाई में की गई रिसर्च में कहा गया है कि अगर 6.5 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप कानपुर, प्रयागराज में आता है, तो इन शहरों में भारी नुकसान हो सकता है। खासकर गंगा किनारे और निचले इलाकों में खतरा ज्यादा है। रिसर्च के मुताबिक यहां की जमीन कई जगहों पर ढीली और रेतीली है। ऐसी मिट्टी भूकंप के दौरान ज्यादा हिलती है और झटकों का असर बढ़ा देती है। यही वजह है कि वैज्ञानिकों ने पहले से तैयारी करने पर जोर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रोफेसर निहार रंजन पात्रा को साल 2008 में इस विषय पर रिसर्च के लिए प्रोजेक्ट मिला था। इसके बाद उनकी टीम ने कई साल तक कानपुर और आसपास के इलाकों में सर्वे किया। मिट्टी के नमूने




जुटाए गए और उनकी गहराई से जांच की गई। अध्ययन में जमीन की अलग-अलग परतों और उनके व्यवहार को समझा। कंप्यूटर मॉडल की मदद से यह अनुमान लगाया गया कि अगर बड़ा भूकंप आता है तो किस इलाके में कितना असर पड़ सकता है। इस पूरी रिसर्च के बाद अब साफ संकेत मिल रहे हैं कि कुछ इलाके ज्यादा संवेदनशील हैं।

रिसर्च में सामने आया कि कई जगहों पर ÷लिक्विफैक्शन÷ का खतरा है। इसका मतलब यह है कि भूकंप के तेज झटकों के दौरान ठोस जमीन दलदल जैसी हो सकती है। ऐसी स्थिति में इमारतों की नींव कमजोर हो जाती है। बड़े-बड़े भवन झुक सकते हैं और पुराने मकान गिर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने करीब 20 अलग-अलग जगहों से मिट्टी के सैंपल लिए। जांच में पाया गया कि गंगा किनारे के इलाके, पुराने मोहल्ले और ज्यादा आबादी वाले क्षेत्र ज्यादा जोखिम भरे हैं। अगर 6.5 या उससे ज्यादा तीव्रता का भूकंप आता है, तो सड़कें फट सकती हैं, जमीन में दरारें पड़ सकती हैं और कई इमारतों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

रिपोर्ट के बाद विशेषज्ञों ने साफ कहा है कि अब लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। नई इमारतें बनाते समय भूकंपरोधी डिजाइन का सख्ती से पालन किया जाए। पुराने भवनों की जांच कर उन्हें मजबूत बनाया जाए। स्कूल, अस्पताल और सरकारी दफ्तरों को प्राथमिकता पर सुरक्षित किया जाए, साथ ही आम लोगों को भी जागरूक होना होगा। भूकंप आने पर क्या करना है और क्या नहीं, इसकी जानकारी हर घर तक पहुंचनी चाहिए। प्रशासन को भी आपदा प्रबंधन की तैयारियां मजबूत करनी होंगी, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत राहत और बचाव का काम शुरू हो सके।

# सपा को ऑफिस में चक्कर काटने और चेहरा चमकाने में लगे रहने वालों की जरुरत नहीं!

**-अखिलेश ने मिशन 2027 को लेकर बनाई गुप्त रणनीति, तैयार कर रहे नेताओं का लेखा-जोखा**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी में मिशन 2027 को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सभी राजनीतिक दल चुनाव में जीत हासिल करने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गोपनीय तैयारी शुरू कर दी है, जिसके तहत एक ख़ास लिस्ट तैयार की जा रही है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं की गतिविधियों को लेखा-जोखा तैयार किया जाएगा। अखिलेश ने एक ऐसी लिस्ट बनाने के निर्देश दिए हैं जिनमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल करने को कहा गया है जो अक्सर पार्टी दफ्तर में घूमते या टहलते नजर आते हैं और अपना ज़्यादातर समय सपा ऑफिस में चक्कर काटने या फिर केवल चेहरा चमकाने में लगे रहते हैं बजाय इसके वो जमीनी स्तर पर सपा को मजबूत करने का काम करें।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सपा ने ऐसे नेताओं का लेखा-जोखा बनाया है, जिसमें इन नेताओं की फोटो और फोन नंबर के साथ ये जानकारी भी दर्ज की गई है कि कौन सा कार्यकर्ता कितनी बार पार्टी के ऑफिस में आया, उसने कितनी बार हाथ मिलाया और वो जमीन स्तर पर किस तरह काम कर रहा है ताकि आगामी चुनाव में ऐसे नेता को ही टिकट मिल सके जो जमीन पर लोगों के बीच रहकर पार्टी को मजबूत कर रहा है।

इस रणनीति को गणेश परिक्रमा रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश साफ तौर पर इस डेटा के आधार पर फील्ड और ऑफिस के अंतर को देखना चाहते है ताकि चुनाव में किसी ऐसे नेता को टिकट ना मिले जो सिर्फ पार्टी के मुखिया के सामने चेहरा चमकाने के लिए ऑफिस में ही घूम रहे हैं। इस सूची के जरिए ऐसे नेताओं की छंटनी कर दी जाएगी तो अपना समय बेवजह के कामों में बिता रहे हैं, जिससे साफ है कि अखिलेश इस बार उम्मीदवारों के चयन को लेकर कोई लापरवाही बरतने के मूड में नहीं हैं। चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी जो सबका साथ से ज्यादा सबके काम और कमिटमेंट के साथ काम कर रहे हैं।


# 6 राज्यों में पूरा हुआ एसआईआर का काम, गुजरात में सबसे अधिक 68 लाख नाम काटे गए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत निर्वाचन आयोग ने देश के छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। शनिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूचियों में अभूतपूर्व बदलाव दर्ज किए गए हैं, जिसके तहत लाखों की संख्या में अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आयोग की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया की शुचिता सुनिश्चित करना और फर्जी या दोहरे मतदान की संभावनाओं को पूरी तरह समाप्त करना है। इस विशेष अभियान के बाद जारी आंकड़े बताते हैं कि मतदाता सूचियों से अपात्र नामों को हटाने के बाद कई राज्यों की कुल मतदाता संख्या में बड़ी कमी आई है।

पुनरीक्षण के इन आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाली गिरावट गुजरात में देखी गई है, जहां निर्वाचन आयोग ने कुल 68,12,711 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए हैं। इस प्रक्रिया से पहले गुजरात में कुल मतदाताओं की संख्या 5,08,43,436 थी, जो अब घटकर 4,40,30,725 रह गई है। यह राज्य की कुल मतदाता संख्या में 13.40 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाता है। गुजरात के बाद मध्य प्रदेश में भी मतदाता सूची में बड़ी शुद्धि की गई है, जहां 34,25,078 नाम हटाए गए। इसके परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 5,74,06,143 से कम होकर अब 5,39,81,065 (-5.97 प्रतिशत) पर आ गई है। इसी तरह राजस्थान में 31,36,286 नाम काटे गए, जिससे वहां मतदाताओं की संख्या 5.46 करोड़ से घटकर 5.15 करोड़ रह गई है।

अन्य राज्यों की बात करें तो छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची 2,12,30,737 से घटकर 1,87,30,914 रह गई है, यहाँ कुल 24,99,823 नामों की कटौती हुई है। दक्षिण भारतीय राज्य केरल में सूची से 8,97,211 नाम हटाए गए हैं, जिसके बाद अब वहां कुल मतदाताओं की संख्या 2,69,53,644 है। गोवा में भी मतदाताओं की संख्या में 1,27,468 की गिरावट दर्ज की गई है। केंद्र शासित प्रदेशों में भी इसी तरह की सक्रियता देखी गई। पुडुचेरी में 77,367, अंडमान और निकोबार में 52,364 जबकि लक्षद्वीप में सबसे कम केवल 206 नामों में बदलाव हुआ है। चुनाव अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ये आंकड़े नेट चेंज को दर्शाते हैं, जिसमें हटाए गए अपात्र नामों में से नए जुड़े पात्र मतदाताओं की संख्या को घटाया गया है। नाम हटाने के प्राथमिक कारणों में मतदाता की मृत्यु, स्थायी स्थानांतरण, एक से अधिक स्थानों पर पंजीकरण और अन्य पात्रता संबंधी मुद्दे शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह अभ्यास 12 राज्यों में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। पहले चरण के सफल समापन के बाद अब सबकी नजरें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु पर टिकी हैं। इन तीन बड़े राज्यों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का डेटा इस महीने के अंत तक जारी होने की संभावना है। आयोग ने इन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को प्रारंभिक तैयारियां तेज



करने के निर्देश दिए हैं। एसआईआर प्रक्रिया का अगला चरण अप्रैल में शुरू होगा, जो मतदाता सत्यापन के देशव्यापी अभियान को आगे बढ़ाएगा। फिलहाल राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, केरल, गोवा और अंडमान-निकोबार के लिए अंतिम मतदाता सूचियां आधिकारिक तौर पर प्रकाशित कर दी गई हैं, जो भविष्य के चुनावों के लिए आधार बनेंगी।

# डिजिटल मार्केटिंग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए बेहतरीन मौका: वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

प्रतिभागियों को लाइव प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे वे सैद्धांतिक समझ के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षता भी विकसित कर सकेंगे। इस अवसर पर - वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल के प्रवक्ता विजय ने कहा डिजिटल क्रांति ने असीमित अवसर प्रदान किए हैं, लेकिन कई योग्य छात्र अभी भी संसाधनों और वहनीयता की कमी के कारण पीछे रह जाते हैं। इस प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के माध्यम से हमारा उद्देश्य वंचित युवाओं को ऐसे व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाना है, जो उनकी रोजगार क्षमता और आय संभावनाओं को तुरंत बढ़ा सके। हमारा दृष्टिकोण आत्मनिर्भर और डिजिटल रूप से दक्ष नागरिक तैयार करना है, जो देश की आर्थिक प्रगति में योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता इसकी वहनीयता है। पात्रता मानदंड (आय प्रमाणपत्र के आधार पर) पूरा करने वाले छात्रों को यह पाठ्यक्रम नि:शुल्क या अत्यंत रियायती शुल्क पर प्रदान किया जाएगा। साथ ही, सामाजिक संगठनों, ष्टस्क्र पहलों और कॉर्पोरेट भागीदारों के सहयोग से छात्रवृत्ति एवं प्रायोजन के अवसर भी विकसित किए जा रहे हैं। पाठ्यक्रम की अवधि चयनित प्रारूप के अनुसार तीन से छह माह के बीच होगी। सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर विद्यार्थियों को वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल द्वारा आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जो उनकी डिजिटल मार्केटिंग दक्षता को मान्यता देगा। यह प्रमाणपत्र डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, सोशल मीडिया मैनेजर, स्श्वह्र विश्लेषक, कंटेंट क्रिएटर और फ्रीलांस कंसल्टेंट जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक होगा। रोजगार के अतिरिक्त, काउंसिल उद्यमिता को भी बढ़ावा देना चाहती है। विद्यार्थियों को अपना ऑनलाइन व्यवसाय शुरू करने, स्थानीय उद्यमों के लिए डिजिटल अभियान संचालित करने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर फ्रीलांस सेवाएँ प्रदान करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल केवल नौकरी खोजने वालों को ही नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वालों को भी तैयार करेगी। यह पहल भारत सरकार की डिजिटल इंडिया और स्किल इंडिया जैसी राष्ट्रीय पहलों के अनुरूप है, जो तकनीक-आधारित विकास और कौशल सशक्तिकरण पर जोर देती हैं। डिजिटल मार्केटिंग में संरचित प्रशिक्षण प्रदान कर वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। डिजिटल मार्केटिंग प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के प्रथम बैच के लिए आवेदन शीघ्र ही प्रारंभ होंगे। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी अपनी शैक्षिक जानकारी और आय प्रमाण प्रस्तुत कर आवेदन कर सकते हैं। चयन पात्रता और पाठ्यक्रम पूर्ण करने की प्रतिबद्धता के आधार पर किया जाएगा। काउंसिल गैर-सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, कॉर्पोरेट घरानों और परोपकारी व्यक्तियों को भी इस पहल में सहयोग हेतु आमंत्रित करती है। साझेदारी के माध्यम से इस कार्यक्रम को विभिन्न शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक विस्तारित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद छात्रों को लाभ मिल सके। वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल वैश्विक व्यापार जागरूकता, कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डिजिटल मार्केटिंग प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के शुभारंभ के साथ वर्ल्ड ट्रेड काउंसिल एक डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर पीढ़ी के निर्माण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठा रही है

# ससुर ने पुत्रवधू को ब्लैकमेल कर की संबंध बनाने की कोशिश, लात मारी तो गुस्से में आकर दी हत्या

**कौमी पत्रिका**

शामली। गांव इस्सोपुर खुरगान में 15 फरवरी की रात को मशकुरा का शव कमरे के अंदर चारपाई पर मिला था। उसके गले पर निशान मिले थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया था। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की, तो महिला की हत्या किया जाना सामने आया।6 एसपी एनपी सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला की हत्या के आरोप में उसके ससुर अब्बास उर्फ बासा और पति सलमान को गिरफ्तार किया गया है। एसपी के मुताबिक पुलिस की जांच और आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि तीन साल पहले मशकुरा की शादी सलमान से हुई थी। शादी के बाद से सलमान पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करता था। घर पर उसकी पत्नी, एक साल का बेटा और पिता अब्बास रहते थे। इसी दौरान मशकुरा के गांव मंडावर निवासी जाबिद से संबंध बन गए थे। अब्बास को इसकी जानकारी हो गई थी। अब्बास ने अपनी पुत्रवधू मशकुरा को जाबिद व उसके संबंधों के बारे में उसके पति व मायके वालों को बताने की धमकी देकर कई बार अनैतिक संबंध बनाने का प्रयास किया था। एसपी के मुताबिक 14 फरवरी की शाम करीब सात बजे जाबिद फिर से अब्बास के घर पर आया था और मशकुरा के पास एक घंटा रहकर चला गया था। जाबिद के जाने के बाद बाद अब्बास ने रात में अपनी पुत्रवधू के साथ अनैतिक संबंध बनाने की कोशिश की, जिसका उसने विरोध करते हुए अपने ससुर को लात मार दी थी। संबंध बनाने में असफल रहने पर अब्बास ने अपने पुत्र सलमान को फोन पर मशकुरा व जाबिद के संबंधों के बारे में बताया। पिता-पुत्र दोनों ने मशकुरा को मारने की योजना बनाई। इसके बाद अब्बास ने मशकुरा की गला दबाकर हत्या कर दी। चारपाई पर शव को लिटाकर ऊपर से कंबल डाल दिया था। अगले दिन सुबह ग्रामीणों को पुत्रवधू की मौत होने की जानकारी दी थी। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि अब्बास महिला के शव का पोस्टमार्टम कराना नहीं चाहता था। उसने बताया था कि मशकुरा की मौत स्वाभाविक हुई है। गले के निशान के बारे में बताया कि सीढ़ियों से गिरने से उसे गले पर चोट लगी है। अब्बास ने मृतका के परिजनों को भी पोस्टमार्टम न कराने के लिए तैयार कर लिया था, हालांकि पुलिस ने मृतका के भाई शाकिर निवासी गांव मलकपुर थाना कांधला की तहरीर पर दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला दबाने से मौत होने का खुलासा होने पर ससुर पुलिस के शक के दायरे में आ गया था। पुलिस की पूछताछ के बाद सच्चाई सामने आई। एसपी के मुताबिक पुलिस पूछताछ में अब्बास ने बताया कि हत्या करने के बाद उसने लाठी में तार बांधकर उसके सहारे अंदर से दरवाजे का कुंडा बंद किया था। सुबह ग्रामीणों को भ्रमित करने के लिए आसपास के लोगों को बुलाकर पहले गेट खुलवाने का प्रयास किया था। जब गेट नहीं खुला तो वैल्डिंग मिस्त्री नाजिम व नौशाद को बुलाया और गेट की जाली कटवाकर कुंडे को अंदर से खुलवाया, ताकि किसी को शक न हो सके। अब्बास ने अपने पुत्र सलमान को हत्या की बात बता दी थी, लेकिन उसने भी घटना को छिपाते हुए पुलिस को जानकारी नहीं दी थी।

## कमेटी डालकर मुनाफा देने का झांसा देकर ठगे थे दो करोड़

नई दिल्ली। निवेश के बाद अच्छा मुनाफा देने का वादा कर दो करोड़ की ठगी करने वाले एक दंपती को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान चंदरदीप उर्फ मास्टरजी और इसकी पहचान सरिता चमोली के रूप में हुई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी चंदरदीप दिल्ली के इंद्रपुरी, पूसा, टोडापुर इलाके में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। यहां उसने स्थानीय लोगों का विश्वास जीता। बाद में उसने लोगों से कमेटी डालकर अच्छे मुनाफे का झांसा दिया। शुरुआत में उसने कुछ लोगों को मुनाफा भी दिया। बाद में मोटी रकम हो जाने पर आरोपी रातों-रात दिल्ली से फरार हो गया। करीब 48 लोगों की शिकायत के बाद 2025 में आर्थिक अपराध शाखा ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

# नकली दवा बनाकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**कौमी पत्रिका**

दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जीवन रक्षक नकली दवा बनाकर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सरगना समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद आलम, मोहम्मद सलीम, परमानंद, मोहम्मद जुवैर, प्रेम शंकर प्रजापति और राजेश मिश्रा के रूप में हुई है। यह रैकेट हरियाणा यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में फैला हुआ है। नकली दवाइओं के निर्माण और पैकेजिंग के कारखाने जींद, हरियाणा और बद्दी, हिमाचल प्रदेश में लगे हुए हैं। इनके कब्जे से जॉनसन एंड जॉनसन, जीएसके जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों की नकली दवाएं भारी मात्रा में बरामद की गई हैं। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त



हर्ष इंदौरा ने बताया शाखा में तैनात इंस्पेक्टर पवन कुमार की टीम को खुफिया जानकारी मिली थी। टीम ने जीएसके और जॉनसन एंड जॉनसन के कानूनी प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ कोर्डिनेशन किया। सूचना के बाद पुलिस टीम ने एचपी सीएनजी पेट्रोल पंप, श्यामनाथ मार्ग, सिविल लाइंस में 30 जुलाई को घेराबंदी की। पुलिस टीम यहां से वैगनआर कार में सवार उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निवासी मोहम्मद आलम और मोहम्मद सलीम कोनकली दवाइयां ले जाते पकड़ा। जॉनसन एंड जॉनसन और जीएसके के प्रतिनिधियों ने पैकेजिंग और स्टैम्पिंग कंपनी के मानकों के अनुरूप नहीं होने की पुष्टि की। प्रयोगशाला परीक्षणों ने भी दवाओं के नकली होने की पुष्टि की। जांच में पता चला कि सिंडिकेट सुसंगठित अंतरराज्यीय नेटवर्क के माध्यम से संचालित होता था। इसमें सोर्सिंग, निर्माण, वितरण और खुदरा व्यापार शामिल था। नकली दवाओं के कारोबार से शुरुआती संपर्क अक्सर फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से शुरू होता था। आरोपी मोहम्मद आलम और मोहम्मद जुवैर को पोस्ट और संदेशों के माध्यम से नकली दवा आपूर्तिकर्ताओं से परिचित कराया गया था। दवाइयां महराजगंज के अरुण, करनाल के कोमल, गोरखपुर के सुमित और अन्य आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त की जाती थीं। इनमें न केवल अल्ट्रासेट और ऑगमेंटिन शामिल थे, बल्कि ज़ीरो डोल एसपी, पैंटॉप डीएसआर, कनकोर्ट इंजेक्शन और भी बहुत दवाइयां शामिल थीं। सरगना राजेश मिश्रा ने दवा निर्माण में अपने पूर्व अनुभव का इस्तेमाल करके जींद में परमानंद द्वारा महालक्ष्मी नाम से संचालित एक गुप्त इकाई के माध्यम से नकली उत्पादन फिर से शुरू किया था। आरोपी भुगतान का लेनदेन मोबाइल वॉलेट और बारकोड से करते थे। बरामद मोबाइल से ऐसे संपर्कों का पता चला जो कोमल जी करनाल, अमित जैन स्किनशाइन दिल्ली, पप्पी भैया जीकेपी) के साथ सेव किए हुए थे। खुदरा वितरण विश्वसनीय मेडिकल स्टोर, झोलाछापों के जरिए सीधे होता था। आरोपी सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए वित्तीय लेनदेन रिश्तेदारों के खातों के माध्यम से करते थे। ये कूरियर और निजी वाहनों का इस्तेमाल करते थे। यूपी के गोरखपुर निवासी राजेश मिश्रा सिंडिकेट का सरगना है। पैकेजिंग सामग्री, डाई की आपूर्ति से लेकर नकली दवाओं के निर्माण तक, पूरे ऑपरेशन का साजिशकर्ता है। मोहम्मद आलम दिल्ली एनसीआर में नकली दवाओं के परिवहन में अहम भूमिका निभाता था। मोहम्मद सलीम मोहम्मद आलम का भाई है। वह ज़ब्त की गई वैगनआर गाड़ी का सह-चालक था और नकली दवाओं के रसद और वितरण में सहायता कर रहा था। मुरादाबाद के मैनाठेर स्थित नौसाना शेखूपुर निवासी मोहम्मद जुवैर आलम और सलीम को नकली दवाइयां सप्लाई करता था। यूपी के देवरिया निवासी प्रेम शंकर प्रजापति प्रमुख मध्यस्थ और ट्रांसपोर्टर के रूप में काम करता था। हरियाणा के जींद निवासी परमानंद कारखाना मालिक था और लक्ष्मी मां नाम से फार्मा चलाता था। जहा नकली अल्ट्रासेट टैबलेट असली दिखने वाली पैकेजिंग और हिमाचल प्रदेश के बद्दी से प्राप्त पन्नी का उपयोग करके बनाई जाती थीं। उसके पास दवा की दुकान का लाइसेंस था, लेकिन इन दवाओं के निर्माण का अधिकार नहीं था।

## स्कॉर्पियो ने पैदल जा रहे 76 वर्षीय बुजुर्ग को कुचला, मौके पर मौत; आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। गाजीपुर इलाके में शनिवार सुबह छह बजे स्कॉर्पियो कार ने पैदल जा रहे 76 साल के बुजुर्ग को कुचल दिया। बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में कर मौके पर मौजूद कार चालक 26 साल के नोएडा यूपी निवासी श्रेय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। मृतक की शिनाख्त पैक करमाई के रूप में हुई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने से हुई मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पूर्वी जिला के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि गाजीपुर थाना पुलिस को शनिवार सुबह छह बजे गाजीपुर गांव के सर्विस रोड पर सड़क हादसे की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां एक एक काली स्कॉर्पियो कार खड़ी थी और फुटपाथ पर एक बुजुर्ग मृत अवस्था में पड़ा था। पुलिस घायल को तुरंत पास के अस्पताल में लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाने इलाके की थी। इसकी सूचना संबंधित थाने को दी गई। मौके पर पहुंची पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को जांच में पता चला कि तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद घसीटते हुए फुटपाथ पर खड़े बुजुर्ग पैदल यात्री को अपनी चपेट में ले ली। मृतक मूलतः पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और गाजीपुर गांव में रहता था। वह गाजीपुर फूल मंडी में काम करता था। घटना के समय वह अपने दो साथियों के साथ काम पर जा रहा था। पुलिस कार में सवार अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

## दंपती का टूटा हनीमून का सपना, यात्रा कंपनी को अदालत की फटकार

नई दिल्ली। नोएडा के एक नवविवाहित जोड़े का यूरोप हनीमून टूर वीजा रिजेक्शन के कारण रद्द हो गया था। अब दिल्ली की जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने उन्हें बड़ी राहत दिलाई है। अदालत ने ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी यात्रा डॉट कॉम को आदेश दिया कि वह दंपती को कुल जमा राशि में से ज्यादातर 2 लाख 86 हजार 716 रुपये ब्याज समेत वापस करे। यह फैसला 6 फरवरी 2026 को सुनाया गया, जो उपभोक्ताओं के लिए एक मजबूत संदेश है कि ट्रैवल कंपनियां वीजा जैसी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकतीं। आयोग की अध्यक्ष पूनम चौधरी और सदस्य शेखर चंद्रा की पीठ ने फैसला सुनाते हुए राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के एक समान मामला का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि वीजा रिजेक्शन उपभोक्ता की गलती नहीं, तो कंपनी पूरा पैसा नहीं रख सकती। पीठ ने माना कि कंपनी वीजा प्रोसेसिंग के लिए कुछ खर्च जैसे 20 हजार रुपये रख सकती है, लेकिन बाकी राशि रखना गलत है। ऐसे में आयोग ने आदेश दिया कि संबंधित पक्ष 2 लाख 86 हजार 716 रुपये की राशि जमा करने की तारीख से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस करें। यदि यह रकम एक महीने के भीतर अदा नहीं की जाती है, तो इसके बाद ब्याज की दर बढ़ाकर 9 प्रतिशत वार्षिक की जाएगी। इसके अलावा, मुकदमे के खर्च के रूप में 10 हजार रुपये अलग से दिए जाएं। हालांकि, कंपनी को वीजा प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में 20 हजार रुपये रखने की अनुमति होगी। मामले में अंकित त्यागी और उनकी पत्नी दीपिका त्यागी ने अप्रैल 2016 में यात्रा डॉट कॉम से फ्लेवर्स ऑफ यूरोप पैकेज बुक किया था। यह 9 दिन-10 रात का हनीमून टूर था, जिसमें स्विट्जरलैंड, इटली समेत कई यूरोपीय देश शामिल थे। दंपति ने कुल 3 लाख 6 हजार 716 रुपये और 10 हजार बुकिंग समेत बाकी कंपनी को दिए। कंपनी ने वीजा अरेंजमेंट का वादा किया था, लेकिन मई 2016 में इटली और फिर स्विट्जरलैंड के दूतावास ने वीजा रिजेक्ट कर दिया। वजह बताई गई कि टूर का उद्देश्य और ठहरने की स्थिति विश्वसनीय नहीं लग रही है।

## विधवा बहू के कमरे से सास-ससुर ने चुराए गहने व नकदी

नई दिल्ली। शाहदरा जिला के गांधी नगर इलाके में 28 साल की एक विधवा महिला ने अपने सास-ससुर पर उसके कमरे से लाखों के गहने व 3.40 लाख रुपये कैश चुराने का आरोप लगाया है। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस ने केस किया है। वारदात कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उसके आधार पर पुलिस ने आरोपी सास-ससुर को हिरासत में लिया है। पीड़िता सिमरन (28) अपने दो बच्चों के अलावा सास-ससुर के साथ पटेल गली, सुभाष रोड, गांधी नगर में रहती है। इसके पति की मौत हो चुकी है। सिमरन कृष्णा नगर की एक क्लीनिक पर काम करती हैं। आरोप है कि 14 फरवरी को वह अपने बच्चों को लेकर चंदर नगर स्थित मायके गई थीं। अगले दिन 15 फरवरी को वह वापस आईं। कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर जाने पर उनको कैश और जेवरात गायब मिले। हालांकि कमरे का ताला ज्यों का त्यों मिला। सिमरन ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बयान लेकर मामला दर्ज किया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर मिटाया सुहाग, बेटी ने देख ली थी मां की अश्लील फिल्म

नई दिल्ली। हरियाणा के गुरुग्राम स्थित उद्योग विहार थाना क्षेत्र में महिला से अवैध संबंधों में पति की हत्या मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। मृतक की पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर विक्रम की हत्या की योजना बनाई थी। जांच व पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने यूट्यूब पर हत्या करने के तरीके देखकर तरीका अपनाया था। हालांकि महिला खुद ही अपने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने पर फंस गई। पुलिस ने इस मामले में विक्रम (मृतक) की पत्नी सोनी देवी और शव दबाने के लिए गड्ढा खोदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्नी की पहचान नवादा (बिहार) के छत्तीहर गांव निवासी सोनी देवी (35 वर्ष) वर्तमान निवासी गुरुग्राम के डूंडाहेडा गांव के रूप में हुई। वहीं, गड्ढा खोदने वाले आरोपी की पहचान मेरठ (उत्तर प्रदेश) के हस्तिनापुर निवासी संतरपाल (60 वर्ष) के रूप में हुई है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी महिला सोनी देवी का आरोपी रविंद्र के साथ करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोपी रविंद्र ने प्रेम प्रसंग के दौरान सोनी देवी के साथ अश्लील वीडियो बनाया हुआ था। सोनी देवी व विक्रम (मृतक) के दो बच्चे, जिसमें एक लड़का व एक लड़की है। लड़की ने खेलते-खेलते एक दिन रविंद्र के मोबाइल में वीडियो देख लिया और अपने पापा विक्रम (मृतक) को बता दिया। यह बात रविंद्र व सोनी देवी को पता चल गई। इसके चलते सोनी ने प्रेमी आरोपी रविंद्र के साथ मिलकर अपने पति (विक्रम) की हत्या करने की योजना बनाई। पुलिस इस मामले में अभी तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी रविंद्र और सोनी देवी ने विक्रम (सोनी के पति) की हत्या करने, हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने और हत्या से बचने के लिए यूट्यूब पर विभिन्न तरीके देखे। दोनों आरोपियों ने विक्रम (सोनी के पति) की हत्या करने की योजना बनाई थी। वहीं, रविंद्र ने अपने कई साथियों को गुरुग्राम बुलाया और उनके साथ मिलकर सोनी देवी के पति विक्रम की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। विक्रम की हत्या की योजना के तहत आरोपी रविंद्र अपने चाचा संतरपाल जोकि मोहम्मदपुर गांव में एविल सोसाइटी के पास गाय-भैंसों के रखरखाव का काम करता है, से मिलने गया। संतरलाल ने रविंद्र को गोद लिया हुआ है। आरोपी रविंद्र ने संतरपाल को बताया कि वह अपने साथियों के साथ विक्रम की हत्या करके शव को लेकर आएगा। उसने संतरलाल को विक्रम के शव को दबाने हेतु गड्ढा खोदने के लिए कहा। रविंद्र के कहे अनुसार संतरपाल ने गड्ढा खोदा और विक्रम की हत्या के बाद उसके शव को गड्ढे में दबा दिया, ताकि शव गल जाए और शव से बदबू न आए। 26 जुलाई को विक्रम की हत्या की पूरी घटना के दौरान उसकी पत्नी सोनी देवी आरोपी रविंद्र के साथ मोबाइल पर कॉल के माध्यम से संपर्क में रही। विक्रम की पत्नी सोनी देवी ने हत्या मामले में पुलिस को गुमराह करने के लिए योजनानुसार 28 जुलाई को अपने पति की गुमशुदा की रिपोर्ट लिखवाई। जबकि महिला को जानकारी थी कि 26 जुलाई को उसके पति की हत्या करके शव को गड्ढे में दबाया जा चुका है। इसके बाद जब सोनी देवी को लगा कि पुलिस विक्रम की हत्या के बारे में पता लगा सकती है तो उसने पुलिस से बचने के लिए अपने प्रेमी आरोपी रविंद्र के खिलाफ दुष्कर्म करने का झूठा मामला दर्ज करा दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि रविवार को महिला आरोपी सोनी देवी और संतरलाल को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने सोनी देवी को जेल भेज दिया है, जबकि पुलिस ने आरोपी संतरलाल को पांच के रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले में पूछताछ कर रही है कि ताकि हत्या में संलिप्त अन्य आरोपी गिरफ्तार किए जा सकें।


**NAME CHANGE**
I, ABDUL TAWWAB S/O Shri Abdul Rehman Resident of House No. C-16, Abhimanyu Gali, Near Babu Ram Chowk, Arjun Mohalla, Moujpur, Delhi-110053 have changed my name ABDUL TAUWAB to ABDUL TAWWAB for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, SIDDHARATH RANA S/O BHAGWAN RANA residing at H NO-1074, SIRASPUR, DELHI-110042 have changed my name to SIDDHARTH RANA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I Kapil Kumar Yadav S/o Dinesh Yadav R/o House No-523 P, Sector-14,Gurgaon,Haryana-122001, Have Changed My Name To Kapil Yadav For All Purpose

**NAME CHANGE**
I, Pradeep Kumar S/o Prem Chand R/o D-754/A, Gali No.1, Ashok Nagar, Shahdara, Delhi-110093 have changed the name of my minor son from Arjun to Arjun Vaidwan.

**NAME CHANGE**
I, Anupama D/o Pradeep Kumar R/o D-754/A, Gali No.1, Ashok Nagar, Shahdara, Delhi-110093 have changed my name to Anupama Chaudhary.

**NAME CHANGE**
I, VINOD KUMAR S/O UDAY SINGH residing at FLAT NO-G-3/8, NEAR DDA WATER TANK, SECTOR-4, ROHINI, DELHI-110085 have changed my name to VINOD KUMAR KUSHWAHA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I Manoj Ram S/o Ram Bilash Ram R/o Flat No-6, Tower-8,Hamelia Street,IRIS,Vatika City, Sector-49, Gurgaon, Haryana-122018, Have Changed My Name To Manoj Kumar For All Purpose

**NAME CHANGE**
I Taran Preet Singh Kochhar S/o Manpreet Singh Kochhar R/o 10C/80 SFS Flats Green View Appartment Mayapuri Road Hari Nagar West Delhi-110064 Have Change My Given Name Taranpreet Singh and Surname Kochhar for all purpose.

**NAME CHANGE**
I, DEEPAK KUMAR VERMA S/O PARTAP SINGH resident of H.No.16, Tara Nagar Main Kakrola Road, Kakrola, South West Delhi, Delhi-110078 have changed the name of my minor daughter SHREYA ALIAS SHREYA VERMA aged 13 years, and she shall hereafter be known as SHREYA VERMA.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SAMEERA SINGH D/O SUDHIR KUMAR SINGH residing at Flat No.E-1058, River Heights, Raj Nagar, Extension, Tower-15, Ghaziabad, U.P.-201001, have changed my name and shall hereafter be known as SAMEERA SINGH AMETHIA.

**NAME CHANGE**
I, Sushma D/O Shambu Prasad Dharmana W/O Vinod Kumar R/O B-6 Police Colony Mandir Marg New Delhi 110001 Have changed my name to Sushma Badola for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I Swaran Kaur Sawhney W/o Prith Pal Singh R/o 10C/80 SFS Flats Green View Appartment Mayapuri Road Hari Nagar West Delhi-110064 Have Changed My Name to Swaran Kaur for all purpose.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Rahul Vishwakarma S/o H.P. Vishvakarma R/o J-4, Ground Floor Gandhi Market, Mir Dard Road, Minto Road, Indraprastha, Central Delhi, Delhi-110002 declare that name of mine has been wrongly written as Rahul Kumar Vishvakarma in my minor daughter namely Anika Vishvakarma aged 5 years in his School Records. The actual name of mine is Rahul Vishwakarma.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that 1 INDU CHAUHAN W/O NARENDER SINGH CHAUHAN R/O N-129/1, T-HUTS, KHILONA BAGH DIST NORTH WEST DELHI-110009 declare that name of mine has been wrongly written as INDU KANWAR in my minor son namely HARSH VARDHAN SINGH CHAUHAN aged 13 years in his school record and birth certificate No. MCDOLIR - 2211-005020356. The actual name of mine is INDU CHAUHAN which may be amended accordingly

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that CHANDER VEER S/O RAM JI LAL R/O Q-157 Vikas Vihar Uttam Nagar West Delhi Delhi-110059 declare that name of mine has been wrongly written as CHANDER PAL in my minor daughter namely KIRTI aged 15 years in her birth certificate No.MCDOLIR-0110-004425168. The actual name of mine is CHANDER VEER which may be amended accordingly

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, BALJEET SINGH S/o GURCHARAN SINGH R/o 12/32, Geeta Colony, East Delhi-110031 declare that name of mine, my wife and my minor daughter has been wrongly written as BALJEET SINGH CHUGH, GURPREET KAUR CHUGH, JASLEEN KAUR CHUGH in my minor daughter JASLEEN KAUR aged 16 years in her 10th class Educational Documents. The actual name of mine, my wife and my minor daughter are BALJEET SINGH, GURPREET KAUR and JASLEEN KAUR respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, MOGHAL FATHIMA BAIG Wife of JC-335017L Rank-NB/SUB Name-MOGHAL MOHAMMAD BAIG Presently residing at 9-5-5, ANDHRA RATNA NAGAR, PERALA HIGH SCHOOL, PERALA, CHIRALA PRAKASAM DISTRICT, ANDHRA PRADESH-523157, have changed my name from MOGHAL FATHIMA BAIG to FATHIMA SHAIK for all future purposes vide Affidavit dated 16/07/2025 before First Class Magistrate, Shillong, Meghalaya.

**NAME CHANGE**
I Jugal Kishor S/o Lila Dhar R/o H.No-196 S/F, Kh.No-619/21, Chattar Pur, South Delhi, Delhi-110074 have changed the name of my minor daughter namely Krishna Devi aged 16 years and she shall hereafter be known as Priya.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Farman S/o Akeel Ahmed R/o B 272/27, Gali No 4, Subhash Mohalla North Ghonda, Garhi Mendu, Bhajan Pura, North East, Delhi-110053 have changed my name and shall hereafter be known as Farman Ahmed.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Atif S/o Manzoor Khan R/o 1/99-C, 4F/F, Gali No-5, Guru Harkrishan School Wali Gali, Kabir Nagar, Gokal Pur, North East Delhi, Delhi-110094 have changed my name and shall hereafter be known as Atif Khan.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Aakash S/o Makan Singh Rawat R/o 2087/5, Gali No.20, Prem Nagar Patel Nagar, Patel Nagar S.O, Central Delhi, Delhi-110008 have changed my name and shall hereafter be known as Akash Rawat.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Sanam Kumari W/o Samarjeet Gupta R/o E-400-D, Block-E, Ashok Nagar, Vasundhra Enclave, East Delhi, Delhi, Delhi-110096 have changed my name and shall hereafter be known as Sonam Sav.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Laxman Yadav alias Bhavikshan Yadav S/O Bechan Yadav R/O Gram Debra, Post Bela, Thana Babubarhi, Ward No-02, Bela, PO Bela, Dist Madhubani, Bihar-847224 have changed my name and shall hereafter be known as Bhavikshna Yadav.

**NAME CHANGE**
I Tajinder Kaur W/o Jaspreet Singh Baweja R/o 52/43 Ramjas Road Karol Bagh Delhi -110005 Have Changed My Name To Tajinder Kaur Baweja For All Purpose.

**NAME CHANGE**
I, Sansare Amrut Narayan father of No.4580889H Rank-Hav Name Sansare Ravindra Amrut residing at Vill. Deolali Pravara, Tehsil - Rahuri, District.Ahilyanagar, Maharashtra - 413716 have changed my name from Sansare Amrut Narayan to Amrut Narayan Sansare vide affidavit dated 15.07.2025 executed before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NO-17007475L Rank-NK Name-JITENDRA GANGWAR S/O LATE NIRANJAN LAL GANGWAR R/O WARD NO-11, MOHALLA GYASPUR, NEAR BANGALI BABA MANDIR, BILASPUR, PILIBHIT, UTTAR PRADESH-262201 have changed my minor son's name from DAKSH GANGWAR to YASH GANGWAR for all future purposes vide Affidavit Dated 05/09/2023 before Notary Public, Delhi.



**NAME CHANGE**
I, NO-17007475L Rank-NK Name-JITENDRA GANGWAR S/O LATE NIRANJAN LAL GANGWAR R/O WARD NO-11, MOHALLA GYASPUR, NEAR BANGALI BABA MANDIR, BILASPUR, PILIBHIT, UTTAR PRADESH-262201 have changed my minor son's name from DAKSH GANGWAR to YASH GANGWAR for all future purposes vide Affidavit Dated 05/09/2023 before Notary Public, Delhi.



**NAME CHANGE**
I, ANITA BANSAL W/O PAWAN BANSAL residing at B-504, MAYURDHWAJ APARTMENT, I.P EXTN. EAST DELHI-110092 have Change my name to ANITA RANI BANSAL for all future purpose.

**PUBLIC NOTICE**
I Jyoti pal W/O Sunil Kumar R/O WZ-125, Village Begumpur, North West Delhi , -110086.declare that name of mine has been wrongly written as Jyoti in my minor Daughter Yashika aged 14 years in her school cords and birth certificate no MCDOLR09368299 .The actual my name is Jyoti Pal.

**NAME CHANGE**
I, PUNNAM DEVI Wife of No-14913053K Rank-HAV Name-NARENDER SINGH R/O C-7, LAXMI GARDEN, NAJAFGARH, NEW DELHI-110043 have changed my name from PUNNAM DEVI to POONAM DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 30/09/2023 before Executive Magistrate, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, NEETAS DEVI Wife of No-3204848W Rank-HAV Name-DHARMENDRA SINGH R/O VILL-BISHUNDAS, PO-MURSAN, DISTT-HATHRAS, U.P-204213 have changed my name from NEETAS DEVI to NITESH DEVI for all future purposes vide Affidavit Dated 30/09/2023 before Notary Public, Delhi.



**NAME CHANGE**
I, VINOD KUMAR S/O UDAY SINGH residing at FLAT NO-G-3/8, NEAR DDA WATER TANK, SECTOR-4, ROHINI, DELHI-110085 have changed my name to VINOD KUMAR KUSHWAHA for all future purpose.



**NAME CHANGE**
I, SANTOSH KUMAR S/O VISHVA NATH PRASAD residing at PLOT NO-58&59, FLAT NO-B-2, STREET NO-5, HAVENS GARDEN MATIALA, DELHI-110059 have changed my name to SANTOSH KUMAR GUPTA for all future purposes

**NAME CHANGE**
I, Anil Balakrishna Panicker s/o Angakattil Narayan Balakrishna Panicker R/o A-6/334-A, Janta Flats, Paschim Vihar, Delhi-110063, have changed my name to Anil Bala Panicker permanently.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, NIDHI AGGARWAL YADAV D/o VIRENDER KUMAR AGGARWAL, and Ex. Wife of AMIT YADAV, R/o H.No E-12, Hauz Khas, South West Delhi-110016, declare that I got divorce from my Ex. Husband AMIT YADAV vide Court Decree HMA No. 603/2019 dated 30 - 04-2019, further I have changed my name and shall hereafter be known as NIDHI AGGARWAL. I also have changed the name of my minor Son namely AAYAN YADAV, aged 16 years and my minor daughter namely ARSHIYA YADAV, aged 13 years and they shall hereafter be known as AAYAN AGGARWAL and ARSHIYA AGGARWAL respectively, which may be amended accordingly.



**NAME CHANGE**
I Taran Preet Singh Kochhar S/o Manpreet Singh Kochhar R/o 10C/80 SFS Flats Green View Appartment Mayapuri Road Hari Nagar West Delhi-110064 Have Change My Given Name Taranpreet Singh and Surname Kochhar for all purpose.



**NAME CHANGE**
I, S VANITHA W/o No. 14838283N Rank-HAV/MT Name-RAMESH P R/o VILL-SEDRAMPUTTU, PO-SEDRAMPUTTU, TEH-POLUR, DIST-THRUVANNAMALAI, TAMIL NADU-632315, have changed my name from S VANITHA to VANITHA R for all future purposes vide Affidavit dated 15/07/2025 before Notary Public, Kupwara.



**NAME CHANGE**
I, NO-17007475L Rank-NK Name-JITENDRA GANGWAR S/O LATE NIRANJAN LAL GANGWAR R/O WARD NO-11, MOHALLA GYASPUR, NEAR BANGALI BABA MANDIR, BILASPUR, PILIBHIT, UTTAR PRADESH-262201 have changed my minor son's name from DAKSH GANGWAR to YASH GANGWAR for all future purposes vide Affidavit Dated 05/09/2023 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, BALJEET SINGH S/o GURCHARAN SINGH R/o 12/32, Geeta Colony, East Delhi-110031 declare that name of mine, my wife and my minor daughter has been wrongly written as BALJEET SINGH CHUGH, GURPREET KAUR CHUGH, JASLEEN KAUR CHUGH in my minor daughter JASLEEN KAUR aged 16 years in her 10th class Educational Documents. The actual name of mine, my wife and my minor daughter are BALJEET SINGH, GURPREET KAUR and JASLEEN KAUR respectively, which may be amended accordingly.



**NAME CHANGE**
I, Kulsum w/o Rozuddin R/o B-17, Gali No.3A, Near Mohalla Dilshad Masjid, Old Mustafabad, Delhi-110094, have changed my name to Kulsoom for all future purposes.



**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई व हंगामा करने पर दो किन्नर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत के थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई, सरकारी कार्य में बाधा डालने व हंगामा करने के मामले में पुलिस ने दो किन्नर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान भालसी निवासी रवि व किन्नर आशु व किन्नर दीपा के रूप में हुई है। थाना सेक्टर 29 में तैनात एएसआई कृष्ण ने शनिवार को बताया था कि 19 फरवरी देर रात फोन पर सूचना मिली थी कि रोहतक बाइपास पर मतलौडा निवासी रवि से पैसे छीनने की वारदात हुई है। ईआरवी पर तैनात स्टाफ परिवादी रवि को थाना में लेकर आया। जिनके साथ आशु किन्नर व दीपा किन्नर भी आई थी। उसने परिवादी रवि को कागज व पैन देकर उसके साथ हुई घटना की शिकायत लिखकर देने के लिए कहा। इसी बीच दोनों किन्नरों ने थाने में हंगामा शुरू कर दिया और गमलों व कुर्सी को उठाकर जमीन पर पटकर तोड़ दिया। मेज पर चढ़कर कपड़े उतारकर नग्न प्रदर्शन शुरू कर दिया। ईएचसी विजय ने रोकने की कोशिश की तो तीनों ने मिलकर विजय के साथ हाथापाई शुरू कर दी और उसकी वर्दी का सोल्डर का व उपर का बटन तोड़ दिया। थाने में तैनात अन्य पुलिसकर्मियों ने ईएचसी विजय को छुड़ाया। दोनों किन्नरों के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## राज्य स्तरीय ऑनलाइन पीपीटी प्रतियोगिता में रोहतक का अमन रहा प्रथम

**झज्जर।** विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ द्वारा डिजिटल युग में सामाजिक न्याय की प्रासंगिकता विषय पर राज्य स्तर की ऑनलाइन पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक न्याय, समान अवसर, समावेशी शिक्षा व मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करना रहा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का परिणाम शनिवार दोपहर बाद जारी किया गया। पहला स्थान रोहतक के अमन ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने अपने शोधपरक व नवोन्मेषी विचारों के माध्यम से सामाजिक असमानता, लैंगिक न्याय, डिजिटल विभाजन, शिक्षा में समावेशन और संवैधानिक मूल्यों जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल द्वारा पीपीटी की विषयवस्तु, मौलिकता, पीपीटी की गुणवत्ता व तर्कसंगतता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रथम पुरस्कार गौड़ ब्राह्मण कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन रोहतक के अमन व नेहा को, द्वितीय पुरस्कार वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की ज्योति गोयल ने और तृतीय पुरस्कार सैनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ गर्ल्स रोहतक के मनु भुक्कल व ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट नारनौल के नितेश शर्मा को मिला। जबकि सांत्वना पुरस्कार जीसस एंड मेरी कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी की हंसिका व नेहा गुप्ता और एमडीयू रोहतक की नेहा गुप्ता को दिया गया।

## गूमड़ में फिट इंडिया ग्राम उत्सव से नशामुक्ति संदेश दिया

**सोनीपत।** सोनीपत जिले की गन्नौर तहसील के गांव गूमड़ स्थित खेल स्टेडियम में फिट इंडिया ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। सोनीपत पुलिस और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच देना, युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना और नशामुक्त समाज का संदेश फैलाना रहा। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के आदेश पर पूर्वी जोन की पुलिस उपायुक्त प्रवीना पी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्सव की शुरुआत योग और साइकिल दौड़ से हुई, जिसके बाद विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 400 मीटर दौड़ बालक और बालिका वर्ग के लिए तथा 100 मीटर दौड़ 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए आयोजित हुई। सर्किट बाधा दौड़ में प्रतिभागियों ने दमखम दिखाया। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए मटका दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, तीन टांग दौड़ और गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता ने माहौल को रोचक बनाया। वॉलीबॉल और रस्साकशी मुकाबलों में टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। उत्सव में सामाजिक संदेश को भी प्रमुखता दी गई। नशा छोड़ो, फिटनेस जोड़ो विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। अंत में प्रतिभागियों और ग्रामीणों ने स्वस्थ जीवन अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ ली।

## कलश यात्रा संग रामकथा, नवचंडी महायज्ञ शुभारंभ

**सोनीपत।** सोनीपत में ठाकुरद्वारा पंचायती मंदिर, बड़ा बाजार से सात दिवसीय रामकथा और नवचंडी महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह महिला श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ मंदिर से कलश यात्रा निकाली, जो पुराने शहर के मार्गों से होती हुई देवी जी चिटाने वाले माता मंदिर स्थित कथा स्थल पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि राम का जीवन प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। धर्म के मार्ग पर चलते समय कई बार निजी संबंधों और सामाजिक दबावों के कारण कठिन परिस्थितियां आती हैं, लेकिन ईमानदारी से दायित्व निभाना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति भी कर्तव्य होते हैं। धर्म के अनुरूप निर्णय लेने से ही व्यवस्था सुदृढ़ रहती है। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि राम मंदिर निर्माण का मार्ग संतों के संकल्प से प्रशस्त हुआ है।

# पंजाब में नशे व अपराध पर सख्त प्रहार करेगी भाजपा : नायब सिंह सैनी

### पंजाब विवि के छात्र नेता समेत सैकड़ों युवा भाजपा में शामिल

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वहां नशे की समस्या गंभीर रूप से बढ़ी है, जिसका दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ा है। युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखना समय की मांग है।मुख्यमंत्री चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय में पंजाब विश्वविद्यालय में हिंदुस्तान स्टूडेंट यूनियन के प्रधान कुलदीप चौधरी ने पार्टी जॉइन की है। उनके साथ कुल 125 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली।



उन्होंने बताया कि नशे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ाने के लिए हरियाणा में साइक्लोथॉन और मैराथन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में युवा भाग ले रहे हैं। अवैध नशा कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है और उनकी संपत्तियां भी अटैच की जा रही हैं।

पंजाब में बढ़ते अपराधों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ कर शांति, सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने वादों को पूरा करने में विफल रही है और जनता अपेक्षित परिणाम नहीं देख पा रही है। नायब सैनी ने कहा कि यहां की सरकार काम नहीं करना चाहती। जो काम करना चाहते हैं, उन्हें रोका जा रहा है। मेरा कल भी पंजाब में कार्यक्रम था और आज भी है। मैं आम आदमी पार्टी से बस यही कहना चाहता हूं कि काम करो, दूसरों को काम करने से मत रोको।

## युवा राष्ट्र निर्माण के वाहक और वैश्विक मंच पर भारत के रोल मॉडलः सतीश कुमार

एजेंसी

**सिरसा।** स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संगठक सतीश कुमार ने कहा कि भारत की युवा जनसंख्या देश की सबसे बड़ी ताकत है। भारतीय युवा राष्ट्र निर्माण के वाहक और वैश्विक मंच पर भारत के रोल मॉडल हैं। सतीश कुमार सिरसा के चौ. देवीलाल विश्वद्यिालय में आयोजित स्वदेशी संकल्पना-आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उन्होंने स्वदेशी के विविध आयामों-विज्ञान एवं तकनीक में आत्मनिर्भरता, सुदृढ़ अर्थव्यवस्था, पर्यावरण-संवेदनशील विकास और वैश्विक दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी बताया कि नई दिल्ली में आयोजित एआई मेले में देश-विदेश की शीर्ष तकनीकी कंपनियों और विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी भारत की तकनीकी क्षमता का प्रमाण है। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने उच्च शिक्षा में चरित्र, सृजनात्मकता और दक्षता की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चरित्र से आशय नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति से है, जो विद्यार्थियों को संवेदनशील नागरिक बनाता है। सृजनात्मकता नवाचार, शोध और समस्या-समाधान की क्षमता को विकसित करती है, जिससे विद्यार्थी बदलते वैश्विक परिदृश्यों में नए समाधान प्रस्तुत कर सकें। वहीं दक्षता ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक प्रशिक्षण का समन्वय है, जो विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख और प्रतिस्पर्धी बनाता है।

उन्होंने बताया कि सीडीएलयू इन तीनों स्तंभों पर आधारित शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कुलपति ने कहा की तीन करोड़ रुपये से अधिक की लागत के साथ सीडीएलयू में इन्क्यूबेशन सेंटर विकसित किया जा रहा है, जो इस जिले के उधमियों और किसानों के लिए वरदान साबित होगा।

## मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में बड़ौली ने प्रदेश की सुख-समृद्धि मांगी

एजेंसी

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने परिवार सहित आंध्र प्रदेश स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। उन्होंने भगवान शिव से प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति और उन्नति की प्रार्थना की। मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख स्थान रखता है। यह तीर्थ आंध्र प्रदेश के श्रीशैल पर्वत पर स्थित है और शिव-शक्ति की आराधना का महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यहां दर्शन करने से भक्तों को आध्यात्मिक शक्ति, मनोकामना सिद्धि और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह स्थान शिव और माता पार्वती के दिव्य निवास से जुड़ा है, इसलिए इसे विशेष आस्था का केंद्र माना जाता है। दर्शन के उपरांत बड़ौली ने कहा कि ज्योतिर्लिंग की महिमा अनंत है और



यहां आकर आत्मिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सेवा ऐसी हो कि उसका लाभ आखिरी पंक्ति में खड़े हर गरीब तक पहुंचेः मनोहर लाल

एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत में दशहरा कमेटी सनौली रोड एवं सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सैक्टर 25 स्थित श्री रघुनाथ धाम में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने लैब एवं डायग्नोस्टिक सैंटर का उद्घाटन किया गया। जहां रियायती दरों पर जरूरतमंदों मरीजों के विभिन्न प्रकार के टेस्ट होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दशहरा कमेटी सनौली रोड की सेवाओं में आज एक नया प्रकल्प क्लीनिक लैब एवं डायग्नोस्टिक सैंटर का जोड़ा गया है जिससे क्षेत्र के गरीब लोगों की भरपूर मदद हो सकेगी। उन्होंने कहा जहां वर्तमान में निजी हस्पतालों में इलाज महंगा होता जा रहा है यहां कम से कम लैब टैस्ट में नाममात्र फीस पर जरूरतमंद लोगों के लिए राहत की बात होगी। उन्होंने कहा कि आज के समय की मांग है सेवा ऐसी हो कि



आप जो भी दे सकते हैं उसका दायरा बढ़ाते हुए उसे आखिरी पंक्ति में खड़े गरीब तक ले जायें जिससे हमारा मानव जीवन सफल उन्होंने बताया कि दशहरा कमेटी की तरह मानव कल्याण करने वाली संस्थाएं हर शहर में होनी चाहिए ताकि दूसरों को भी प्रेरणा मिल सके। सरबत दा भला के एस.पी. सिंह ओबराय ने कहा कि उनके जीवन का उद्देश्य है कि इलाज से कोई वंचित न रहे। अपनी कमाई का 98 प्रतिशत दान करने वाले एसपी सिंह ने कहा कि उनके द्वारा अभी तक लगभग 350 डायग्नोस्टिक सैंटर खोले जा चुके हैं जहां लाखों लोग उचित दर पर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठा रहे हैं। दशहरा कमेटी के प्रधान रमेश माटा ने कहा कि दशहरा कमेटी सनौली रोड का प्रयास रहा है कि दशहरा पर्व मनाने से शुरू हुई संस्था को मानव कल्याण के कार्यों से जोड़ते हुए इसे और सामाजिक संदर्भों में सार्थक किया जाए। संस्था के सभी सदस्य तन मन धन से इस नए प्रकल्प क्लीनिक लैब एवं डायग्नोस्टिक सैंटर से जुड़े हैं जिससे न केवल क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा बल्कि स्वास्थ्य पर होने वाले भारी भरकम लैब टैस्ट के खर्चों से राहत मिलेगी। सरबत दा भला पानीपत के अध्यक्ष हरविन्द्र सिंह ने बताया कि खून व पेशाब की जांच दरें बहुत कम है जैसे कि एच बी टैस्ट 10 रूपये, टायफाईड टैस्ट 50 रूपये, यूरिन टैस्ट 20 रूपये, ईसीजी 20 रूपये, सीबीसी 50 रूपये हैं।

# 'पंजाब बचाओ' रैली में नायब सिंह सैनी का आह्वान, विकास, सुरक्षा और सुशासन का समय

एजेंसी

**अमृतसर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृतसर में 'पंजाब बचाओ रैली' को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यह पावन भूमि है जहां से श्री हरमंदिर साहिब का 'सरबत दा भला' संदेश और जलियांवाला बाग के बलिदान विश्व को प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी महान और पवित्र धरती पर 'पंजाब बचाओ' का नारा लगाना पीड़ा भी देता है और संकल्प को मजबूत भी करता है। उन्होंने कहा कि आज आत्ममंथन की आवश्यकता है क्या पंजाब का नौजवान सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरे भविष्य की ओर बढ़ रहा है, या नशे और निराशा के अंधकार में धकेला जा रहा है। क्या किसान संतोष की सांस ले पा रहा है या कर्ज और अनिश्चित नीतियों के बोझ तले दबा है। क्या व्यापारी निडर होकर व्यापार कर रहा है या फिरौती और असुरक्षा के साये में जी रहा है।



मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों तक कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार और ढीली प्रशासनिक व्यवस्था ने पंजाब को कमजोर किया। नशे की समस्या गांव-गांव तक पहुंची, पर कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रही। किसानों से कर्ज माफी और युवाओं को रोजगार के वादे किए गए, लेकिन धरातल पर अपेक्षित परिणाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने के बाद भी लोगों की अपेक्षाएं पूरी नहीं हुईं। चार वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद नशा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ, न ही युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर मिले। मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार से श्वेत पत्र जारी कर यह बताने की मांग की कि पिछले वर्षों में कितने युवाओं को स्थायी रोजगार दिया गया और नशा तस्करी पर क्या ठोस कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में 24 फसलों पर एमएसपी दी जा रही है। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये की सहायता के लिए बजट में 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में जहां 1139 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में दिए गए, वहीं भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 15 हजार 500 करोड़ रुपये किसानों को प्रदान किए। हरियाणा मे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के रूप में 3200 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। जबकि पंजाब मे आम आदमी पार्टी की सरकार ने 1500 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने की बात कही जोकि आज तक पूरी नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पंजाब की जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा के लिए भाजपा को अवसर दे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में पंजाब की निर्णायक भूमिका होगी।

## हरियाणा में कोर्फबाल एसोसिएशन का गठन, उचाना के विधायक बने चेयरमैन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा ओलंपिक एसोसिशन के अंतर्गत हरियाणा कोर्फबाल एसोसिएशन का गठन किया गया है। प्रदेश में कोर्फबाल खेलों को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई इस एसोसिएशन के अध्यक्ष की जिम्मेदारी उचाना कलां से भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री को सौंपी है। जेल विभाग के आईजी संजय सिंह को एसोसिएशन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया है। इसी तरह से अंकित श्योराण और सतगुर सिंह उपाध्यक्ष होंगे।प्रवीन कुमार को एसोसिएशन का सचित तथा छपार (चरखी दादरी) के पूर्व सरपंच रविंद्र सांगवान और प्रदीप कुमार को संयुक्त सचिव का जिम्मा सौंपा है। नितेश इस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष होंगे। इसी तरह से नाथूराम, हरप्रीत सिंह, संदीप पूनिया, महावीर सिंह, पूजा रानी और पूजा को एसोसएिशन की कार्यकारी सदस्य बनाया है। एसोसिएशन में नमित एथलेटिक्स कमीशन के चेयरमैन होंगे। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र सिंह 'मीनू बेनीवाल' के प्रयासों से लंबे समय के बाद कोर्फबाल एसोसिएशन का गठन संभव हो पाया है। चरखी दादरी से भाजपा विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने कहा कि कोर्फबाल की नई टीम अपने अनुभव, समर्पण और सकारात्मक नेतृत्व से हरियाणा में कोर्फबॉल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने इसके लिए एचओए के अध्यक्ष कैप्टन मीनू बेनीवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं प्रयासों से योग्य नेतृत्व को यह अवसर प्राप्त हुआ है। सुनील सांगवान ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में खेलों के प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# जनहितैषी बजट से हर वर्ग को मिलेगा लाभः डा. अरविंद शर्मा

एजेंसी

**सोनीपत।** प्रदेश सरकार का आगामी बजट आमजन हितों को समर्पित होगा और हर वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया जाने वाला बजट अंत्योदय की भावना पर आधारित होगा, जिसका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

डॉ. शर्मा गोहाना विधानसभा के गांव रोलद लतीफपुर, दोदवा, जौली और खेड़ी दमकन में सामाजिक कार्यक्रमों में पहुंचे तथा कार्यकर्ताओं के घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, मजदूर, युवा, महिला, व्यापारी और कर्मचारी सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने, युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर बढ़ाने, महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु योजनाओं का विस्तार करने तथा आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता



आंदोलन को नई ऊर्जा देने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी के सिद्धांतों पर कार्य कर रही है, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक सीधे पहुंचे। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान मंत्री ने विकास कार्यों की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांवों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। सड़कों के सुदृढ़ीकरण, पेयजल व्यवस्था, शिक्षण संस्थानों के विस्तार, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर किया जोरदार प्रदर्शन

एजेंसी

**पानीपत।** दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान विदेशी मेहमानों के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। युवा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी के पुतले का दहन किया और स्पष्ट संदेश दिया कि देश की गरिमा से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित पंडित ने कहा कि जब पूरा विश्व भारत की तकनीकी ताकत, डिजिटल क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक नेतृत्व क्षमता की सराहना कर रहा है, तब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास घोर निंदनीय है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन अपनी धरती पर विदेशी मेहमानों के सामने देश की छवि खराब करना राष्ट्रहित के खिलाफ है। आज का भारत आत्मनिर्भरता, नवाचार और तकनीकी शक्ति के दम पर विश्व मंच पर नई पहचान बना रहा है। ऐसे समय में देश को कमजोर दिखाने की कोशिश करने वालों को युवा मोर्चा करारा जवाब देता रहेगा। युवा नेता राहुल विज ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा विरोध और भ्रम फैलाने पर आधारित रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कई बार पार्टी हित को देशहित से



ऊपर रखा है। उन्होंने दो टूक कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन राष्ट्र की प्रतिष्ठा सर्वोपरि है। इस मौके पर वार्ड पार्षद कमल अरोड़ा, जिला महामंत्री पमी लाकड़ा, संजय सैनी , देवांश, अक्षय बठला, आकाश राठौर, सुनील कपूर, जतिन राणा, मोहित शर्मा, मनीष बेनीवाल, परमजीत सहित सेकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जीवन का लक्ष्य दूसरों के जीवन में खुशी का होः चिराग पासवान

एजेंसी

**गुरुग्राम।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि डॉक्टर धरती पर भगवान का रूप हैं। डॉक्टर्स पर लोग आंख बंद करके विश्वास करते हैं। भगवान ने डॉक्टर्स को विशेष शक्तियां दी हैं। कोविड के समय में डॉक्टर्स की भूमिका बहुत विशेष रही है। डॉक्टर्स ने स्वयं का ध्यान न रखकर भी दूसरों की सेवा में अपना सारा समय दिया। चिराग पासवान ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा आयोजित 52वें राष्ट्रीय माइंड बॉडी मेडिसिन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बोहड़ाकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर के दादी प्रकाशमणी सभागार में उन्होंने कहा कि जिस भावना के साथ डॉक्टर्स कार्य करते हैं अगर उसका कुछ प्रतिशत समाज में आ जाए तो जीवन सरल हो जाए। जीवन का लक्ष्य किसी पद पर पहुंचना नहीं, बल्कि जीवन का असली लक्ष्य दूसरों के जीवन में खुशियां और सकारात्मकता लाना होना चाहिए। मंत्री पासवान ने कहा कि समाज में महिलाओं का अहम योगदान है। नारी सृष्टि की जननी है। ये कहना बेमानी है कि महिलाओं को सशक्त करने की जरूरत है। महिलाओं को भगवान ने



सशक्त करके भेजा है। केयरिंग, कंपैशन एंड कम्युनिकेशन विषय पर उन्होंने कहा कि जब आत्मा का परमात्मा से संबंध स्थापित हो जाता है तो शब्दों का महत्व कम हो जाता है। परमात्मा एक ऐसा बिंदु है जिस तक पहुंचने का सभी प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आने पर उन्हें जो अनुभव हुआ उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है।चिराग पासवान ने आगे कहा कि जीवन में संयम जरूरी है। मनुष्य आशावादी दृष्टिकोण से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में भी बहुत सी परिस्थितियां आई। लेकिन हर समय उन्होंने संयम रखा। जीवन में बहुत से भटकाव आते हैं लेकिन सकारात्मक ऊर्जा व्यक्ति को सही मार्ग पर ले जाती है। जो व्यक्ति मन से शक्तिशाली है वो कई बीमारियों से मुक्त रहता है। सकारात्मक अभिव्यक्ति से हम बहुत कुछ कर सकते हैं।

# नशे के खिलाफ पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक, नशा कारोबार से जुड़े लोगों के घरों पर दी दबिश

एजेंसी

**जींद।** उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा ने कहा कि जींद पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाए हुए है। इसी अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। करीब 400 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीमों द्वारा पांच चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों गांव लोहचब, गांव आफताबगढ़, डेरा सच्चा सिंह, संडिल तथा शहर नरवाना की चमेला कॉलोनी में एक साथ सघन तलाशी अभियान चलाया गया।उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एसपी कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में ऑपरेशन आक्रमण के तहत नशा कारोबार से जुड़े लोगों के घरों पर दबिश दी गई और सर्च अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डीएसपी कमलदीप राणा, डीएसपी उचाना संजय कुमार व डीएसपी सफीदों गौरव शर्मा द्वारा किया गया। नरवाना क्षेत्र में चमेला कॉलोनी में यह अभियान डीएसपी नरवाना के नेतृत्व में, थाना सदर नरवाना एवं थाना गढ़ी, सीआईए नरवाना की टीमों द्वारा चलाया गया। सफीदों क्षेत्र में डीएसपी सफीदों के नेतृत्व में एसएचओ सदर सफीदों राजेश शर्मा सहित चार विशेष टीमों का गठन कर तथा थाना प्रभारी अलेवा द्वारा योजनाबद्ध तरीके से तलाशी अभियान संचालित किया गया। अभियान में डॉग स्क्वाड, बिजली विभाग तथा आमजन का सक्रिय सहयोग लिया गया। चमेला कॉलोनी नरवाना में बिजली विभाग द्वारा 10 चालान किए गए। जिनमें लगभग तीन लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। तलाशी के दौरान दो लैपटॉप, एक कार तथा छह मोटरसाइकिल्स पाई गई। जिन्हें नियमानुसार कब्जे में लिया गया। डीएसपी कमलदीप ने नशा तस्करों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नशा तस्करों द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति एवं अवैध निर्माणों की भी गहन जांच की गई है। जिसकी अलग से कार्यवाही जारी है।

# बीयर उद्योग उत्तर प्रदेश में 5,500 करोड़ का निवेश करेगा

**- 2,000 करोड़ के निवेश वाले दो बड़े एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र पाइपलाइन में**

**नई दिल्ली ।**

ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने घोषणा की है कि बीयर उद्योग अगले तीन साल में उत्तर प्रदेश में नई इकाइयों और सहायक सुविधाओं में लगभग 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। बीएआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि उद्योग राज्य में बड़ा दांव लगा रहा है और नई आबकारी नीति को प्रगतिशील बताते हुए इसका स्वागत किया है। अे धिकारी ने कहा कि 1,500 करोड़ रुपये की लागत वाली दो नई ब्रूअरीज पर काम पहले से ही चल रहा है। इसके अलावा, 2,000 करोड़ रुपये के निवेश वाले दो बड़े एल्युमीनियम कैन उत्पादन संयंत्र पाइपलाइन में हैं। इसी तरह, 2,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कुछ ग्लास उत्पादन इकाइयाँ भी जल्द शुरू होंगी। इसके अतिरिक्त माल्टिंग और पेपर बॉक्स निर्माण इकाइयों की योजना भी तैयार की जा रही है। बीएआई के अनुसार इन सभी निवेशों से न केवल उद्योग को बड़ा बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य में नई नौकरियों का सृजन भी होगा। यह निवेश उत्तर प्रदेश को बीयर उद्योग में एक प्रमुख केंद्र बनाने में मदद करेगा। बीएआई तीन प्रमुख कंपनियों - यूनाइटेड ब्रूअरीज लिमिटेड (यूबीएल), एबीइनबेवऔर कार्ल्सबर्ग का प्रतिनिधित्व करती है। ये कंपनियां भारत में बिकने वाली कुल बीयर का 85 प्रतिशत नियंत्रित करती हैं और देश में 55 से अधिक ब्रूअरीज संचालित करती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2026-27 के लिए नई आबकारी नीति लागू की है। बीएआई के मुताबिक यह नीति लाइसेंसिंग और मंजूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाती है और कराधान, वितरण और लाइसेंसिंग के नियम स्पष्ट करती है।

## अदाणी गंगावरम पोर्ट में लौह अयस्क ब्लेंडिंग और सेज के लिए साझेदारी

**एपीएसईजेड, एनएमडीसी और वेले ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए**

**नई दिल्ली ।**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने अपनी अनुषंगी कंपनी अदाणी गंगावरम पोर्ट लिमिटेड के माध्यम से गंगावरम बंदरगाह पर लौह अयस्क मिश्रण (ब्लेंडिंग) सुविधा और समर्पित विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) विकसित करने के लिए एनएमडीसी लिमिटेड और ब्राजील की वेले एसए के साथ रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा की भारत यात्रा के दौरान नयी दिल्ली में आयोजित भारत-ब्राजील व्यापार मंच सम्मेलन में किया गया। समझौते के तहत तीनों पक्ष मिलकर लौह अयस्क मिश्रण, मूल्य वर्धन और इसके वाणिज्यिकरण के लिए सेज आधारित पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करेंगे। परियोजना का लक्ष्य भारत के पूर्वी तट पर खनिज प्रसंस्करण और निर्यात क्षमता को बढ़ाना है, जिससे भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थिति में आए। प्रस्तावित विकास के बाद गंगावरम बंदरगाह की क्षमता 7.5 करोड़ टन तक बढ़ जाएगी और यह लौह अयस्क का प्रमुख निर्यात केंद्र बनेगा।

एपीएसईजेड के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह साझेदारी एक भविष्य के लिए तैयार और टिकाऊ ढांचा तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि आधुनिक बंदरगाह क्षमता और उच्च गुणवत्ता वाले खनिज लॉजिस्टिक्स को एकीकृत कर उद्योग की जरूरतों का समर्थन किया जाएगा और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान होगा। इस पहल से भारत-विशेषकर पूर्वी तट- पर लौह अयस्क मूल्य श्रृंखला को मजबूत किया जाएगा। साथ ही यह साझेदारी भारत और ब्राजील के बीच वैश्विक खनिज व्यापार सहयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी।

## फरवरी के आखिरी हफ्ते में निवेशकों के लिए डिविडेंड का अवसर




**- छह बड़ी कंपनियां अपने शेयरधारकों को इंटरिम डिविडेंड देंगी**

**नई दिल्ली ।**

शेयर बाजार में निवेशकों के लिए फरवरी का आखिरी हफ्ता खास रहने वाला है। छह बड़ी कंपनियां अपने शेयरधारकों को इंटरिम डिविडेंड देने जा रही हैं। डिविडेंड का मतलब है कि कंपनी अपने मुनाफे का एक हिस्सा निवेशकों को नकद के रूप में देती है। यदि आपके पास शेयर एक्स-डेट से पहले हैं, तो आप डिविडेंड के हकदार होंगे।

सोमवार को पहला नंबर है पीआई कंपनी का। कंपनी का सिक्योरिटी कोड 523642 और सिक्योरिटी नेम पीआईआईएनडी है। कंपनी ने 23 फरवरी को एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट तय की है। कंपनी 5 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड दे रही है। 24 फरवरी को एक्स-डेट पर ट्रेड करेगी। रिकॉर्ड डेट भी 24 फरवरी ही है। कंपनी ने 22 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। यह इस सूची में सबसे ज्यादा प्रति शेयर डिविडेंड है। 25 फरवरी को एनबीसीसी की बारी है। कंपनी ने 0.1200 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट दोनों 25 फरवरी तय की गई हैं। 26 को स्टॉर्टमांट कंपनी एक्स-डेट पर जाएगी। कंपनी 0.1000 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड दे रही है। रिकॉर्ड डेट भी 26 फरवरी ही है। 27 फरवरी को दो कंपनियां एक साथ एक्स-डेट पर ट्रेड करेंगी। पहली है धनसेरी। कंपनी ने 3.5000 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट 27 फरवरी तय की गई हैं। इसकी रिकॉर्ड डेट भी 27 फरवरी है।

## अब एनएसई पर 1000 गुना बढ़ जाएगी ट्रेडिंग की रफ्तार




**- 10 करोड़ ट्रांजेक्शन प्रति सेकंड की क्षमता**

**मुंबई ।**

देश का प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज आफ इंडिया 11 अप्रैल से अपने ट्रेडिंग सिस्टम को नैनोसेकंड स्तर पर अपग्रेड करने जा रहा है। यह घोषणा एक्सचेंज के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने एसोसिएशन ऑफ एनएसई मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) के एक कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा कि नया सिस्टम मौजूदा स्पीड से करीब 1000 गुना तेज होगा और असली रियल-टाइम फाइनेंस की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। फिलहाल एनएसई का रिस्पॉन्स टाइम लगभग 100 माइक्रोसेकंड है, जिससे एक्सचेंज एक सेकंड में 50 से 60 लाख ट्रांजेक्शन प्रोसेस कर पाता है। अपग्रेड के बाद यह क्षमता बढ़कर लगभग 10 करोड़ (100 मिलियन) ट्रांजेक्शन प्रति सेकंड हो जाएगी। एक सेकंड में 10 लाख माइक्रोसेकंड होते हैं, जबकि एक नैनोसेकंड सेकंड का अरबवां हिस्सा है। इतनी तेज स्पीड से ऑर्डर मैचिंग और एक्जीक्यूशन में देरी लगभग समाप्त हो जाएगी। जार में अलग-अलग सेगमेंट में ट्रेडिंग गतिविधि लगातार बढ़ रही है। बढ़ते वॉल्यूम को संभालने के लिए एक्सचेंज अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूत कर रहा है। वर्तमान में कोलोकेशन में 2000 से अधिक रैक्स हैं, जिन्हें बढ़ाकर 4500 तक ले जाने की क्षमता विकसित की जा रही है। इससे हाई-फ्रीक्वेंसी और बड़े निवेशकों को तेज निष्पादन का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इतनी हाई स्पीड के साथ साइबर जोखिम भी बढ़ जाता है। उन्होंने ब्रोकर्स और टेक्नोलॉजी वेंडर्स से साइबर सिक्योरिटी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की, ताकि सिस्टम की स्थिरता और विश्वसनीयता बनी रहे।

# सेंसेक्स की छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 63,478 करोड़ बढ़ा

**- शीर्ष 10 कंप नियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्री पहले स्थान पर बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला। कुल मिलाकर छह कंपनियों ने लाभ कमाया, जबकि चार कंपनियों के मूल्यांकन में गिरावट आई। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 63,478.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में लार्सन एंड टुब्रो, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फ़ाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को लाभ हुआ। वहीं भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में गिरावट आई।

सप्ताह के दौरान लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 28,523.31 करोड़ बढ़कर 6,02,552.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 16,015.12 करोड़ बढ़कर 11,22,581.56 करोड़ हो गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,617.56 करोड़ बढ़कर 14,03,239.48 करोड़ रुपये और एलआईसी का मूल्यांकन 5,977.12 करोड़ बढ़कर 5,52,203.92 करोड़ रुपये हो गया।बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 3,142.36 करोड़ बढ़कर 6,40,387 करोड़ रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 202.99 करोड़ रुपये बढ़कर 19,21,678.78 करोड़ रुपये हो गया।इस रुख के उलट भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,338.66 करोड़ रुपये घटकर 11,27,705.37 करोड़ रुपये रह गया। ईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,632.10 करोड़ रुपये घटकर 9,97,346.67 करोड़ रुपये रह गई।

इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,791.58 करोड़ रुपये घटकर 5,48,496.14 करोड़ रुपये पर




और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 1,989.95 करोड़ रुपये घटकर 9,72,053.48 करोड़ रुपये पर आ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और इन्फोसिस का स्थान रहा।

## अरविंदो फार्मा को पेन-जी उत्पादन 10,000 टन तक पहुंचने की उम्मीद




**नई दिल्ली ।** हैदराबाद स्थित दवा निर्माता अरविंदो फार्मा अगले 12 महीनों में अपने पेनिसिलिन-जी (पेन-जी) उत्पादन को वार्षिक आधार पर 10,000 टन से अधिक करने की उम्मीद कर रही है। कंपनी के एक वे रिष्ठ वित्त अधिकारी ने विश्लेषकों से बातचीत में बताया कि पेन-जी संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने का काम उम्मीदों के अनुरूप हो रहा है और आने वाले समय में मुनाफे में महत्वपूर्ण वृद्धि लाने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन स्थित कंपनी का विनिर्माण संयंत्र चौथी तिमाही में कर-पूर्व आय (ऐ बिटा) के घाटे से उबरने की ओर है। आने वाले साल में यह संयंत्र कंपनी के शुद्ध लाभ में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा सेज में मौजूद पेन-जी इकाई की कुल उत्पादन क्षमता 15,000 टन प्रति वर्ष तक पहुंच सकती है। वर्तमान में उत्पादन स्तर स्थिर है और इसमें लगातार सुधार हो रहा है।

## दीर्घावधि में दोपहिया उद्योग 8-9 फीसदी सालाना बढ़ने की संभावना- टीवीएस मोटर्स

**- अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही बेहद अच्छी रहने की संभावन**

**नई दिल्ली ।** टीवीएस मोटर कंपनी के एक प्रमुख अे धिकारी ने कहा है कि भारत का दोपहिया उद्योग आने वाले वर्षों में सालाना 8-9 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना रखता है। उन्होंने यह वृद्धि मुख्य रूप से जीएसटी दरों में कटौती, बुनियादी ढांचे पर निवेश और अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि से जोड़कर बताया। उन्होंने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि यह उद्योग दीर्घावधि में स्थिर और मजबूत विकास की दिशा में है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही सिर्फ 2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज कर सकी थी। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूरे वित्त वर्ष में यह वृद्धि लगभग 9 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। जीएसटी कटौती का लाभ उद्योग को मिल रहा है और अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही बेहद अच्छी रहने की संभावना है। अे धिकारी ने बताया कि चौथी तिमाही में उद्योग की वृद्धि 15 प्रतिशत से अधिक हो सकती है, जो कि साल के लिए सबसे मजबूत वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सितंबर में लागू जीएसटी दरों में कटौती का असर अब चौथी तिमाही में स्पष्ट दिखेगा। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क में सुधार और सार्वजनिक परिवहन की चुनौतियों के कारण निजी परिवहन, विशेष रूप से दोपहिया वाहन, ग्राहकों के लिए आकर्षक विकल्प बने हैं। इसके अलावा, भारत में स्व-रोजगार वाले लोगों का बड़ा हिस्सा इसे खरीद सकते हैं और इसका इस्तेमाल अपने काम और दैनिक परिवहन में कर सकते हैं।

## गेवरा खदान अगले साल बनेगी दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान

**- गेवरा खदान अगले वित्त वर्ष में 6.3 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य**

कोरबा। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा संचालित गेवरा खदान, भारत की सबसे बड़ी खुली कोयला खदान है। 1981 से संचालित यह खदान देश में कोयले की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एसईसीएल के एक अे धिकारी ने बताया कि गेवरा खदान अगले वित्त वर्ष में 6.3 करोड़ टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य रखती है। वर्तमान वित्त वर्ष में खदान का उत्पादन लक्ष्य 5.6 करोड़ टन है। खदान को अपनी अधिकतम क्षमता 7 करोड़ टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने के लिए पर्यावरण मंजूरी भी पहले ही मिल चुकी है। अभी दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान अमेरिका के व्योमिंग स्थित ब्लैक थंडर खदान है, जो लगभग 6.1-6.2 करोड़ टन कोयला उत्पादन करती है। यदि गेवरा खदान अपना अगला साल का लक्ष्य पूरा करती है, तो यह ब्लैक थंडर को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक खदान बन जाएगी। इसके बाद अमेरिका की नॉर्थ एंटीलोप रोशेल खदान का स्थान आता है। अे धिकारी ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक सभी संसाधन मौजूद हैं। इसमें शामिल हैंः पर्याप्त भूमि, आधुनिक मशीनरी, कुशल जनशक्ति और ग्राहकों की मजबूत मांग। उन्होंने यह भी बताया कि टीम ने अग्रिम योजना के साथ हर संसाधन को सुनिश्चित कर लिया है।

## बिजली की बढ़ती खपत से कोयले की मांग में तेजी आने की उम्मीद

**- दिसंबर में 6.3 फीसदी बढ़ी, जनवरी में भी कड़ाके की सर्दी की वजह से मांग बढ़ी**



**नई दिल्ली ।** देश में बिजली की खपत में बढ़ोतरी के चलते कोयले की मांग आने वाले दिनों में तेज होने की संभावना है। एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के एक प्रमुख अे धिकारी ने बताया कि अक्टूबर और नवंबर में बिजली की मांग में नकारात्मक वृद्धि देखने को मिली, लेकिन दिसंबर में यह 6.3 फीसदी बढ़ गई। जनवरी में भी कड़ाके की सर्दी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार की वजह से बिजली की खपत बढ़ती रही। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में कोयले की मांग कमजोर बनी हुई है। देश का कोयला क्षेत्र एक अरब टन उत्पादन का रिकॉर्ड बनाने के बाद अचानक मांग में गिरावट का सामना कर रहा है। इससे बड़ी सार्वजनिक कंपनियों और नई वाणिज्यिक खनन कंपनियों की विस्तार योजनाओं में अनिश्चितता पैदा हुई है। एमजंक्शन, जो सेल और टाटा स्टील का संयुक्त उद्यम है, 24-25 फरवरी को कोलकाता में 19वां भारतीय कोयला बाजार सम्मेलन कोआलोसेमः द कोल बैटलग्राउंड का आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन में कोयला, बिजली, सीमेंट, स्टील और लॉजिस्टिक्स सहित 36 प्रमुख उद्योगपति अपनी राय साझा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि बिजली की खपत में बढ़ोतरी के चलते आने वाले महीनों में कोयले की मांग में मजबूती देखने को मिल सकती है।

# शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में बदलाव का असर

**वैश्विक व्यापार और अमेरिकी आयात नीति पर अस्थिरता के बावजूद निवेशकों में सकारात्मक उम्मीदें**

**मुंबई ।**

भारत का शेयर बाजार पिछले सप्ताह तेज बढ़त के साथ बंद हुआ और निवेशकों की निगाहें अब इस सप्ताह पर टिकी हैं। इसका प्रमुख कारण अमेरिका में आयात शुल्कों में हाल ही में हुए बदलाव हैं, जो वैश्विक व्यापार और निवेश धाराओं पर सीधे असर डालते हैं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए ऊंचे आयात शुल्कों को रद्द कर दिया, जिससे वैश्विक बाजारों में नई उम्मीदें जगी हैं। इस फैसले के बाद ट्रंप प्रशासन ने 20 फरवरी को घोषणा की कि सभी देशों के लिए 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत आयात शुल्क लागू होगा, जो 24 फरवरी से प्रभावी होगा। हालांकि, 21 फरवरी को ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि यह दर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है, लेकिन अभी तक इसके लिए कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। इस कदम से वैश्विक व्यापार और अमेरिकी आयात नीति पर अस्थिरता के बावजूद, निवेशकों में




सकारात्मक उम्मीदें बनी हैं। भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया था। अगर अमेरिकी प्रशासन वास्तव में इस दर को 10-15 प्रतिशत तक कम करता है, तो भारतीय उत्पाद अमेरिका में सस्ते होंगे, जिससे निर्यात बढ़ सकता है। यह स्थिति भारतीय कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और विदेशी निवेश प्रवाह के लिए लाभकारी हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी आयात शुल्क में संभावित कमी से भारतीय शेयर बाजार में लिवाल निवेशकों की संख्या बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पिछले सप्ताह की तेजी इस सप्ताह भी जारी रहने की संभावना है। विशेष रूप से उन सेक्टर्स में, जो अमेरिका के निर्यात पर निर्भर हैं, निवेशकों की रुचि अधिक रहेगी।

## पीआई इंडस्ट्रीज ने निवेशकों के लिए घोषित किया 500 फीसदी अंतरिम डिविडेंड




**नई दिल्ली ।** एग्रीकेमिकल कंपनी पीआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 26 के लिए 500 फीसदी का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। इसका मतलब है कि 1 रुपये के हर शेयर पर 5 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। यह फैसला 12 फरवरी को हुई बोर्ड बैठक में लिया गया। डिविडेंड पाने के लिए रिकॉर्ड डेट 23 फरवरी 2026 तय की गई है। इस दिन तक शेयर रखने वाले निवेशक डिविडेंड के हकदार होंगे। कंपनी के तीसरी तिमाही के नतीजे पिछले साल की तुलना में कमजोर रहे। नेट प्रॉफिट 16.4 फीसदी गिरकर 311 करोड़ रुपये रह गया। रेवेन्यू 1,900 करोड़ रुपये से घटकर 1,375 करोड़ रुपये हो गया। ऐ बिटा में 41.1 फीसदी की गिरावट आई और यह 301.2 करोड़ रुपये पर पहुंचा। मार्जिन भी 26.9 फीसदी से घटकर 21.9 फीसदी हो गया। पीआई की स्थापना 1946 में हुई थी, भारत की प्रमुख एग्रीसाइंस कंपनियों में से एक है। कंपनी पेस्टिसाइड्स, कीटनाशक और फंगीसाइड्स बनाती है और इन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचती है।

# तेल-तिलहन और कपास बाजार में दबाव, सोयाबीन तेल में मामूली सुधार

**अगले 10-15 दिन में आवक बढ़ने की संभावना है, जिससे कीमतों पर और दबाव रहेगा**

**नई दिल्ली ।**

सरकार की ओर से पुराने स्टॉक की बिक्री और नयी फसल की आवक शुरू होने से सरसों और सरसों तेल-तिलहन के दाम गिर गए। अगले 10-15 दिन में आवक बढ़ने की संभावना है, जिससे कीमतों पर और दबाव रहेगा। महंगे सरसों तेल की खपत तभी बढ़ेगी जब इसका दाम सोयाबीन तेल से 5-7 रुपये प्रति किलो कम होगा। सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की कमजोर स्थानीय मांग और सरकारी बिक्री के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई। हालांकि, सोयाबीन तेल की आयात कम होने और मांग बने रहने से कीमतों में मामूली सुधार देखा गया। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही, वहीं मजबूत आय वर्ग में साबुत मूंगफली और गुणवत्ता वाले तेल की स्थिर मांग बनी है। मूंगफली की खराब धारणा से बिनौला तेल के दाम भी नीचे गए। मलेशिया एक्सचेंज में तेजी के कारण पाम और पामोलीन के दाम बढ़े। अमेरिकी शुल्क फैसले के रद्द होने का असर अगले सप्ताह स्पष्ट होगा। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 235 रुपये की गिरावट के साथ 6,675-6,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 400 रुपये की गिरावट के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 65-65 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,325-2,425 रुपये और 2,325-2,470 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 5,275-5,325 रुपये और 4,875-4,925 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। दूसरी ओर दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,400 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,000 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 11,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरकारी बिकवाली के दबाव में मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही।

# भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने



ललित गर्ग

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा।

दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निमार्ताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।




स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूवार्नुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूवार्नुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है।

इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। ह्लमानवता केंद्र मेंह्व का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सस्ती, सुलभ और मानव-केंद्रित तकनीक उपलब्ध कराकर भारत एक नैतिक नेतृत्व स्थापित कर सकता है।

'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भविष्य की संरचना का प्रारूप है। यहाँ से निकले संकल्प यदि नीति और क्रियान्वयन में रूपांतरित होते हैं तो भारत तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम बढ़ा सकेगा। यह अवसर है कि हम एआई को केवल आर्थिक लाभ का साधन न मानें, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन और मानव कल्याण के माध्यम के रूप में देखें। आज जब दुनिया में मानवीय मूल्यों का क्षरण चिंता का विषय है, तब भारत के पास अवसर है कि वह तकनीक और नैतिकता के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करे। एआई का विकास यदि करुणा, समावेशन और सतत विकास के आदर्शों के साथ हो तो यह मानवता के लिए वरदान सिद्ध होगा। भारत को अपने युवाओं, शोधकताओं और नीति-निमार्ताओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई की यात्रा मानवता के उत्थान की यात्रा बने, न कि केवल प्रतिस्पर्धा और वर्चस्व की।

निस्संदेह, ऐसे वक्त में जब कृषि से लेकर चिकित्सा तक और उत्पादन के क्षेत्र में एआई व रोबोटिक्स की दखल बढ़ रही है, प्रचुर श्रमशक्ति की उपलब्धता के बावजूद भारत को समय के साथ कदमताल करनी होगी। हमें एआई व रोबोटिक्स को अपनाना ही होगा। लेकिन सावधानी के साथ ताकि यह नौकरी खाने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला बने। समय की पुकार है कि हम तकनीकी प्रगति को राष्ट्रीय संकल्प में बदलें। शिक्षा, अनुसंधान, कौशल विकास और नैतिक नेतृत्व के सहारे भारत एआई युग में एक नई पहचान गढ़ सकता है। यदि हम चुनौतियों को स्वीकार कर दूरदर्शिता से आगे बढ़ें तो यह युग भारत के लिए केवल तकनीकी उन्नति का नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व और मानवीय पुनर्जागरण का युग सिद्ध हो सकता है।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### एआई समिट से सीयू तक

नए जगत की खोज में हिंदोस्तान के कदम जहां निकले, वहां परिवेश में ज्ञान की दौलत को चिन्हित करना पड़ेगा। दुनिया को मुरीद बनाती तकनीक का सारा आलम ए आई से संचालित होने जा रहा है, जहां जीवन के हर पहलू में एक नया सवेरा खोजा जाएगा। दिल्ली में इंडिया इम्पैकट ए आई समिट के माध्यम से नई वैश्विक शक्ति, शिक्षा के नए विषय, सोचने का नया सामर्थ्य और जानने की नई क्षमता में सूक्ष्म बिंदुओं पर विचार हो रहा है। ज्ञान का परिदृश्य और तरक्की का आश्चर्य बोध हर लम्हे को इसकी अति सूक्ष्मता में जाहिर करेगा। भारत की क्रांतियों में ए आई की भूमिका अभी पीछे है। कम्प्यूटरिंग सुविधा के साथ ए आई के हब और गीगावाट की क्षमता में आरोहण का दस्तूर अभी परीक्षण के दौर में है, क्योंकि पानी और बिजली की खपत में डाटा भंडारण के हर कदम पर इस्तेमाल की व्यापकता है। एक विवाद ने निजी विश्वविद्यालय की पगड़ी उछाल दी और जग हंसाई के दस्तूर में 'ए आई' एक जुमला सा हो गया। चीन और अमरीकी के बीच ए आई का जलवा भारत की पहचान में अभी मद्धिम है, तो समझना यह होगा कि हमारे आई आई टी और ट्रिपल आई टी के शोध पत्रों में कितना मसौदा भरना बाकी है। यूं तो कौशल विकास की खिड़कियों से रोजगार के अवसर देखे जा रहे हैं, लेकिन ए आई के संकल्प से रास्ते और भी कठिन होंगे। कहने को हमारी तुलना का विश्व हमें शक्ति देता है, लेकिन जिस देश की अस्सी करोड़ आबादी को मुफ्त के राशन की ताकत चाहिए, वहां आगे बढने के द्वंद्व कहीं ज्यादा बढ़ जाएंगे। बहरहाल देश में ए आई अब एक स्तंभ है और युवा महत्त्वाकांक्षा का अगला सफर। ऐसे में देश से प्रदेश तक और वैश्विक दृष्टि से अपने परिवेश तक मूल्यांकन जरूरी है।


यह विडंबना है कि हिमाचल में सदन की बहस जिन मुद्दों पर टिकी है, वहां ए आई का जमाना बहुत दूर हो जाता है। यह दीगर है कि सुखविंदर सुक्खू सरकार ने रोबोटिक सर्जरी की पहल से आगे निकलने की कोशिश की या कुछ इंजीनियरिंग कालेजों के पाठ्यक्रम में विषय का शंखनाद हो गया, लेकिन हमें सोचना पड़ेगा कि हिमाचली विकास का वैज्ञानिक पक्ष कितना मजबूत है। क्या हमारे तमाम विश्वविद्यालयों ने एआई की जमीन तैयार की गई है। प्रदेश में शिक्षा का मात्रात्मक विकास जिस छोर पर खड़ा है, वहां नौकरी ही एंड प्रॉडक्ट माना गया है। नवाचार के क्षेत्र में ही हमारे विश्वविद्यालयों की प्रासंगिकता विराम तक पहुंच जाती है, तो आगे एआई के संदर्भ कैसे मजबूत होंगे। हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय की आंखों में ए आई का प्रकाश हो जाए, तो ज्ञान की पाठशाला सशक्त होगी, वरना ऐसा नहीं लगता कि इस संस्थान की रचना में अंतरराष्ट्रीय पैमानों का सोच पल्लवित हो रहा है। विश्वविद्यालय की संगोष्ठियों में विषयों की परंपरा इतनी परंपरावादी है, कि छात्रों के जेहन में संस्कृति के नाम पर ज्ञान किसी पोखर में खड़ा हो रहा है। अगर संस्कृत भाषा के आलोक में ही विश्वविद्यालय को अपनी जन्मपत्री मजबूत करनी है, तो कब ए आई का पौधारोपण होगा। वैसे भी हिमाचल के तमाम विश्वविद्यालय एक ही पायजामा पहनकर अपनी मंजिलों में आत्म संतुष्ट दिखाई देते हैं।

## चिंतन-मनन

### निरोगी काया भी हो ध्येय

सच्चे अर्थों में जीवन उतने ही समय का माना जाता है, जितना स्वस्थतापूर्वक जिया जा सके। कुछ अपवादों को छोड़कर अस्वस्थता अपना निज का उपार्जन है। सृष्टि के सभी प्राणी प्रायः जीवन भर निरोग रहते हैं। मनुष्य की उच्छृंखल आदत ही उसे बीमार बनाती है। जीभ का चटोरापन अतिशय मात्रा में अखाद्य खाने के लिए बाधित करता रहता है। जितना भार उठ नहीं सकता, उतना लादने पर किसी का भी कचूमर निकल सकता है। बिना पचा सड़ता है और सड़न के रक्त प्रवाह में मिल जाने से जहां भी अवसर मिलता है, रोग का लक्षण उभर पड़ता है। अस्वच्छता, पूरी नींद न लेना, कड़े परिश्रम से जी चुराना, नशेबाजी जैसी आदत स्वास्थ्य को जर्जर बनाने का कारण बनते हैं। खुली हवा और रोशनी से बचना, घुटन भरे वातावरण में रहना भी बीमारी का बड़ा कारण है। भय या आक्रोश जैसे उतार-चढ़ाव भी मनोविकार बढ़ाते और व्यक्ति को सनकी, कमजोर व बीमार बनाते हैं। शरीर को निरोगी बनाकर रखना कठिन नहीं है। आहार, श्रम एवं विश्राम का संतुलन बिठाकर हर व्यक्ति आरोग्य एवं दीर्घजीवन पा सकता है। दूसरे नियम भी ऐसे नहीं, जिनकी जानकारी आमजन को न हो सके।

# गिरगिट से ज्यादा तेज गति से रंग बदलते हैं ट्रंप



सनत जैन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सारी दुनिया में चर्चा हो रही है। पिछले एक वर्ष में जिस तरह से उन्होंने निर्णय लिए हैं उनके निर्णय के कारण जिस तरह की अनिश्चित अमेरिका के साथ-साथ सारी दुनिया के देशों में देखने को मिल रही है, उसके बाद लोग यह कहने लगे हैं, कि गिरगिट भी देर से रंग बदलता है लेकिन ट्रंप उससे जल्दी रंग बदल लेते हैं। हाल ही में अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों के ऊपर जो टैरिफ लगाए गए थे उसे निरस्त कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैधानिक माना है। इसके तुरंत बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया फैसला लिया, जिसमें 10 फीसदी टैरिफ को लगाने का फैसला किया था। अदालत के फैसले के कुछ ही घंटे के बाद उन्होंने शुक्रवार को 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन शनिवार को उसे बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। 24 फरवरी से 24 जुलाई तक सभी देशों की अलग-अलग दरों के स्थान पर अगले 150 दिन अर्थात 15 जुलाई तक 15 फीसदी टैरिफ वसूल किया जाएगा। इसका असर भारत पर भी पड़ने जा रहा है। भारत के फार्मा और पेट्रो पर तीन फीसदी टेरिफ लगेगा लेकिन बाकी सभी चीजों पर अब 15 फीसदी टैरिफ अमेरिका में जो भी माल भेजा जाएगा उस पर लगेगा। भारत के संबंध में बात की जाए तो पहले उन्होंने 50 फीसदी टैरिफ लगाया, 2 फरवरी को अंतरिम ट्रेड डील पर सहमति जताते हुए टैरिफ को 18 फीसदी किया था। उसके बाद 10 फीसदी टैरिफ लगाया गया। अब उसे बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया गया है। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह की अनिश्चितता अमेरिका को लेकर सारी दुनिया में देखने को मिल रही है उसमें भले अभी ट्रंप को कुछ फायदा हो रहा हो लेकिन जिस तरह से अमेरिका की साख को बट्टा लग रहा है उसके बाद सारी दुनिया में यह धारणा बनने लगी है अमेरिका को जिस दिशा में डोनाल्ड ट्रंप ले जाना चाहते हैं। उसके कारण अमेरिका कुछ ही महीना में बहुत बड़ी मुसीबत में फंस सकता है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिए जा रहे हैं इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव अमेरिका के ऊपर ही पड़ रहा है। अमेरिका में लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। अमेरिका की ट्रेजरी से विभिन्न देशों ने अपना सोना और बांड के रूप में जमा राशि को निकालना शुरू कर दिया है। अमेरिका की जो विश्व में साख पिछले कई दशकों में बनी हुई थी वह तार-तार हो गई है। कारोबारी और विभिन्न देशों की सरकारों को अमेरिका के ऊपर भरोसा नहीं रहा, जिसके कारण अमेरिका अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं मानकर उन्होंने वैकल्पिक तरीके से सारी दुनिया के देशों से जो 15 फीसदी टैक्स एक जजिया-कर की तरह वसूल करने की कोशिश की है, वह अपने निर्णय के माध्यम से दबाव बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों में अपने परिवार और पारिवारिक कंपनियों को जो लाभ पहुंचाना चाहते हैं उसकी यह रणनीति चर्चा का विषय बन गई है।




कारोबारी और विभिन्न देशों की सरकारें अमेरिका से दूरी बनाने लगी है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए भी आंतरिक चुनौतियों राजनीतिक आधार पर बनना शुरू हो गई हैं। सड़कों पर उनका विरोध शुरू हो गया है। विभिन्न राज्यों में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघीय व्यवस्था को खत्म करने और डिक्टेटर वाले निर्णय लेने से बगावत जैसी स्थिति देखने को मिलने लगी है। अमेरिका कभी पूरी दुनिया का नेतृत्व करता था लेकिन अब यह स्थिति बदलती हुई दिख रही है। रूस, चीन जैसे देश अमेरिका के समानांतर एक नई वैकल्पिक व्यापारिक व्यवस्था विकसित करने की बात कर रहे हैं। वैकल्पिक मुद्रा तैयार कर रहे हैं। जिसको दुनिया के अन्य देशों का भी बड़े पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। अभी तक अमेरिका को जो डॉलर के कारण कमाई हो रही थी अब वह कमाई भी खतरे में पडती हुई दिख रही है। डोनाल्ड ट्रंप बहुत जल्दबाजी में है। उनके कार्यकाल का एक वर्ष एक माह लगभग खत्म हो चुका है उनके लिए 2 वर्ष और 11 में शेष हैं। इस बीच में वह अपने परिवार और अपने लिए वह सब कुछ कर लेना चाहते हैं जो वह सोचते हैं। लेकिन यह संभव नहीं होगा। डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों के कारण अमेरिका के साथ-साथ सारी दुनिया के देशों में उनका विरोध बढ़ता चला जा रहा है। व्यापार और संबंध मैं विश्वास होना जरूरी होता था। वह विश्वास डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के ऊपर देखने को नहीं मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद जिस तरह से डोनाल्ड ट्रंप आक्रामक होकर मनमाने फैसले ले रहे हैं उसके बाद यह माना जा रहा है कि जल्द ही उनके खिलाफ अमेरिका में विद्रोह शुरू हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप बहुत जिद्दी हैं। यह उनका व्यक्तिगत दुर्गुण है, जिसका खामियाजा आगे चलकर अमेरिका को चुकाना पड़ेगा। इसमें अब कोई संदेह नहीं रहा।

# एक पृथ्वी, एक मानवताः शांति और समझ का वैश्विक संकल्प



सुनील कुमार महला



हर वर्ष 23 फरवरी को विश्व शांति और समझ दिवस रोटरी इंटरनेशनल की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष रोटरी इंटरनेशनल अपना 121वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि यह दिवस इस विचार को रेखांकित करता है कि शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह तो हमारी आपसी समझ, साझा प्रयासों और समावेशी विकास का परिणाम है। कहना गलत नहीं होगा कि आज के दौर में बढ़ते संघर्ष, युद्ध और तनाव के बीच विश्व शांति मानवता की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। वास्तव में, शांति से ही विकास, शिक्षा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। आपसी समझ और सहिष्णुता किन्हीं भी समाजों को मजबूत व सुदृढ़ बनाती है। यह एक कटु सत्य है कि बिना शांति के न तो सुरक्षा संभव है और न ही किसी देश और समाज की स्थायी प्रगति। इसलिए विश्व शांति केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य शर्त है।

बहुत कम लोग जानते हैं कि ह्यरोटरीह्ण नाम के पीछे भी एक रोचक कारण है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार शुरूआत में इसे ह्यशांति दिवसह्ण नहीं कहा जाता था। इसका नाम ह्यरोटरीह्ण इसलिए पड़ा क्योंकि इसके सदस्य अपनी बैठकें हर बार अलग-अलग सदस्यों के कार्यालयों में घुमाकर (रोटेशन के आधार पर) किया करते थे और यही रोटेशन आगे चलकर दुनिया भर में सेवा और शांति का प्रतीक बन गया। एक दिलचस्प तथ्य यह भी है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, जब दुनिया संघर्षों में उलझी हुई थी, तब रोटरी के सदस्यों ने लंदन में एक सम्मेलन आयोजित किया था। इसी सम्मेलन की बौद्धिक नींव पर आगे चलकर यूनेस्को की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। बहुत कम लोग जानते हैं कि दुनिया की सबसे बड़ी शांति संस्थाओं में से एक की अवधारणा एक क्लब बैठक से प्रेरित थी।

इस दिवस का मूल संदेश यह है कि शांति केवल युद्ध का न होना नहीं है। रोटरी की अवधारणा में शांति का अर्थ लोगों की स्वच्छ पानी तक पहुँच, साक्षरता दर में वृद्धि तथा स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं के विकास से भी जुड़ा है। दूसरे शब्दों में कहें तो सेवा ही शांति का सबसे बड़ा माध्यम है। जब हम भूख, बीमारी (जैसे पोलियो) और अज्ञानता के खिलाफ संघर्ष करते हैं, तो वास्तव में हम शांति की नींव रख रहे होते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 23 फरवरी 1905 को पॉल पी. हैरिस ने शिकागो (अमेरिका) में इसकी(रोटरी इंटरनेशनल) शुरूआत की थी।पेशे से वे एक वकील थे और उन्होंने अपने तीन मित्रों के साथ मिलकर पहले रोटरी क्लब की बैठक आयोजित की। उनका उद्देश्य एक ऐसा मंच तैयार करना था, जहाँ विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवर लोग मिलकर विचार साझा कर सकें और समाज के लिए सार्थक कार्य कर सकें। समय के साथ यह एक वैश्विक आंदोलन बन गया और स्थापना दिवस को ही ह्यविश्व शांति और समझ दिवसह्ण के रूप में मान्यता मिली। उपलब्ध जानकारी के अनुसार आज रोटरी के 200 से अधिक देशों में लगभग 46,000 से अधिक क्लब सक्रिय हैं।

यहाँ पाठकों को बताना आवश्यक है कि रोटरी इंटरनेशनल एक वैश्विक सेवा संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा करना, समाज में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना तथा विश्व में शांति और सद्भाव स्थापित करना है। इसके सदस्य विभिन्न व्यवसायों और पेशों से जुड़े लोग होते हैं, जो स्वेच्छा से समाज सेवा में योगदान देते हैं। यह संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल संरक्षण, रोग उन्मूलन (विशेषकर पोलियो उन्मूलन अभियान) और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परियोजनाएँ संचालित करता है। आज इसके विश्वभर में हजारों क्लब और लाखों सदस्य हैं, जो सर्विस अबूव सेल्फ (स्वार्थ से ऊपर सेवा) के आदर्श वाक्य के साथ मानव कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं।

वास्तव में, इस दिवस को मनाने का उद्देश्य, जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में चर्चा कर चुका हूं, पूरे विश्व में शांति, सेवा और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। आज के दौर में बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भौतिकवादी सोच, राजनीतिक और सामाजिक तनाव तथा डिजिटल माध्यमों पर फैलती नकारात्मकता ने लोगों के बीच दूरी बढ़ा दी है। कई बार देश संसाधनों और प्रभुत्व की होड़ में संघर्ष की राह चुन लेते हैं। सहयोग, सेवा-भावना और आपसी सद्भाव धीरे-धीरे कमजोर पड़ते दिखाई देते हैं। एक समय था जब समाज में भाईचारा, सहयोग और मानवता की भावना अधिक प्रबल थी, जबकि आज व्यक्तिगत स्वार्थ और असहिष्णुता कई बार इन मूल्यों पर भारी पड़ती नजर आती है। हालांकि, यह पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। आज भी दुनिया में अनेक लोग और संस्थाएँ शांति, सेवा और मानवता के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने व्यक्तिगत स्तर से छोटे-छोटे प्रयास शुरू करें। दूसरों के प्रति सम्मान, सहानुभूति, सहयोग और संवाद को बढ़ावा दें। यही छोटे कदम बड़े परिवर्तन का आधार बनते हैं। इस दिवस का मुख्य फोकस शांति और सद्भावना को प्रोत्साहित करना, संस्कृतियों और समुदायों के बीच समझ बढ़ाना, संघर्ष की रोकथाम तथा वैश्विक सहयोग और मानवीय एकता को मजबूत करना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस पूरे विश्व में शांति, सद्भाव और पारस्परिक समझ को सुदृढ़ करने का संदेश देता है।

अंततः यह दिवस हमें सिखाता है कि हमारे छोटे-छोटे सकारात्मक कार्य भी दुनिया में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। जब हम एक-दूसरे की सोच और भावनाओं को समझने लगते हैं, तो विवाद स्वतः कम होने लगते हैं। सार यह है कि यदि हम सभी एक-दूसरे की संस्कृतियों, विचारों और जीवन मूल्यों को समझें, तो वैश्विक भाईचारा और शांति मजबूत हो सकती है, और यह संपूर्ण विश्व एक बेहतर स्थान बन सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्या पूर्व प्रिंस एंड्रयू की गिरफ्तारी से डगमगाएगी राजशाही? 350 साल पहले हुई थी कुछ ऐसी घटना

**न्यू साउथ वेल्स, एजेंसी।** ब्रिटेन के शाही परिवार के सदस्य एंड्रयू माउंटबैटन-विंडसर (प्रिंस एंड्रयू) की गिरफ्तारी की खबर ने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। यह मामला इसलिए बड़ा माना जा रहा है क्योंकि ब्रिटिश इतिहास में बहुत कम बार ऐसा हुआ है कि किसी शाही सदस्य पर सीधे कानून का शिकंजा कसता दिखा हो। इतिहासकार बताते हैं कि लगभग 350 साल पहले, 1649 में राजा चार्ल्स-आइ को गिरफ्तार कर मुकदमा चलाया गया था और बाद में उन्हें फांसी दी गई थी। उस घटना के बाद कुछ समय के लिए ब्रिटेन में राजशाही ही खत्म हो गई थी। इस वजह से अब एंड्रयू की गिरफ्तारी की तुलना उसी ऐतिहासिक घटना से की जा रही है- हालांकि इस बार स्थिति उतनी गंभीर नहीं है। आज का दौर अलग है, पहले मीडिया शाही परिवार के निजी मामलों को छिपाता था। अब सोशल मीडिया और डिजिटल पत्रकारिता के कारण हर बात तुरंत सार्वजनिक हो जाती है। जनता का भरोसा अब छवि और पारदर्शिता पर टिका है। एंड्रयू पहले से ही कई विवादों में रहे थे- जैसे अमीर लोगों से नजदीकी, कैश-फॉर-एक्सेस विवाद और निजी नेटवर्किंग के आरोप शामिल हैं। इसलिए उनकी गिरफ्तारी ने शाही परिवार की छवि को और झटका दिया है।

### पूर्वी प्रशांत महासागर में अमेरिकी सेना की कार्रवाई, ड्रग तस्करी में शामिल एक और नाव ध्वस्त; तीन की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक और नाव पर हमला किया है, जिस पर ड्रग्स की तस्करी करने का आरोप था। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना के साउदर्न कमांड के मुताबिक, यह नाव उन रास्तों से गुजर रही थी जिन्हें ड्रग तस्करी के लिए जाना जाता है। सेना का दावा है कि नाव नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल थी। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में नाव पहले समुद्र में तैरती दिखती है और फिर अचानक विस्फोट के साथ आग लग जाती है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका लैटिन अमेरिका के ड्रग कार्टेल के साथ सशस्त्र संघर्ष में है। इन हमलों को उन्होंने ड्रग्स की तस्करी रोकने के लिए जरूरी कदम बताया है। वहीं, आलोचकों और विशेषज्ञों ने कई सवाल उठाए हैं और कहा कि ट्रंप सरकार ने यह साबित करने के लिए कम सबूत दिए हैं कि मारे गए लोग नार्को-टेररिस्ट थे। कई विशेषज्ञ कहते हैं कि अमेरिका में फैलने वाला खतरनाक ड्रग फेंटेनाइल ज्यादातर जमीन के रास्ते मेक्सिको से आता है, समुद्र से नहीं। पहले हमले में घायल बचे लोगों पर दोबारा हमला करने की घटना के बाद इसे कानूनी और नैतिक रूप से गलत बताया गया। एक तरफ जहां रिपब्लिकन नेताओं ने इसे कानूनी और जरूरी कार्रवाई बताया। वहीं डेमोक्रेटिक नेताओं और कानून विशेषज्ञों ने इसे हत्या या युद्ध अपराध तक कहा।

### बांग्लादेश में नई संसद पर सवाल, 43 नव-निर्वाचित सांसदों पर हत्या के मुकदमे

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में हाल में संपन्न 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव के बाद नई सरकार के गठन से पहले ही उसकी साख पर सवाल उठने लगे हैं। एक प्रमुख नागरिक संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, नव-निर्वाचित 43 सांसदों पर हत्या (धारा 302) के मामले दर्ज हैं, जिससे राजनीतिक शुचिता और जवाबदेही को लेकर बहस तेज हो गई है। सुशासनर जनो नागरिक (शुजान) द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए स्थानीय मीडिया डेली स्टार ने शुक्रवार को बताया कि 42 सांसद पहले से ऐसे मामलों का सामना कर रहे थे, जबकि 12 के खिलाफ पुराने और मौजूदा दोनों तरह के आपराधिक मामले दर्ज हैं। कुल मिलाकर 142 सांसद वर्तमान में विभिन्न कानूनी मामलों में घिरे हैं और 185 सांसदों का अतीत में मुकदमों से संबंध रहा है। करीब 95 सांसद ऐसे हैं जिन पर पहले भी और अब भी मामले चल रहे हैं।सबसे ज्यादा मौजूदा मामलों का प्रतिशत बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के सांसदों में पाया गया है। हालिया चुनाव में भारी जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सांसदों में 50 प्रतिशत से अधिक पर वर्तमान में मामले लंबित हैं। दूसरे स्थान पर जमात-ए-इस्लामी है, जिसके लगभग 47 प्रतिशत सांसद कानूनी मामलों का सामना कर रहे हैं।शुजान के मुख्य समन्वयक दिलीप कुमार सरकार ने एक कार्यक्रम में नव-निर्वाचित सांसदों के शपथपत्रों के विश्लेषण का ब्योरा पेश किया। रिपोर्ट के अनुसार, 12वें चुनाव की तुलना में इस बार विजेताओं में कानूनी मामलों में संलिप्तता बढ़ी है। साथ ही उच्च शिक्षित सांसदों का अनुपात भी कम हुआ है। 297 निर्वाचित सांसदों में केवल आठ के पास पीएचडी डिग्री है, 138 स्नातकोत्तर, 93 स्नातक, 20 उच्च माध्यमिक और 17 माध्यमिक स्तर तक शिक्षित हैं। हालांकि चुनाव और जनमत-संग्रह को अधिकांशत: शांतिपूर्ण बताया गया है, लेकिन प्रतिनिधित्व के आंकड़े भी चर्चा में हैं।

# भारतवंशी नील कात्याल कौन?: जिन्होंने पलट दिया ट्रंप टैरिफ का पूरा खेल, बने ऐतिहासिक फैसले का चेहरा




**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को असंवैधानिक करार देकर बड़ा फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल का नाम उभरा, नील कात्याल। नील ने ही अदालत में ट्रंप के उस कदम को चुनौती दी, जिसमें 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट यानी आइइइपीए का इस्तेमाल कर लगभग सभी व्यापारिक साझेदार देशों पर टैरिफ लगाए गए थे। नील कात्याल ने सुप्रीम कोर्ट में दलील दी कि राष्ट्रपति ने आपात आर्थिक शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि टैरिफ दरअसल टैक्स होते हैं और टैक्स लगाने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस को है, न कि राष्ट्रपति को। कात्याल ने इन टैरिफ को अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक टैक्स बताया। सुप्रीम कोर्ट ने छह-तीन के बहुमत से कहा कि संविधान के तहत टैक्स लगाने की शक्ति कांग्रेस के पास है।

**ये कानून के शासन की जीत-कात्याल :** फैसले के बाद कात्याल ने कहा कि यह कानून के शासन की जीत है। उनके अनुसार, यह मामला किसी एक राष्ट्रपति के खिलाफ नहीं, बल्कि शक्तियों के संतुलन का है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, संविधान से ऊपर नहीं हो सकता।

**किसने दायर किया था मामला :** यह मामला छोटे अमेरिकी कारोबारियों द्वारा दायर किया गया था, जिन्हें लगा कि टैरिफ से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। ट्रंप प्रशासन ने टैरिफ को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक दबाव का जरूरी कदम बताया था। लेकिन अदालत ने साफ कहा कि आपात शक्तियों के नाम पर राष्ट्रपति व्यापक टैक्स नहीं लगा सकते।

**नील कात्याल के माता-पिता के बारे में जानें :** नील कात्याल का जन्म शिकागो में भारतीय प्रवासी माता-पिता के घर हुआ। उनके पिता इंजीनियर और माता डॉक्टर थीं। उन्होंने डार्टमाउथ कॉलेज और येल लॉ स्कूल से पढ़ाई की। वह अमेरिका के कार्यवाहक सॉलिसिटर जनरल रह चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट में 50 से अधिक मामलों में पैरवी कर चुके हैं। वह कई बड़े संवैधानिक मामलों में अहम भूमिका निभा चुके हैं।

**पहले भी दे चुके ट्रंप को चुनौती :** कात्याल वर्तमान में मिलबैंक एलएलपी में साझेदार हैं और जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी लॉ सेंटर में प्रोफेसर हैं। उन्होंने 1965 के वोटिंग राइट्स एक्ट की संवैधानिकता का बचाव किया, ट्रंप के 2017 ट्रैवल बैन को चुनौती दी और कई राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। वह जॉर्ज फ्लॉयड हत्या मामले में मिनेसोटा राज्य के विशेष अभियोजक भी रह चुके हैं।

कात्याल ने बताई लोकतंत्र की ताकत सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भविष्य में किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की आपात आर्थिक शक्तियों के इस्तेमाल पर सीमा तय करता है। कात्याल ने कहा कि एक प्रवासी परिवार का बेटा अदालत में खड़ा होकर कह सकता है कि राष्ट्रपति कानून तोड़ रहे हैं, और अदालत उसे सुनती है, यही लोकतंत्र की ताकत है। यह फैसला अमेरिकी संविधान और शक्तियों के संतुलन के लिए एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

# टैरिफ ले नहीं सकता, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकता हूं, कोर्ट के फैसले पर बोले ट्रंप



**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शर्मनाक बताया। नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि वह किसी से टैरिफ नहीं ले सकते, लेकिन वह किसी भी देश के साथ व्यापार पूरी तरह बंद कर सकते हैं और उस देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर सकते हैं। गौरतलब है कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ को अवैध करार देते हुए उसे रद्द करने का आदेश दिया है।

**ट्रंप बोले- दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करेंगे :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिन चीजों को गलत तरीके से खारिज किया है, उनकी जगह लेने के लिए दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल किया जाएगा। हमारे पास विकल्प हैं, बहुत अच्छे विकल्प हैं। इसका मतलब यह हो सकता है कि हमें ज्यादा पैसा मिलेगा। हम ज्यादा पैसा हासिल करेंगे और इससे हम और ज्यादा मजबूत बनेंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा टैरिफ रद्द करने के फैसले के कुछ घंटे बाद ही ट्रंप ने दुनियाभर के देशों पर 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लगाने का एलान कर दिया।

ट्रंप ने धारा 122 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए वैश्विक 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। अमेरिकी कानून के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति 150 दिनों तक 15 प्रतिशत तक टैरिफ लगा सकते हैं। इसका इस्तेमाल करते हुए ट्रंप ने 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत वैश्विक टैरिफ लगाया है। 150 दिनों के बाद अमेरिकी संसद में प्रस्ताव लाकर इसे आगे जारी रखने या न रखने पर फैसला किया जाएगा।

**देशों पर टैरिफ नहीं लगा सकते, लेकिन व्यापार बंद कर सकते हैं :** मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, आपको यह दिखाने के लिए कि यह फैसला कितना बेकार है, कोर्ट ने कहा कि मुझे एक डॉलर भी शुल्क लगाने की अनुमति नहीं है। मैं एक डॉलर भी नहीं ले सकता। यह फैसला जरूर उन दूसरे देशों की सुरक्षा के लिए लिया गया होगा, न कि संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए, जिसकी रक्षा उन्हें करनी चाहिए। यही उनका काम है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास उन देशों के साथ किसी भी तरह का व्यापार या कारोबार पूरी तरह बंद करने का अधिकार है। दूसरे शब्दों में, वह व्यापार को खत्म कर सकते हैं। वह उस देश की अर्थव्यवस्था को खत्म कर सकते हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि कौन-सा लाइसेंस कभी बिना शुल्क लिए जारी किया गया है।

# मार्च की शुरुआत में चांद की ओर उड़ान भरेगा नासा का मानव मिशन, फ्यूल लीकेज की समस्या दूर



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका एक बार फिर चांद की ओर बड़ा कदम बढ़ाने जा रहा है। नासाने पुष्टि की है कि वह 6 मार्च 2026 को अपने अगले मानवयुक्त (क्रूड) चंद्र मिशन को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। यह फैसला एक महत्वपूर्ण वेट ड्रेस रिहर्सल के सफल होने और पहले सामने आई ईंधन रिसाव (फ्यूल लीकेज) की समस्या को ठीक करने के बाद लिया गया है। क्या होती है वेट ड्रेस रिहर्सल? वेट ड्रेस रिहर्सल असल लॉन्च से पहले की पूरी रिहर्सल होती है। इसमें रॉकेट को लॉन्च पैड पर पूरी तरह तैयार किया जाता है। काउंटडाउन की पूरी प्रक्रिया दोहराई जाती है और रॉकेट में अत्यंत ठंडा ईंधन (सुपर-कोल्ड प्रोपेलेंट) भरा जाता है। पहली रिहर्सल के दौरान इंजीनियरों ने हाइड्रोजन गैस का रिसाव (लीकेज) पाया था। सुरक्षा कारणों से लॉन्च की तैयारी रोक दी गई और विस्तृत तकनीकी जांच शुरू की गई। अब नासाके अधिकारियों के मुताबिक लीकेज की समस्या पूरी तरह ठीक कर दी गई है। हाल ही में हुए नए परीक्षण में ऐसी कोई समस्या दोबारा नहीं मिली। नासा ने अपने बयान में कहा कि वेट टेस्ट सफल रहा और पहले देखी गई तकनीकी खामियों को दूर कर लिया गया है। अब सभी सिस्टम की गहन समीक्षा की जाएगी। इस मिशन में एसएलएस रॉकेट का इस्तेमाल किया जाएगा। एसएलएस अब तक का नासा का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। यह अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसक्राफ्ट में बैठाकर चांद की कक्षा तक ले जाएगा। यह मिशन भविष्य में चांद पर स्थायी मानव मौजूदगी की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। लॉन्च से पहले एक अहम बैठक होगी जिसे फ्लाइट रेडीनेस रिव्यू कहा जाता है। यह समीक्षा अगले सप्ताह के अंत तक होने की संभावना है। इसमें मिशन मैनेजर, इंजीनियर और सुरक्षा अधिकारी शामिल होंगे। वेट ड्रेस रिहर्सल और अन्य तकनीकी परीक्षणों के डेटा का विस्तार से विश्लेषण किया जाएगा।

# पीएम मोदी महान व्यक्ति, लेकिन भारत को टैरिफ देना ही होगा; कोर्ट के फैसले के बाद ट्रेड डील पर बोले ट्रंप




**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक आपातकालीन टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया है। टैरिफ के झटके के बाद ट्रंप का का साफ-साफ कहना है कि कोर्ट के हालिया फैसले के बावजूद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में कोई बदलाव नहीं होगा। यानी ट्रंप के अनुसार भारत पहले की तरह की टैरिफ देता रहेगा। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा टैरिफ रद करने के बाद ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान भारत-अमेरिकी ट्रेड डील को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा, भारत के साथ डील यह है कि वे टैरिफ देंगे। पहले जो स्थिति थी, उससे यह उलट है। प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं, लेकिन वे अमेरिका के खिलाफ काफी चतुर थे। भारत हमें लूट रहा था। अब हमने एक निष्पक्ष समझौता किया है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कुछ नहीं बदलेगा भारत को टैरिफ देना ही होगा, और हमें नहीं देना होगा। ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं होगा।

**भारत के साथ मेरे अच्छे संबंध :** ट्रंप ने आगे कहा, मुझे लगता है कि भारत के साथ मेरे संबंध अच्छे हैं और हम भारत के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत रूस से तेल प्राप्त कर रहा था और उन्होंने मेरे अनुरोध पर काफी हद तक अपने संबंध तोड़ लिए, क्योंकि हम उस भयानक युद्ध को समाप्त करना चाहते हैं जिसमें हर महीने 25,000 लोग मर रहे हैं।

**फिर दोहराया भारत-पाकिस्तान सीजफायर का दावा :** पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने फिर इस दावे को दोहराया कि उन्होंने पिछले साल गर्मियों में टैरिफ का उपयोग करके भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका था। ट्रंप ने कहा, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध भी रोका। जैसा कि आप जानते हैं, 10 विमानों को मार गिराया गया था। वह युद्ध चल रहा था और शायद परमाणु युद्ध में तब्दील हो जाता। कल ही, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने युद्ध रोककर 3 करोड़ लोगों की जान बचाई।

**टैरिफ की धमकी से रुका युद्ध :** ट्रंप ने कहा कि मैंने इसे टैरिफ धमकी के जरिए ही रोका। ट्रंप ने कहा कि मैंने चेतावनी दी, देखो, तुम लड़ना चाहते हो, ठीक है, लेकिन तुम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार नहीं करोगे, और तुम दोनों देशों को 200 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। जिसके बाद दोनों देशों ने शांति स्थापित कर ली।

# लेबनान में इस्त्राइली हमलों से 12 की मौत, बच्चों समेत 24 घायल; क्षेत्रीय तनाव और गहराया



**बेरूत , एजेंसी।** मध्य पूर्व में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। लेबनान के पूर्वी बेका घाटी में इस्त्राइल के हवाई हमलों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 24 लोग घायल हो गए। घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। उसी दिन सैदा शहर के एक फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर हुए अलग हमले में दो और लोगों की जान गई। इन घटनाओं से क्षेत्र में हालात और संवेदनशील हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार शुक्रवार को बेका घाटी में कई ठिकानों पर हवाई हमले हुए। स्थानीय टीवी फुटेज में एक बहुमंजिला इमारत को निशाना बनते दिखाया गया। हमले के बाद इमारत में आग लग गई और राहत टीमें मलबे में फंसे लोगों की तलाश करती रहीं। इस्त्राइली सेना ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर को निशाना बनाया। हिजबुल्लाह की ओर से तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई।

**सैदा में शरणार्थी शिविर पर हमला :** दिन में पहले सैदा के ऐन अल-हिलवेह फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर भी हमला हुआ। इस्त्राइल ने कहा कि उसने हमास के कमांड सेंटर को निशाना बनाया। हमास ने दो सदस्यों की मौत की पुष्टि की, लेकिन कहा कि कमांड सेंटर पर हमले का दावा कमजोर बहाना है। संगठन ने कहा कि जिस इमारत को निशाना बनाया गया वह विभिन्न फलस्तीनी गुटों की संयुक्त सुरक्षा इकाई की थी। अक्तूबर 2023 में हमास के नेतृत्व में इस्त्राइल पर हुए हमले के बाद गाजा में युद्ध शुरू हुआ। इसके समर्थन में हिजबुल्लाह ने लेबनान से इस्त्राइल पर रॉकेट दागे। जवाब में इस्त्राइल ने हवाई हमले और गोलाबारी की। सितंबर 2024 में यह टकराव व्यापक युद्ध में बदल गया। दो महीने बाद अमेरिका की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ, लेकिन पूरी तरह शांति बहाल नहीं हो सकी। तब से इस्त्राइल लेबनान में नियमित हमले करता रहा है। शुक्रवार के हमलों में मौतों की संख्या असामान्य रूप से अधिक रही। यह उस समय हुआ है जब अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत विफल होती है।

# पीएम मोदी के दौरे से उत्साहित इस्त्राइल, नेतन्याहू बोले- भारत बेहद शक्तिशाली और लोकप्रिय देश



**येरूसलम, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 और 26 फरवरी को इस्त्राइल के दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी का यह नौ साल बाद इस्त्राइल का दौरा है। इससे पहले उत्साहित उनके इस्त्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि भारत बेहद शक्तिशाली और लोकप्रिय देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से उत्साहित उनके इस्त्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि भारत बेहद शक्तिशाली और लोकप्रिय देश है। इस्त्राइल अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन मजबूत कर रहा है। नेतन्याहू ने बृहस्पतिवार को इस्त्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के कैडेट के दीक्षांत समारोह में कहा, इस्त्राइल बुराई के खिलाफ निवारक उपाय करता है। इसलिए, क्षेत्र में खतरों को बेअसर करने के लिए आवश्यकतानुसार, समय-समय पर कार्रवाई करेगा। नेतन्याहू ने कहा, हम अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाएंगे। अगले सप्ताह एक बेहद शक्तिशाली देश के प्रधानमंत्री इस्त्राइल का दौरा करेंगे। नेतन्याहू ने कहा, निश्चित रूप से आप जानते हैं कि कुछ दिन पहले मैं एक और महत्वपूर्ण दौरे से लौटा हूं। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद से मेरा सातवां दौरा था। वहां मैंने इस्त्राइल के सबसे पक्के मित्र अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की। उन्होंने दावा किया कि हाल में प्रकाशित अमेरिकी सुरक्षा सिद्धांत में इस्त्राइल दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जिसे अमेरिका आदर्श सहयोगी बताता है। मालूम हो कि पीएम मोदी के इस्त्राइल दौरे की वैश्विक स्तर पर चर्चाएं है। इस्त्राइल-भारत के बीच मजबूत गठबंधन नेतन्याहू ने इससे पहले रविवार को प्रमुख अमेरिकी-यहूदी संगठनों के अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित यात्रा का उल्लेख किया था। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा था, संसद को संबोधित करने की तैयारी चल रही है। अगले हफ्ते यहां कौन आ रहा है? नरेंद्र मोदी। नेतन्याहू ने कहा, वर्षों से इस्त्राइल और भारत के बीच एक मजबूत गठबंधन है। हम हर तरह के सहयोग पर चर्चा करने जा रहे हैं। आप जानते हैं, भारत कोई छोटा देश नहीं है। इसकी आबादी 1.4 अरब है। भारत बेहद शक्तिशाली और बेहद लोकप्रिय है। प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर इस्त्राइल पहुंचेंगे। इस दौरान वह नेसेट (संसद) को संबोधित कर सकते हैं। पीएम मोदी नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे। यह पीएम मोदी की इस्त्राइल की दूसरी यात्रा होगी। पहली यात्रा जुलाई 2017 में हुई थी, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा यहूदी राष्ट्र की पहली यात्रा थी।

# रूस के खतरे से सतर्क पोलैंड अब सीमा पर बिछाएगा बारूदी सुरंग, कहा- सुरक्षा जरूरी





**वारसा, एजेंसी।** रूस के खतरे से पोलैंड सतर्क हो गया है। इसी के साथ अब सीमा पर बारूदी सुरंग बिछाएगा। उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने कहा कि रूस पड़ोसियों के प्रति बहुत आक्रामक इरादे रखने वाला देश है। पोलैंड ने रूस से बढ़ते खतरे का हवाला देते हुए अपनी सीमा पर बारूदी सुरंग बिछाने का एलान किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद मध्य यूरोपीय देश विवादास्पद हथियारों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अंतरराष्ट्रीय समझौते से आधिकारिक तौर पर अलग हो गया है। उप रक्षामंत्री पावेल जालेव्स्की ने एपी को बताया, ये बारूदी सुरंग उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी हिस्से में, उत्तर में रूस के साथ और पूर्व में बेलारूस के साथ लगती सीमा पर लगाई जाएंगी। हम रक्षा संरचना का निर्माण कर रहे हैं और सुरक्षा के लिए यह बहुत जरूरी है। पोलैंड को रूस से अपना बचाव करने की जरूरत है। जालेव्स्की ने कहा, रूस एक ऐसा देश है जिसके अपने पड़ोसियों के प्रति बहुत आक्रामक इरादे हैं। उसने खुद कभी अंतरराष्ट्रीय बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध संधि के प्रति प्रतिबद्धता नहीं जताई है। मालूम हो कि फरवरी 2022 से ही रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है। इससे अब तक दोनों पक्षों से हजारों नागरिकों व सैनिकों की जान जा चुकी है। पोलैंड इससे सतर्क है।

**ओटावा संधि के तहत बारूदी सुरंगों पर था प्रतिबंध :** वर्ष 1997 में बारूदी सुरंग पर प्रतिबंध संबंधी संधि को मंजूरी दी गई थी। इसे ओटावा संधि के नाम से भी जाना जाता है। यह संधि हस्ताक्षरकर्ताओं को बारूदी सुरंग रखने या बिछाने से रोकती है। कंबोडिया, अंगोला, बोस्निया और हर्जेगोविना सहित देशों के पूर्व संघर्ष क्षेत्रों में इन बारूदी सुरंगों की वजह से नागरिकों को हुई क्षति के मद्देनजर यह संधि अस्तित्व में आई थी।

**2016 में नष्ट कर दी थी बारूदी सुरंग :** पोलैंड ने 2012 में संधि की पुष्टि की थी। उसने 2016 में अपने सभी बारूदी सुरंग नष्ट कर दी थी। हालांकि, शुक्रवार को उसने संधि से हटने की घोषणा करते हुए कहा कि वह इन हथियारों का निर्माण फिर से शुरू करने की योजना बना रहा है।

**यूक्रेन पर हमले के बाद से सतर्क हैं पड़ोसी देश :** रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमले के बाद से पड़ोसी देश सतर्क हैं और वे अंतरराष्ट्रीय संधि देश में अपनी भागीदारी का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। पिछले वर्ष वारसॉ ने फिनलैंड, एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया के तीन बाल्टिक राज्यों व यूक्रेन के साथ मिलकर संधि छोड़ने की घोषणा की थी। रूस उन लगभग तीन दर्जन देशों में से एक है जो अमेरिका के साथ कभी भी ओटावा संधि में शामिल नहीं हुए हैं।

**मारी जा चुकी हैं पांच हजार से ज्यादा महिलाएं व युवतियां :** संयुक्त राष्ट्र महिला जिनेवा तथा मानवीय कार्रवाई की प्रमुख सोफिया कैल्टोर्प ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि फरवरी 2022 में रूसी हमले शुरू होने के बाद से यूक्रेन में 5,000 से अधिक महिलाओं और लड़कियों की मौत हो चुकी है व 14 हजार से अधिक महिलाएं-लड़कियां घायल हुई हैं।

**20% यूक्रेनी क्षेत्र पर रूस का कब्जा, लोग बदहाल :** करीब चार वर्षों से जारी संघर्ष के दौरान रूस ने 20 प्रतिशत से अधिक यूक्रेनी क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। इस क्षेत्र में लगभग 30-50 लाख लोग रहते हैं। रूस के नियंत्रण वाले इन क्षेत्रों में लोग आवासीय, जल, ऊर्जा, गर्मी व स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां तक रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसोन व जापोरिजिया क्षेत्र में कई वास्तव में दबाव वाली व अत्यावश्यक समस्याओं को स्वीकार किया है।

## रिश्वत लेते लोकायुक्त के जाल में फंसे भाजपा विधायक डॉ. चंद्रू लामणि

**एजेंसी**

**गदग।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने कर्नाटक के गदग जिले के शिरहट्टी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. चंद्रू लामणि को एक ठेकेदार से कथित तौर पर 5 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा और गिरफ्तार कर लिया है। गदग तालुक के चिंचली गांव के ठेकेदार विजयराज एस. पूजार की शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। आरोप है कि लघु सिंचाई विभाग के कार्यों के संबंध में कुल 11 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की गई थी और पहले चरण में 5 लाख रुपये लेते समय लोकायुक्त की टीम ने यह कार्रवाई की। लक्ष्मेश्वर कस्बे में विधायक के स्वामित्व वाले बालाजी अस्पताल में कथित रूप से पैसे लेते समय लोकायुक्त अधिकारियों ने छापा मारा। मौके से 4.5 लाख रुपये बरामद किए गए। साथ ही 50 हजार रुपये बाहर फेंकने की कोशिश किए जाने का भी आरोप है। उक्त राशि को भी अधिकारियों ने जब्त कर लिया है।इस मामले में विधायक के करीबी सहयोगी मंजुनाथ वाल्मीकि तथा गुरु लामाणी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।लोकायुक्त की कार्रवाई की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता अस्पताल के बाहर जमा हो गए। उन्होंने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए मंत्री एच के पाटिल के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## अटल बिहारी वाजपेयी के लिए राजनीति से सर्वोपरि सदैव मानवीय मूल्य और राष्ट्रहित रहे:सीपी राधाकृष्णन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के लिए राजनीति से सर्वोपरि सदैव मानवीय मूल्य और राष्ट्रहित रहे। उन्होंने राष्ट्र से वाजपेयी के एकता और लोकतंत्र के आदर्शों को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। सीपी राधाकृष्णन ने यह बात आज नई दिल्ली स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में पुस्तक 'अटल बिहारी वाजपेयी: द इटरनल स्टेट्समैन' के लोकार्पण के दौरान कही। यह अटल बिहारी वाजपेयी के गौरवशाली जीवन और उनके व्यक्तित्व पर आधारित है। इस पुस्तक के लेखक गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल हैं। यह पुस्तक भारतीय राजनीति को समझने के इच्छुक पाठकों के लिए भी एक अनमोल दस्तावेज साबित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राधाकृष्णन ने कहा, अटल बिहारी केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे वे एक कवि एक दूरदर्शी एक उत्कृष्ट सांसद और सबसे बढ़कर एक दयालु इंसान थे। उन्होंने कहा कि यह प्रकाशन मात्र तस्वीरों का संग्रह नहीं है, बल्कि एक ऐसे राजनेता का सम्मान है जिनका जीवन और विरासत राष्ट्र को प्रेरित करती रहती है।

## बोत्स्वाना से 28 फरवरी को मध्य प्रदेश आएंगे आठ चीते

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्य प्रदेश में चीता पुनर्स्थापन का 'प्रोजेक्ट चीता' 'विश्व का सबसे सफल' अभियान है। आगामी 28 फरवरी को बोत्स्वाना से आठ और चीते लाए जाएंगे। यह परियोजना 'प्रकृति से प्रगति' का संदेश है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो में चीतों की सफल बसाहट पर खुशी जताते हुए कहा कि एक बयान में कहा कि भारत में विलुप्त हो चुके चीते के पुनर्स्थापन का ऐतिहासिक प्रयास, 'प्रोजेक्ट चीता' ने अपने तीन वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। सितंबर 2022 में शुरू हुई यह वन्य जीव संरक्षण यात्रा सफलता के स्वर्णिम सोपान चढ़ चुकी है। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों ने भारतीय धरती पर खुद को अनुकूलित कर लिया है। कूनो और गांधी सागर अभयारण्य में उनकी दूसरी पीढ़ी के शावकों के निर्भय फर्राटों ने सिद्ध कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना को राज्य सरकार के प्रयासों ने साकार कर दिया है। भारत के अभयारण्यों में फर्राटे भरते चीतों की रफ्तार भविष्य में जैव-विविधता संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बन रही है। गौरतलब है कि नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को आठ चीतों का मध्य प्रदेश आगमन हुआ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिवस के मौके पर उन्हें कूनो अभयारण्य के संरक्षित बाड़ों में छोड़ कर पुनर्स्थापना परियोजना का शुभारंभ किया। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते 18 फरवरी 2023 को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गये।

## ममता के मंच पर भाजपा सांसद, सीएम ने दिया बंग विभूषण सम्मान

**कोलकाता।** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में एक अहम संकेत देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर देशप्रिय पार्क स्थित अमर एकुशे उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मंच पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य और राजबंशी समुदाय के प्रमुख प्रतिनिधि अनंत महाराज की उपस्थिति ने राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज कर दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें 'बंग विभूषण' सम्मान से अलंकृत किया। उन्हें उत्तरिय पहनाकर स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनंत महाराज ने मंच से राजबंशी समाज के अग्रदूत माने जाने वाले चिला राय की रचना का पाठ अपनी मातृभाषा में किया। उन्होंने अपने सामुदायिक गौरव पर विशेष जोर दिया। मातृभाषा दिवस के मंच से अपनी भाषा में वक्तव्य देना राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।मुख्यमंत्री और अनंत महाराज के संबंध पहले भी चर्चा में रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर बंगाल दौरे के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं कूचबिहार में उनके आवास पर पहुंची थीं।

# जेपी नड्डा ने केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में टिटनेस और वयस्क डिप्थीरिया वैक्सीन का किया शुभारंभ

**एजेंसी**

**कसौली।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करते हुए हिमाचल प्रदेश के कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान में स्वदेशी रूप से निर्मित टिटनेस और वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन का शुभारंभ किया गया है। टीडी वैक्सीन के शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम को सार्वजनिक स्वास्थ्य की संरचना में एक मील का पत्थर भी बताया। खास बात ये है कि केंद्रीय अनुसंधान संस्थान ने पहली बार स्वदेशी टिटनेस और वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन का शुभारंभ किया है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने केंद्रीय अनुसंधान संस्थान की टीम की तारीफ की और कहा कि स्वदेशी टीडी वैक्सीन स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को



दर्शाती है। उनका यह भी कहना है कि इस वैक्सीन के शुभारंभ से भारत ने 99 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल कर लिया है, जिसे विश्व की नजरों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी छलांग के रूप में देखा जा रहा है। यह हमारे देश की बड़ी उपलब्धियों में शामिल होगी। बता दें कि टीडी वैक्सीन के औपचारिक शुभारंभ के साथ केंद्रीय अनुसंधान संस्थान अप्रैल 2026 तक सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम को 55 लाख खुराक की आपूर्ति करेगा। इसके साथ ही टीडी वैक्सीन के उत्पादन को धीरे-धीरे बढ़ाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हीं के स्वास्थ्य और औषधि क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को पाने के लिए हर राज्य की सरकार अथक प्रयास कर रही है और लक्ष्यों को पूरा भी कर रही है। स्वदेशी रूप से निर्मित टीडी वैक्सीन का शुभारंभ स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की दिशा में एक ठोस कदम है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत को पहले ही 'विश्व की औषधालय' के रूप में जाना जाता है और हमारे देश उभरते टीका निर्माताओं में से एक है। इसी के साथ भारत ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के नियामक प्रणालियों में नंबर-3 का स्तर प्राप्त किया है, जो भारत के लिए गर्व की बात है।

## राष्ट्रपति भवन में 23 फरवरी को 'राजाजी उत्सव', सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का होगा अनावरण: प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में 'राजाजी उत्सव' मनाया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति भवन के केन्द्रीय प्रांगण में स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़कर भारत की संस्कृति से जुड़ी चीजों को महत्व देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में राष्ट्रपति भवन ने भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और 'राजाजी उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सी. राजगोपालाचारी उन महान व्यक्तित्वों में थे जिन्होंने सत्ता को पद की तरह नहीं, बल्कि सेवा की तरह देखा। सार्वजनिक जीवन में उनका आचरण, आत्मसंयम और स्वतंत्र चिंतन आज भी देशवासियों को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे 'एग्जाम वॉरियर्स' हैं और उन्हें स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र का मूल्य उसकी मार्कशीट से तय नहीं होता। जो पढ़ा है उसे पूरे मन से लिखें और किसी एक कठिन प्रश्न को अपने मन पर हावी न होने दें।

# मुख्यमंत्री रेखा ने सराय काले खां स्थित नमो भारत कॉरिडोर का किया निरीक्षण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सराय काले खां स्थित नमो भारत कॉरिडोर का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए दिल्ली की कनेक्टिविटी को बेहतर और सुगम बनाने वाले इस नमो भारत कॉरिडोर के लिए समस्त दिल्लीवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 फरवरी को भारत की पहली नमो भारत रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) का उद्घाटन करेंगे और 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें दिल्ली में सराय काले खान और न्यू अशोक नगर के बीच का 5 किलोमीटर का खंड और उत्तर प्रदेश में मेरठ साउथ और मोदीपुरम के बीच का 21 किलोमीटर का खंड शामिल है। 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ, नमो भारत भारत की पहली क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली है। नमो भारत से साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर और मेरठ जैसे प्रमुख शहरी केंद्र दिल्ली से अधिक तेजी से जुड़ चार नमो भारत स्टेशनों में से एक है। यह रणनीतिक रूप से एक प्रमुख मल्टी-मॉडल हब के रूप में स्थित है, जो हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी और रिंग रोड को सरलता से जोड़ता है। शुरू होने



पाएगें। कॉरिडोर का शुरुआती स्टेशन सराय काले खान, इस उद्घाटन के साथ शुरू होने वाले वाले अन्य तीन नमो भारत स्टेशन शताब्दी नगर, बेगमपुल और मोदीपुरम मेरठ में हैं।

## कविता सुन छलक पड़े वसुन्धरा राजे के आंसू; बोलीं- मां, पिता और भाई के बिना जीवन सूना, जनता ही अब मेरा परिवार

**एजेंसी**

**खानपुर/झालावाड़।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे झालावाड़ के खोयरा गांव में एक कार्यक्रम के दौरान बेहद भावुक हो गईं। मंच पर अपने परिवार को याद कर उनकी आंखें भर आईं और वे काफी देर तक सिसकती रहीं। उन्होंने भरे गले से कहा कि अपनी मां राजमाता विजयराजे सिंधिया, पिता जीवाजी राव सिंधिया और भाई माधवराव सिंधिया के बिना उन्हें अपना जीवन सूना लगता है। अवसर था मुक्तेश्वर मंदिर (खोयरा) में सांसद दुष्यंत सिंह की पदयात्रा के तीसरे चरण के शुभारंभ का। कार्यक्रम के दौरान बकानी की एक युवती अदिति शर्मा ने श्रीमती राजे और उनके परिवार के संघर्ष व गौरवमयी इतिहास पर एक कविता पढ़ी। कविता में जैसे ही उनके माता-पिता और भाई के योगदान का उल्लेख हुआ, श्रीमती राजे अपने आंसू नहीं रोक पाईं।

**'जनता के प्यार में खोजती हूं अपना परिवार '**

भावुक संबोधन में वसुन्धरा राजे ने कहा 'मेरे माता-पिता और भाई अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता, लेकिन जब भी मुझे उनकी याद आती है, तो मैं आप लोगों (जनता) के बीच उन्हें खोजने की कोशिश करती हूं। मुझे अहसास होता है कि आप सबका यह निस्वार्थ प्यार ही मेरा असली परिवार है। '

उन्होंने आगे कहा कि उन्हें धन-दौलत की लालसा नहीं है, बल्कि वे जनता के साथ 'दल' का नहीं, बल्कि 'दिल' का रिश्ता रखती हैं।

**सांसद की पदयात्रा पर बोले- यह खुशहाली का मार्ग है**

सांसद दुष्यंत सिंह की पदयात्रा का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इसके कोई राजनीतिक



मायने नहीं हैं। यह यात्रा विकास के मार्ग पर चलने, लोगों के मन की बात जानने और उनके सपनों को साकार करने के लिए है।

लक्ष्य : उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' है। इसका एकमात्र ध्येय हर वाजिब समस्या का समाधान और क्षेत्र की खुशहाली सुनिश्चित करना है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जो अपनी नेता के इस मानवीय और भावुक रूप को देख स्वयं भी भावुक नजर आए।

# प्रधानमंत्री मोदी नहीं होते तो आज भी तीन तलाक खत्म न हो पाताः आरिफ मोहम्मद खान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं होते तो आज भी तीन तलाक खत्म न हो पाता। प्रधानमंत्री ने तीन तलाक को खत्म कर मुस्लिम बहनों के लिए बड़ा काम किया है। वे वरिष्ठ संपादक आलोक मेहता द्वारा लिखित शुभी पब्लिकेशंस की कॉफी टेबल बुक रेवोल्यूशनरी राज - नरेन्द्र मोदी के 25 साल के विमाचन पर अपने विचार रख रहे थे।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि गोधरा कांड के समय वे खुद भी मोदी के आलोचक रहे हैं, लेकिन जब चार महीने खुद गुजरात जाकर लोगों से मिले तो उनके खुद के विचार प्रधानमंत्री मोदी के प्रति बदल गये। आरिफ मोहम्मद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सामाजिक, सांस्कृतिक बदलाव कर उसे रिफॉर्म की पटरी पर लाने का काम किया। नई पीढ़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जगाया है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बना सकते हैं। कार्यसंस्कृति में भी बदलाव किया है। प्रधानमंत्री मोदी खुद भी ओवर टाइम करते हैं, दूसरों को भी ओवर टाइम काम करने की प्रेरणा देते है। प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी को आत्मविश्वास दिया है कि वे अपने पुरुषार्थ से दुनिया बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश ही नहीं, कई देशों के डेमोक्रेसी की मदर भी है। सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास का मंत्र देकर सभी को बराबरी का एहसास कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिस तरह से जवाब दिया आतंकी ठिकानों को खत्म किया पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया यह उनकी ताकत और क्षमता को भी दिखाता है। अहिंसा का मतलब शक्ति का उपयोग नहीं करना नहीं है। अहिंसा का अर्थ रक्षा भी है, आतंकवाद के खिलाफ सरेंडर करना अहिंसा नहीं है, बल्कि आतंक के खिलाफ लड़ना भी अहिंसा है।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि सालों पहले किसी संत ने सपना देखा था कि भारत कभी स्वच्छ होगा। जब 2014 में जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने उन्होंने लालकीले के प्राचीर से स्वच्छ भारत को लेकर बड़ा आह्वान किया, देश में स्वच्छता को मिशन बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी भारत को फ्रेजाइल इकोनॉमी से बाहर निकाल कर भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने की ओर ले जा रहे हैं। 50 करोड़ से ज्यादा लोगों के जन धन खाते, 90 करोड़ से ज्यादा लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा की योजना से जुड़े हैं। कृत्रिम बुद्धिमता में भारत को विश्व का नेता बनाना लक्ष्य है। इस मौके पर राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश ने लेखक आलोक मेहता का अभिनंदन करते हुए कहा कि कॉफी टेबल बुक में प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यो का लेखाजोखा है। खासबात यह है कि यह किताब प्रधानमंत्री मोदी की माता और उन्होंने अपने माता-पिता को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कार्य संस्कृति में बदलाव हुआ है। 2014 में स्टार्ट की संख्या सिर्फ चार थी।

## उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया क्रोएशिया के प्रधानमंत्री का स्वागत, ताज महल का भ्रमण कराया

**एजेंसी**

**आगरा।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री एंड्रेज प्लेनकोविक के आगरा आगमन पर उनका स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया।

क्रोएशिया के प्रधानमंत्री के आगमन पर उच्च शिक्षा मंत्री ने मुख्य सचिव एस.पी. गोयल के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ विश्व प्रसिद्ध स्मारक ताजमहल का भ्रमण किया और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, स्थापत्य कला तथा वैश्विक महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उच्च शिक्षा मंत्री, प्रधानमंत्री क्रोएशिया के साथ आगरा किला भी पहुंचे। यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर, पर्यटन संभावनाओं और सांस्कृतिक



विविधता पर चर्चा करते हुए प्रदेश में बढ़ते वैश्विक आकर्षण को रेखांकित किया। मंत्री उपाध्याय ने आगरा और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान, विरासत संरक्षण और पर्यटन विकास की योजनाओं की भी जानकारी दी।

## कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति पर उठाए सवाल, अमेरिका के साथ समझौते की आलोचना की


**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की एक बार फिर आलोचना करते हुए मोदी सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाया है। पार्टी ने सरकार से पूछा है कि अमेरिका के साथ समझौता करने से पहले वहां के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार क्यों नहीं किया? साथ ही यह भी पूछा कि अब क्या समझौते पर पुनर्विचार होगा? कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार नहीं करने की वजह से हम एक जाल में फंस गए। इसके चलते हमने अमेरिका को बहुत ज्यादा रियायत दे दी। व्यापार समझौते की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि हमने भारत के कृषि क्षेत्र को अमेरिकी सामानों के लिए खोल दिया, 500 अरब डॉलर की खरीद और रूस से तेल नहीं खरीदने का वादा कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को यह बताना चाहिए कि आखिर किस कारण से किसके दबाव में भारत के राष्ट्रीय हितों और रणनीतिक सहायता के साथ समझौता किया गया।

## मध्य प्रदेश में अब 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 मतदाता, एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चार माह तक चले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नाम जोड़ने, हटाने के लिए बुलाए गए दावे-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। एक जनवरी 2026 की तिथि के आधार पर जारी इस सूची में कुल 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 मतदाता हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने निर्वाचन सदन भोपाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 39 लाख 81 हजार 65 है। इनमें पुरुष मतदाता दो करोड़ 79 लाख चार हजार 975, महिला मतदाता दो करोड़ 60 लाख 75 हजार 186 तथा थर्ड जेंडर मतदाता 904 हैं।




बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में छूट गए हैं अथवा किसी प्रकार का संशोधन है, वे ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही जिन युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। झा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है। झा के अनुसार, 27 अक्टूबर 2025 से प्रदेशभर में यह अभियान चरणबद्ध तरीके से चलाया गया। लगभग चार माह तक चले इस विशेष पुनरीक्षण के दौरान नाम जोड़ने, विलोपन और संशोधन से संबंधित दावे-आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्राप्त की गईं। इसके बाद 14 फरवरी 2026 तक सभी दावों और आपत्तियों का सत्यापन कर उनका निराकरण किया गया।

# उपराष्ट्रपति ने संविधान के तमिल और गुजराती संस्करण जारी किए, विधिक शब्दावली का 8वां संस्करण भी लोकार्पित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान के अद्यतन तमिल और गुजराती संस्करणों का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधिक शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी) के 8वें संस्करण का भी लोकार्पण किया। समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर संविधान के इन संस्करणों का जारी होना अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि मातृभाषाएं हमारी पहचान, विचार और सांस्कृतिक निरंतरता की आधारशिला होती हैं। ऐसे महत्वपूर्ण दिवस पर संविधान को तमिल और गुजराती में उपलब्ध कराना भाषाई गौरव और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त संदेश देता है। उन्होंने भारत की भाषाई समृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि तमिल से कश्मीरी और गुजराती से असमिया तक, देश की प्रत्येक भाषा अपने भीतर सदियों की विरासत संजोए हुए है। भारतीय संविधान इस विविधता को मान्यता देता है और बहुभाषिकता को हमारी शक्ति के रूप में स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि विश्व में शायद ही कोई ऐसा देश होगा, जहां संविधान



इतने विविध भाषाई रूपों में उपलब्ध हो। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा संविधान को विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में पहली बार बोडो, डोगरी और संथाली जैसी भाषाओं में संविधान के आधिकारिक अनुवाद उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने स्मरण किया कि गत दिसंबर में राष्ट्रपति भवन में संथाली संस्करण के विमोचन कार्यक्रम में वे स्वयं उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्ष नेपाली भाषी नागरिकों के लिए पहली बार संविधान का नेपाली संस्करण भी जारी किया गया। तमिल और गुजराती भाषाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों भाषाएं साहित्यिक प्रतिभा, दार्शनिक गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि की दृष्टि से अत्यंत गौरवशाली हैं। उन्होंने हाल में मलेशिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा तमिल भाषा को विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक बताते हुए उसकी प्रशंसा किए जाने का भी उल्लेख किया तथा गुजराती साहित्य की समृद्ध परंपरा को रेखांकित किया।

उपराष्ट्रपति ने विधिक शब्दावली (अंग्रेजी-हिन्दी) के 8वें संस्करण के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरल और स्पष्ट भाषा में तैयार यह संस्करण विधायकों, विद्यार्थियों, न्यायिक अधिकारियों, शोधार्थियों, अनुवादकों और नीति-निर्माताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने इसे केवल एक संदर्भ ग्रंथ नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल संविधान को लोगों तक उनकी अपनी भाषाओं में पहुंचाने का माध्यम बनेगी, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और संवैधानिक जागरूकता और अधिक सुदृढ़ होगी। उपराष्ट्रपति ने महात्मा गांधी के उस विचार का उल्लेख किया कि किसी राष्ट्र की संस्कृति उसके लोगों के हृदय और आत्मा में बसती है तथा भाषा उस आत्मा तक पहुंचने का सेतु है।

# वसुंधरा अभियान का काम सराहनीय : राज्यपाल आचार्य देवव्रत

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुंबई में कहा कि माझी (हमारी) वसुंधरा अभियान के ज़रिए पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जा रहा काम बहुत सराहनीय है। माझी वसुंधरा अभियान आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ जीवन के लिए जनता की मदद से किया गया एक ईश्वरीय कार्य है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत वर्ली के सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित माझी (हमारी)वसुंधरा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से टेम्परेचर बढने लगा है। ग्लोबल लेवल पर नेचुरल डिजास्टर की आशंकाएं जताई जा रही हैं। नेचर और एनवायरनमेंट की रक्षा करना जीव जगत के लिए जरूरी है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि एनवायरनमेंट कंजर्वेशन को डेवलपमेंट पॉलिसी के सेंटर में रखते हुए हर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ग्रीन ऑडिट को जरूरी बनाया जाना चाहिए। लोकल लेवल पर ग्रीन इकॉनमी को बढ़ावा देकर, लोकल सेल्फ-गवर्नमेंट बॉडीज़ को ग्रीन बजट बनाना चाहिए और वेस्ट मैनेजमेंट, सोलर एनर्जी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग और नेचुरल फार्मिंग के लिए फाइनेंशियल इंसेंटिव देने चाहिए। एनवायरनमेंटल एजुकेशन को बढ़ावा देकर, माझी वसुंधरा अभियान के ज़रिए पब्लिक पार्टिसिपेशन को एक मूवमेंट का रूप देना चाहिए और हर नागरिक को क्लाइमेट वॉरियर बनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने कहा कि पृथ्वी, हवा, पानी, आग और आसमान के पांचों एलिमेंट्स को बचाकर रखना हमारी संस्कृति और ड्यूटी है। जब क्लाइमेट चेंज का संकट हमारे सामने मंडरा रहा है, तब 'माझी वसुंधरा' कैंपेन के ज़रिए पेड़ लगाने, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और पानी बचाने का जो काम किया जा रहा है, वह तारीफ़ के काबिल है। सुनेत्रा पवार ने कहा कि 'माझी वसुंधरा' एक कैंपेन नहीं बल्कि लोगों का मूवमेंट होना चाहिए। इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे, विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल, पर्यावरण विभाग के जयश्री भोज, राज्यपाल के सचिव प्रशांत नारनवारे और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# टी20 विश्व कप: इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर सुपर-8 का अपना पहला मुकाबला जीता

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** फिल सॉल्ट के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के अच्छें प्रदर्शन से इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 के अपने पहले ही मुकाबले में शानदार दमदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 51 रनों से हरा दिया। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 146 रन बनाये। इसक बाद मेजबान लंकाई टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.4 ओवर में 95 रनों पर ही आउट हो गयी।

मेजबान श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया जो सही साबित नहीं हुआ। इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बाद फिल सॉल्ट की 40 गेंदों में 62 रनों की पारी से ठीक स्कोर बना लिया। सॉल्ट ने संयम और आक्रामकता के साथ खेलते हु पारी को संवारा। मध्य क्रम हालांकि टिक नहीं पाया। । श्रीलंकाई गेंदबाज़ों ने अच्छी गेंदबाजी कर इंग्लैंड के अन्य बल्लेबाजों को हावी होने का अवसर नहीं दिया। अंतिम ओवरों में टीम किसी प्रकार 150 के करीब पहुंच पायी।

जीत के लिए 147 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी अच्छी नहींरही। पावरप्ले के अंत तक आधी टीम 34 रनोंर पर ही सिमट गयी। जैक्स ने लगातार चार ओवर गेंदबाज़ी करते हुए 22 रन देकर तीन विके लिए। वहीं जोफ्रा आर्चर ने नई गेंद से दो अहम विकेट लिए, जबकि लियाम डॉसन और आदिल रशीद ने भी दबाव बनाये रखा। । कप्तान दासुन शनाका ने 30 रन बनाये पर वह टिक नहीं पाये। आदिल रशीद ने अंतिम विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी समेट दी।




# अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीता



**दोहा (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने कतर ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अल्कराज ने खिताबी मुकाबल में फ्रांस के अर्थुर फिल्स को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से हराया। दोनो में ये मुकाबला केवल 50 मिनट तक चला, जिसमें अल्काराज़ का दबदबा रहा।

इस खिताबी जीत के साथ ही अल्काराज़ ने इस साल 2026 में लगातार 12 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया था। वह चारों ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अब उनके टूर खिताबों की तादाद बढ़कर 26 पहुंच गयी है। फाइनल में उन्होंने आक्रामक रुख अपनया जिसका फ्रांसीसी खिलाड़ी के पास जवाब नहीं था। खिताब जीतने के बाद उत्साहित अल्काराज़ ने कहा- साल की शुरुआत वाकई बहुत अच्छी रही है। मैं अपने खेल से बेहद खुश हूं और इसी लय को आगे भी बनाये रखना चाहता हूं। अल्काराज की इस फॉर्म को देखते हुए तय है कि वह इस सत्र में आगे भी खिताब जीतकर नये रिकार्ड बनाएंगे।

# किसी भी टीम को हल्के से ना लें, इससे आप लक्ष्य से भटक सकते हो : डैरेन सैमी



**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने टी20 विश्व कप के सुपर आठ के रविवार को होने वाले मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को आगाह किया कि वह जिम्बाब्वे को किसी भी तरह से कम करके आंकने की गलती नहीं करें क्योंकि इससे वह लक्ष्य से भटक सकते हैं। सैमी ने इसके साथ ही कहा कि जिम्बाब्वे को ग्रुप बी में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया जैसी वरीयता प्राप्त टीमों के साथ रखे जाने से अतिरिक्त प्रेरणा मिली होगी और उनका मानना है कि इसी वजह से जिम्बाब्वे ने अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन किया और ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

जिम्बाब्वे ने ग्रुप चरण में पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सबको चौंका दिया था। सैमी ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, 'ऐसा कम ही होता है कि केवल शीर्ष टीमें ही आगे बढें। मेरी टीम जानती है कि वह विश्व कप में खेल रही है। कल हमारा मुकाबला जिम्बाब्वे से है, फिर दक्षिण अफ्रीका से और उसके बाद भारत से।' उन्होंने कहा, 'हमारे सामने पिछले विश्व कप के दो फाइनलिस्ट हैं। अगर आपको जीतना है तो आपको अपने सामने मौजूद चुनौतियों का सामना करना होगा। इसे हल्के में न लें, किसी को भी कम न समझें। अगर आप अन्य चीजों पर ध्यान देते हैं तो आप लक्ष्य से भटक सकते हैं।'

सैमी ने जिम्बाब्वे के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन के बारे में कहा कि उसे वरीयता नहीं मिली थी जिससे वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुआ। उन्होंने कहा, 'जिम्बाब्वे ने वही किया जो उसे करना चाहिए था। अगर हमें वरीयता नहीं मिली होती या ऐसा कुछ होता और मैं देखता कि यह व्यक्ति (एक प्रतिद्वंद्वी) वहां खेलने जा रहा है तो इससे मुझे प्रेरणा मिलती।' सैमी ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जिम्बाब्वे ने उस टीम को देखकर प्रेरणा और प्रोत्साहन हासिल किया होगा और उसी तरह से खेला होगा। लेकिन (टीमों को वरीयता देने के मामले में) मैं व्यवस्था के दृष्टिकोण से भी समझता हूं। प्रशंसकों को आश्वासन देने की कोशिश करना जरूरी है।'

# भारत ए ने बांग्लादेश ए को हराकर दूसरी बार महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स खिताब जीता

**बैंकॉक (एजेंसी)।** तेजल हसनबिस के अर्धशतक से भारत ए टीम ने यहां खेले गये एशिया कप महिला राइजिंग स्टार्स के फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रनों से हराकर खिताब जीता है। भारत की ओर से तेजल ने 34 गेंदों पर नाबाद 51 रन बनाये। वहीं इसके बाद लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने भी 12 रन देकर तीन विकेट लिए।

इस मैच में भारत ए ने एक समय 44 रन पर 4 विकेट खो दिये थे पर इसके बाद हसनबिस ने कप्तान राधा यादव के साथ पारी को संभाला। राधा ने 30 गेंदों पर 36 रन बनाये। इन दोनो के बीच पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी हुई। इससे भारत ए टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन तक पहुंची। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ए टीम टिक नहीं पायी और 19.1 ओवर में 88 रन पर ही आउट हो गयी। बांग्लादेश ए टीम भारतीय गेंदबाजी के सामने टिक नहीं पायी। उसने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में ही 12 रन पर अपना पहला विकेट खो दिया। तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने इश्मा तंजीम को पेवेलियन भेजा। वहीं इसके बाद प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को आउट कर दिया। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते चले गये।





## पाकिस्तान को सेमीफानल में पहुंचने सुपर–8 के दोनो मैच जीतने होंगे

कोलंबो । आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सुपर–8 में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच हुए पहले मुकाबले के बारिश के कारण रद्द होने के बाद ही दोनो ही टीमों को एक–एक अंक मिले हैं। ऐसे में अब दोनो ही टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बचे हुए दोनो ही मैच जीतने पूरी ताकत लगा देंगी। पाकिस्तान के आगे जाने की संभावनाएं अब बचे हुए मैचों के परिणामों पर आधारित रहेंगी। पाकिस्तान को अब अंतम चार में पहुचने न केवल देनो ही मैच जीतना होगा बल्कि ये भी देखना होगा कि उनका रन रेट बेहतर रहे। 24 फरवरी को पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड से खेलना है और उसके लिए ये मुकाबला आसान नहीं रहेगा। इंग्लैंड एक ऐसी टीम है जो किसी भी दिन मैच का पासा पलट सकती है। इसके बाद पाक को संयुक्त रुप से मैच का आयोजर कर रही श्रीलंका से 28 फरवरी को अपना अंतिम सुपर 8 मुकाबला खेलना होगा। अगर पाकिस्तान इंग्लैंड से हार जाता है, तो यह मैच उसे हार हाल में बड़े अंतर से जीतना होगा। भी पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना बढ़कर 56.25 फीसदी हो गयी है। वहीं इंग्लैंड और श्रीलंका, जिन्हें अभी बड़े मैच खेलने हैं, उनकी जीत की संभावना घटकर 43.75 फीसदी पाक के पास अब अधिकतम 5 अंक तक पहुंचने का मौका है।

# धवन ने सोफी शाइन से की दूसरी शादी

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन दूसरी बार दूल्हा बने हैं। धवन ने आयरलैंड की सोफी शाइन के साथ दूसरी शादी रचाई। उनकी शादी में रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल हुए। धवन ने अपनी शादी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया में भी साझा की हैं। इसके साथ ही उन्हें बधाइयां मिलने लगीं। अभिनेता रणवीर सिंह ने भी धवन के अलावा अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने इस जोड़े को बधाई दी है। रणवीर ने धवन को बधाई देते हुए लिखा, बधाई और भगवान का आशीर्वाद बना रहे भाई, । वहीं कॉमेडियन सुनील ग्रोवर ने लिखा, बधाई हो पाजी और भाभी जी, अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने दिल वाली इमोजी बनाई। वहीं क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने भी दोनो को बधाई दी है। धवन जहां शेरवानी में वहीं सोफी खूबसूरत लहंगे में नजर आई। शादी की तस्वीरों में दोनो ही बेहद खुश दिखे। धवन और सोफी की सगाई जनवरी में हुई थी। इसके बाद से ही शादी की तैयारी चल रही थी। इनकी सगाई की तस्वीरों को भी प्रशंसकों ने काफी पसंद किया था। ये दोनो ही पिछले काफी सयम से रिलेशनशिप में थे। धवन की पहली शादी ऑस्ट्रेलिया की आयेशा मुखर्जी से हुई थी जिनसे उन्हें एक बेटा जोरावर है। धवन और आयशा के बीच आठ साल के बाद तलाक हो गया था। उसके बाद से ही शिखर अकेले पड़ गये थे।



# अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करुंगा : अभिषेक



अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 विश्वकप में असफल रहे हैं। वह अपने तीनों ही मैचों में खाता नहीं खोल पाये हैं। इसके बाद भी अभिषेक का कहना है कि वह आगे भी अपना खेलने का अंदाज नहीं बदलेंगे भले ही शून्य पर आउट हो जायें। भारतीय टीम अब लीग में जीतकर सुपर–8 में पहुंच गयी है। ऐसे में अभिषेक पर अब रन बनाने का दबाव है। अभिषेक वह पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने का प्रयास करते हैं और इसी में कभी–कभी विकेट गंभव देते हैं। ग्रुप स्तर पर वह तीन पारियों में सिर्फ आठ गेंद ही खेल पाए। आंकड़े भी उनके खराब फॉर्म को दिखाते हैं। वह अपनी पिछली सात पारियों में पांच बार शून्य पर आउट हुए हैं. कुल मिलाकर, 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में से छह में वह बिना रन बनाए पवेलियन लौटे हैं। वहीं इससे उबरने अभिषेक लगातार ट्रेनिंग में मेहनत कर रहे हैं, जिससे अपना फार्म वापस पा सकें। उन्होंने अपने पर दबाव से इंकार करते हुए कहा 卐मैं बस अपनी बल्लेबाजी का मजा लेता हूं, मैंने दो साल पहले दबाव लेना बंद कर दिया क्योंकि मुझे समझ आ गया कि प्रक्रिया मेरे हाथ में है। अभ्यास और ट्रेनिंग मैं नियंत्रित कर सकता हूं, और उसी पर ध्यान देता हूं। मुझे यह पसंद है, इसलिए कोई दबाव नहीं है।卐अभिषेक जानने है कि हर खिलाड़ी के करियर में ऐसा समय आता है। इसलिए मौजूदा खराब दौर के बाद भी वह अपनी तकनीक में बदलाव नहीं करेंगे क्योंकि इसी ने टी20 में उन्हें नंबर–1 बनाया है। इस बल्लेबाजन ने कहा ' करियर में हमेशा उतार–चढ़ाव आते हैं। कभी रन बनते हैं, कभी नहीं. लेकिन मैंने तय किया है कि मैं अपने तरीके से ही खेलूंगा।'

# रिटायरमेंट की अफवाहों पर फुल स्टॉप, आईपीएल 2026 में फिर दिखेगा 'कैप्टन कूल' का जलवा


**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। चेन्नई सुपर किंग्स के CEO कासी विश्वनाथन ने पुष्टि कर दी है कि दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एमएस धोनी आईपीएल 2026 में खेलते नजर आएंगे।

लगातार उठ रही रिटायरमेंट की अटकलों के बीच यह आधिकारिक बयान सामने आया है, जिससे साफ हो गया है कि धोनी एक और सीजन 'येलो जर्सी' में दिखाई देंगे। कासी विश्वनाथन ने स्पष्ट कहा, 'एमएस धोनी आईपीएल 2026 सीजन के लिए उपलब्ध हैं।'

### सीएसके के साथ धोनी की विरासत

धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स के साथ सफर ऐतिहासिक रहा है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में आईपीएल खिताब जीते। 44 वर्ष की उम्र में भी उनका खेल और फिटनेस फैंस को चौंकाते रहे हैं।

2008 से अब तक धोनी सीएसके के स्तंभ रहे हैं। उन्होंने 272 मैचों में 5314 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 2019 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ नाबाद 84 रन रहा।




### कप्तानी का लंबा सफर

धोनी ने 244 मैचों में टीम की कप्तानी की, जिसमें 145 जीत दर्ज कीं। उनका जीत प्रतिशत 59.42 रहा है।

2022 में कप्तानी रवींद्र जडेजा को सौंपी गई थी, लेकिन टीम के खराब प्रदर्शन के बाद धोनी को बीच सीजन में दोबारा जिम्मेदारी संभालनी पड़ी। 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तान बनाया गया। 2025 में गायकवाड़ के चोटिल होने पर धोनी ने फिर टीम की कमान संभाली, हालांकि वह सीजन टीम के लिए कठिन रहा।

### 2026 के लिए रिटेंशन और बड़े बदलाव

आईपीएल 2026 के लिए धोनी को 4 करोड़ रुपये में अनकैप्ड प्लेयर नियम के तहत रिटेन किया गया है। उनके साथ रिटेन खिलाड़ियों में ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस और नूर अहमद शामिल हैं।

बड़े बदलाव के तहत रवींद्र जडेजा और सैम करन को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड किया गया है। वहीं चेन्नई ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा है, जिससे टीम की बल्लेबाजी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।


### आईपीएल 2026 के लिए सीएसके की पूरी टीम

कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, अकील हुसैन, एमएस धोनी, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, आयुष म्हात्रे, डेवॉल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, उर्विल पटेल, नूर अहमद, नाथन एलिस, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, जेमी ओवरटन, गुरजपनीत सिंह और अंशुल कंबोज।

## पांड्या ने बेटे अगस्त्या को उपहार में दी करोड़ों की एसयूवी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अपनी महंगी जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। वह हमेशा महंगी घडियां पहने दिखते हैं। इसी कड़ी में अब हार्दिक ने अपने पांच साल के बेटे अगस्त्या को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दी है। पांड्या का सर्बियाई अभिनेत्री नताशा स्टैनकोविक से तलाक हो गया है पर बेटे का ध्यान दोनो ही मिलकर रहते हैं। अगस्त्या की कस्टडी हालांकि नताशा को मिली है पर हार्दिक उनसे मिलते रहते हैं। इतने छोटे से बेटे को करोड़ों की एसयूवी कार उपहार में दिये जाने से लोग हैरान दी क्योंकि उनके बेटे की उम्र अभी खिलौनों से खेलने की है। सोशल मीडिया पर हार्दिक के अपने बेटे अगस्त्या और पूर्व पत्नी नताशा स्टैनकोविक को दिए गए उपहार की तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें हार्दिक का बेटा और नताशा लैंड रोवर डिफेंडर कार लेते दिख रहे हैं। तस्वीर में वेलकम नोट पर साफ–साफ लिखा हुआ है पापा टू अगस्त्या।

# मेस्सी की मौजूदगी में MLS चैंपियन इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार



लॉस एंजिलिस । स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने MLS कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (LAFC) से 3–0 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए। बुआंगा ने मैच के बाद कहा, ' वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है।' इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिज़ियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।

# फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने पेशेवर रिंग में वापसी के संकेत दिए

नई दिल्ली । मुक्केबाजी के दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर ने एक बार फिर पेशेवर मुक्केबाजी में वापसी के संकेत दिए हैं। मेवेदर ने कहा कि वह आधिकारिक पेशेवर मुकाबला लड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिससे मुक्केबाजी की दुनिया में हलचल मच गई है। 2017 में कॉनर मैकग्रेगर को हराकर 50–0 का रिकॉर्ड बनाने वाले मेवेदर ने उस मुकाबले के दसवें राउंड में टीकेओ से जीत दर्ज की थी और तुरंत बाद संन्यास की घोषणा की थी। हालांकि, संन्यास के बाद भी मेवेदर पूरी तरह रिंग से दूर नहीं रहे। उन्होंने पेशेवर मुक्केबाजों, एमएमए फाइटर्स और सेलिब्रिटीज़ के खिलाफ कई प्रदर्शनी मुकाबले लड़े। अगस्त 2024 में मेक्सिको में उनका मुकाबला जॉन गोटी तृतीय से हुआ था। अब 2026 में मेवेदर 59 साल के माइक टायसन के साथ मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं। यह मुकाबला अप्रैल 2026 में कांगो में प्रस्तावित है और इसे बॉक्सिंग इतिहास के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक माना जा रहा है। दोनों फाइटर्स की संयुक्त उम्र 100 वर्ष से अधिक है, लेकिन फैंस के बीच इस इवेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। मेवेदर ने कहा कि उनके इवेंट्स से प्राप्त गेट रेवेन्यू, वैश्विक दर्शक संख्या और कमाई शायद ही कोई और फाइटर हासिल कर सके। टायसन के साथ प्रस्तावित मुकाबला उनकी संभावित वापसी की दिशा में पहला कदम हो सकता है। यदि यह आधिकारिक मुकाबला बनता है, तो यह लगभग नौ साल बाद मेवेदर की पहली पेशेवर फाइट होगी। पांच अलग–अलग वेट डिवीजन में विश्व चैंपियन रह चुके मेवेदर का करियर ऐतिहासिक रहा है। टायसन के खिलाफ होने वाला मुकाबला तय करेगा कि 48 साल के मेवेदर का पेशेवर मुक्केबाज के रूप में भविष्य कैसा होगा। हालांकि, उनके फैंस रिंग में उनकी वापसी देखने के लिए उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह मुकाबला मेवेदर के करियर को एक नया अध्याय दे सकता है।



# आज कनाडा, अमेरिका सहित कई देशों से खेल रहे भारतीय मूल के खिलाड़ी : प्रधानमंत्री मोदी

**सैंटोस (ब्राज़ील) (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में विदेशी टीमों से खेलते हुए नाम देश का नाम रौशन कर रहे भारतीय मूल के खिलाड़ियों की प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज टी20 विश्वकप क्रिकेट को ही देख लें। इसमें खेल रहे दुनिया भर के कई देशों में भारतीय मूल के खिलाड़ी नजर आ रहे हैं जो वहां की टीमों से खेलते हुए दोनो देशों का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कनाडा से खेल रहे दिलप्रीत बाजवा, अमेरिका से खेल रहे मोनांक पटेल सहित कई खिलाड़ियों का नाम लिया। प्रधानमंत्री ने कहा, जो खेले वो खिले, खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे। इस दौरान किसी भारतीय को दूसरे देश की जर्सी पहने भी आपने देखा होगा। उसका नाम सुनकर आपकों लगता है कि ये तो अपने देश का है, तब दिल में खुशी भी होती है कि भारत से बाहर जाकर भी वह वह उस देश की ओर से खेलता है, जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं और पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। साथ ही कहा, कनाडा की टीम क ही देख लें, इसमें सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर और श्रेयस मोआ जैसे कई खिलाड़ी शामिल हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बढ़ा रहे हैं। अमेरिका टीम में शामिल कई खिलाड़ी भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल ने गुजरात की ओर से खेला हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, और दिल्ली के मिलिंद कुमार अमेरिकी टीम से खेल रहे हैं।

इसके अलावा ओमान की टीम में भी कई भारतीय हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों से खेले हैं। जतिंद्र सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय और आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट टीम से खेलते हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के कई खिलाड़ी हैं। ये भारतीय देश से बाहर जाने के बाद भी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है, वह जहां भी जायें, अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं। इसी के साथ ही वह जिस देश में रहते हैं, वहां के विकास के लिए सहयोग में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





# युवराज सिंह की बायोपिक करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

अपनी आगामी फिल्म ' दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। जी हाँ, अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज़ 'इनसाइड एज' से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत कहते हैं, 'मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौक़ा मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी। वाकई वे एक आइकन हैं, और दुनिया को उनकी कहानी ज़रूर जाननी चाहिए।'

बतौर अभिनेता अपने हर किरदार में गहराई और सच्चाई दिखानेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी की इस बात को सुनकर उनके दर्शक सहज ही कल्पना कर सकते हैं कि जब वे उनके क्रिकेट आइडल की भूमिका निभाएंगे तो वह कितना शानदार होगा। यही वजह है कि अब सिद्धांत के साथ उनके फैंस भी ये मैनिफेस्ट कर रहे हैं कि सिद्धांत जल्द से जल्द युवराज सिंह की भूमिका में नज़र आएं क्योंकि युवराज सिंह की भूमिका वही कलाकार निभा सकता है, जिसमें स्टार प्रेज़ेंस के साथ-साथ भावनात्मक संवेदनशीलता भी हो और इस कसौटी पर सिद्धांत पूरी तरह खरे उतरते हैं। वैसे बायोपिक की बात करें तो सिद्धांत जल्द ही दिग्गज फिल्ममेकर 'वी. शांताराम' का चुनौतीपूर्ण बायोपिक में नज़र आनेवाले हैं और इसके फर्स्ट लुक के साथ ही वे अपने दर्शकों की सराहना भी पा चुके हैं। फिलहाल अपने करियर में वास्तविक जीवन से जुड़ी, विरासत-प्रधान कहानियों के प्रति अपने जुड़ाव को सिद्धांत जिस खूबसूरती से मजबूत करते जा रहे हैं, इससे ये विश्वास और पक्का हो जाता है कि अगर कभी युवराज सिंह की बायोपिक बनी, तो उसके लिए सिद्धांत चतुर्वेदी एकदम परफेक्ट कलाकार होंगे।



# राजकुमार राव के समर्थन में उतरीं पत्नी पत्रलेखा; आलोचकों को दिया जवाब

हाल ही में अभिनेता राजकुमार राव को उनके बढ़े हुए वजन को लेकर ट्रोल किया गया था। लोगों ने उन्हें बूढ़ा तक कह डाला था। इसके बाद बीते दिन राजकुमार राव ने आलोचकों को जवाब देते हुए वजन बढ़ाने का कारण भी बताया था। अब अभिनेता की पत्नी व एक्ट्रेस पत्रलेखा ने राजकुमार राव का सपोर्ट किया है। साथ ही उन्होंने ट्रोलर्स पर भी निशाना साधा है।

पत्रलेखा ने राजकुमार राव की एक पोस्ट को अपनी स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेता का सपोर्ट किया है। राजकुमार राव पर गर्व जताते हुए पत्रलेखा ने स्टोरी पर अपने नोट में लिखा, 'आप पर बहुत गर्व है। आप हर फिल्म प्रोजेक्ट के लिए अपना सब कुछ देते हैं। दुनिया उस प्रोसेस और मेहनत को नहीं देखती, जो एक एक्टर के किरदार को बनाने में लगाता है। आखिरी नतीजा हमेशा आसान दिखता है। नजर आने वाले सारे फेम और ग्लैमर के पीछे, एक एक्टर की जिंदगी खून, पसीने, आंसुओं और पर्सनल लाइफ के त्याग से भरी होती है।'

## 'निकम' फिल्म के लिए राजकुमार ने बढ़ाया वजन

हाल ही में राजकुमार राव एक इवेंट में शामिल हुए थे। जहां उनके बदले हुए लुक को देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था और बूढ़ा बता दिया था। इसके बाद राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'निकम' के लिए 9-10 किलो वजन बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की। एक्टर ने पोस्ट में ये भी बताया था कि उन्हें प्रोस्थेटिक मेकप पसंद नहीं है, इसलिए जहां तक संभव होता है वो अपने शरीर पर मेहनत करते हैं। पोस्ट में राजकुमार राव ने अपनी उन पिछली फिल्मों का भी जिक्र किया, जिनके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया।

## नेटफ्लिक्स की फिल्म में नजर आएंगे राजकुमार राव



वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'मालिक' में नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। इसके अलावा उनकी आगामी फिल्मों में नेटफ्लिक्स की फिल्म 'टोस्टर' शामिल है। इसमें उनके साथ सान्या मल्होत्रा और अभिषेक बनर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में दो बायोपिक 'निकम' और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक भी शामिल हैं।




# सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ सकती है आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा'

यशराज फिल्म्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स के जरिए 'टाइगर' फ्रेंचाइज 'पठान' और 'वॉर' जैसी कई पुरुष प्रधान फिल्में बनाईं और दर्शकों का प्यार हासिल किया है। इस यूनिवर्स का हिस्सा आलिया भट्ट और शरवरी वाघ भी बन गई हैं। उनकी महिला प्रधान स्पाई जासूसी फिल्म 'अल्फा' को 2026 में रिलीज किया जाना तय है। हालिया जानकारी में पता चला है कि निर्माता फिल्म को सिनेमाघरों में उतारने की बजाए सीधे ओटीटी पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक...' आलिया स्टारर 'अल्फा' को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा सकता है। दरअसल, रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' सिनेमाघरों में बढ़िया प्रदर्शन नहीं कर रही है। इसलिए निर्माता कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। हो रही हैं। बता दें कि इस फिल्म में बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। फिल्म में आलिया और शरवरी के साथ बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। यह एक्शन फिल्म होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बना रहे हैं विवेक अग्निहोत्री?



फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया। प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया।

# अब लेखिका बनीं अभिनेत्री आयशा शर्मा

अभिनेत्री आयशा शर्मा अपनी रचनात्मक पहचान को एक नया आयाम दे रही हैं। अब वे पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया के साथ बतौर लेखिका डेब्यू कर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपनी दमदार मौजूदगी और एक गहराई से जुड़ी कम्युनिटी के लिए जानी जाने वाली आयशा शर्मा ने धीरे-धीरे अपनी एक अलग आवाज़ बनाई है, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं है। इस किताब के जरिए वह अभिव्यक्ति का एक और रास्ता तलाश रही हैं—एक ऐसा रास्ता जो ठहराव, आत्मचिंतन और भावनात्मक ईमानदारी को जगह देता है। उनकी पहली किताब सौ छोटे-छोटे ध्यानपूर्ण विचारों का संग्रह है, जो ताकत, कोमलता और आत्म-प्रेम के इर्द-गिर्द बुना गया है। रोजमर्रा की भावनाओं से जुड़ी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो थकान, आत्म-संदेह और हर वक्त खुद को साबित करने के दबाव से जूझ रहे हैं। यह किताब हल देने का दावा नहीं करती, बल्कि एक ऐसा स्पेस बनाती है जहाँ पाठक खुद को पहचान सकें और एक सुकून भरी तसल्ली महसूस कर सकें। किताब के पीछे की भावना साझा करते हुए आयशा शर्मा कहती हैं, मेरा मानना है कि सही किताब आपको सही समय पर मिलती है। आयशा शर्मा के लिए लेखन उनकी डिजिटल मौजूदगी का स्वाभाविक विस्तार है, जहाँ आत्म-विकास, भावनात्मक संतुलन और अंदरूनी सफर जैसे विषय पहले से ही उनके दर्शकों से गहराई से जुड़ते हैं। यह नया अध्याय उनकी उस कोशिश को दर्शाता है जिसमें वह अभिनय, डिजिटल कहानी कहने और अब लेखन—तीनों के बीच सहजता से सफर करती हुई एक मुकम्मल क्रिएटिव पहचान गढ़ रही हैं।



# अक्षय कुमार ने जमकर की आरजे महवश की खिंचाई




'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है। इस खास एपिसोड में 100 कंटेंट क्रिएटर्स नजर आएंगे, जिनमें आरजे महवश भी शामिल हैं। हाल ही में जारी प्रोमो में अक्षय कुमार, आरजे महवश की दरअसल, महवश पजल को स्क्रीन पर आने से पहले ही सॉल्व करने की कोशिश कर रही थीं। इसे देखकर अक्षय ने मजाक में कहा, 'किसी का बाप नहीं सॉल्व कर सकता... जो सॉल्व कर देगा उसे मैं 1 करोड़ दूंगा...1 करोड़ छोड़ो, अपनी किडनी भी दे दूंगा।' अक्षय की इस बात पर महवश और वहां मौजूद दर्शकों की हंसी झूट गई। महवश ने भी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, 'इस दिन मेरे साथ जितना गलत हो सकता था, सब हुआ।

## शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के बारे में



मजेदार बातचीत और अक्षय कुमार के मजाकिया अंदाज ने इस एपिसोड को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। अक्षय कुमार का गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी चैनल पर प्रसारित होता है। इसके अलावा इसे सोनी लिव ऐप पर भी स्ट्रीम किया जा सकता है। शो में प्रतियोगियों को वर्ड पजल्स सॉल्व करने होते हैं और इसके बदले में उन्हें कैश प्राइज जीतने का मौका मिलता है।

# सनी लियोनी ने बताया कैसे की 'कैनेडी' की तैयारी



**सनी लियोनी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह वही फिल्म है जो 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई थी। फिल्म को कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में काफी सराहना भी मिली है। अब फिल्म भारत में रिलीज को तैयार है। इस बीच बातचीत के दौरान सनी लियोनी ने इस फिल्म, अपने पंद्रह साल के सफर और अपनी बायोग्राफी पर भी चर्चा की।**

## फिल्म में आपने चार्ली का किरदार निभाया है। कैसा अनुभव रहा?

जब मैं अपने सफर पर नजर डालती हूं तो लगता है कि इतने वर्षों बाद भी 'कैनेडी' मेरे भीतर कहीं न कहीं जिंदा है। मुझे बहुत खुशी है कि यह फिल्म अब ऑडियंस के सामने आने वाली है। मैं इतने समय से इसे अपने भीतर लेकर चल रही थी। अब इसे लोगों तक पहुंचते देखना मेरे लिए बेहद भावुक क्षण है। चार्ली का किरदार अपने आप में एक रहस्य जैसा था। इसमें कई परतें और कई तरह की ऊर्जा थीं। मुझे उसे खुद में उतारना था ताकि वह मेरा हिस्सा बन जाए। निर्देशक अनुराग कश्यप की आवाज और उनका समझाने का तरीका मेरे लिए मार्गदर्शन बनता था। हम रोज काम शुरू करने से पहले पढ़ते और सुनते थे। फिर समझते और कुछ नया खोजते थे।

## फिल्म का कौन सा अनुभव सबसे खास रहा?

अनुराग सर ने मुझसे कहा था कि चार्ली की हंसी बिल्कुल वैसी ही चाहिए जैसी वह कल्पना कर रहे हैं। इस हंसी को अपने भीतर लाना मेरे लिए आसान नहीं था। मुझे हर जगह हंसना पड़ता था। कार और लिफ्ट में भी हंसना पड़ता था। सेट पर इतने लोग होते थे कि वे मुझे देखकर सोचते थे कि मैं क्यों हंस रही हूं। कई बार मुझे लगता था कि लोग मुझे पागल समझ रहे होंगे। सच कहूं तो यह बात मुझे और मजेदार लगती थी क्योंकि मुझे मस्ती करना पसंद है और यह चार्ली वाली मस्ती एक अलग तरह की आजादी देती थी। धीरे-धीरे वह हंसी मेरे भीतर बस गई। इससे मैं चार्ली को गहराई से महसूस कर पाई। ये बात मैं कभी भूल नहीं सकती।

## क्या अनुराग कश्यप के सामने अपनी बात रखना आसान होता है?

अनुराग कश्यप के साथ काम करते हुए मैं हमेशा सुरक्षित महसूस करती थी। बाहर से लोग सोचते हैं कि वह गंभीर या कठोर होंगे। लोग उनकी फिल्मों या कहानियां देखकर उनके बारे में एक इंटेंस पर्सनालिटी की छवि बना लेते हैं। पर असल में वह बहुत नरमदिल व्यक्ति हैं। उनके सामने बैठकर बात करते समय हमेशा लगता था कि मेरी बात को महत्व मिल रहा है। हर कलाकार को यह एहसास नहीं मिलता कि उसे सुना जा रहा है। उन्होंने मुझे वही बनने दिया जो मैं उस पल बनना चाहती थी। यही वजह है कि उनसे जुड़ा हर अनुभव मेरे दिल में खास जगह रखता है।

## जब इस फिल्म को कान फिल्म फेस्टिवल में एंट्री मिली तो पहला रिएक्शन क्या था?

उस वक्त जो खुशी मिली थी उसे शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। वहां मुझे एक छोटा सा कागज मिला था, जिसमें मेरी सीट का नंबर लिखा था। वही मेरे लिए सबसे बड़ा अवॉर्ड था। उस टिकट को मैंने आज भी एक किताब के भीतर संभाल कर रखा है। सफलता की सबसे बड़ी परिभाषा क्या है? अवॉर्ड्स कितने मायने रखते हैं?

## मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं यहां तक पहुंचूंगी

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में जब आप दूसरों की सफलताए देखते हैं, तो मन में एक छोटी सी इच्छा उठती है। लगता है कि काश मुझे भी कोई ऐसा अवसर मिले जिसमें मुझे पहचान मिले। यह भावना हर कलाकार के भीतर होती है और मेरे भीतर भी थी। लेकिन मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि मैं एक दिन यहां बैठकर अपने प्रोजेक्ट के बारे में इस तरह बात करूंगी। 15 वर्ष हो चुके हैं और मैं बहुत खुश हूं कि मैं इस मुकाम पर हूं। मेरे जीवन में ऐसे लोग हैं जो हर कदम पर मुझे ऊपर उठाते हैं और आगे बढ़ने की ताकत देते हैं।



# वीडियो गेमिंग

# 'खेल' खिलाना हुआ अरबों का कारोबार



**कम्प्यूटर के बाद अब स्मार्टफोन पर गेमिंग का क्रेज बढ़ रहा है। इस गेम के दीवाने बच्चे ही नहीं, युवा भी हैं। यही वजह है कि गेमिंग मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। नए-नए वीडियो गेम्स के लिए ऑगमेंटेड रिएलिटी जैसी तकनीकें लोगों को खूब भा रही हैं, जिसमें अपनी सेल्फी के जरिये गेम के किसी कैरेक्टर का रूप धारण किया जा सकता है। वहीं, जॉब्स के लिहाज से भी गेमिंग सेक्टर काफी हॉट है। नैस्कॉम की एक हालिया शोध के अनुसार, भारत की मौजूदा गेम इंडस्ट्री लगभग 890 मिलियन डॉलर (करीब 5783 करोड़ रुपए) तक पहुंच चुकी है। स्मार्टफोन की बिक्री बढ़ने के साथ ही उद्योग में और विस्तार की उम्मीद जताई गई है।**

## कोर्स और क्वॉलिफिकेशन

कई संस्थान वीडियो गेमिंग में डिग्री, डिप्लोमा या एडवांस डिप्लोमा प्रोग्राम ऑफर कर रहे हैं। इस तरह के कोर्स में एडमिशन 12वीं और ग्रेजुएशन के बाद लिया जा सकता है। एनिमेशन और मल्टीमीडिया कोर्स के अंतर्गत ही गेमिंग की जानकारी दी जाती है। कोर्स में ड्रॉइंग, डिजाइनिंग, प्रोडक्शन, प्रोग्रामिंग, लाइटिंग, एनिमेशन और डिजिटल आर्ट्स की जानकारी दी जाती है। कम्प्यूटर साइंस, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर इंफॉर्मेशन सिस्टम्स या इससे जुड़े पाठ्यक्रम में बीटेक/बीएससी ग्रेजुएट के लिए ये प्रोग्राम खास तरह से डिजाइन किए गए हैं।


## पर्सनल स्किल


वीडियो गेम इंडस्ट्री पूरी तरह से क्रिएटिव और टेक्निकल फील्ड है। यहां कलात्मक लोगों और आईटी ग्रेजुएट्स को तरजीह दी जाती है। इसलिए गेमिंग फील्ड में करियर बनाने वालों में कम्प्यूटर में अभिरुचि के साथ-साथ गेम खेलने का शौक भी होना चाहिए। गेम डेवलपमेंट के लिए इस्तेमाल हो रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑगमेंटेड रिएलिटी जैसी नई-नई तकनीक से वाकिफ होना होगा। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज सी, सी ++, विजुअल बेसिक, जावा, एमईएल, 2डी/3डी तथा गणित की अच्छी जानकारी रखनी होगी। इसी तरह अच्छी कम्युनिकेशन स्किल, विजुअलाइजेशन स्किल, ड्रॉइंग एप्टिट्यूड, कलर की समझ और टीमवर्क जैसी स्किल इस प्रोफेशन में आगे बढ़ने के लिए बहुत जरूरी है।

## गेम डेवलपर्स की भूमिका

गेम डेवलपर को वीडियो गेम्स डेवलपर या वीडियो गेम डिजाइनर भी कहा जाता है। आम तौर पर वीडियो गेम बनाने वाले सॉफ्टवेयर डेवलपर या इंजीनियर ही होते हैं। इससे जुड़े प्रोफेशनल्स वीडियो या कम्प्यूटर गेम्स के विकास के हर पहलू पर काम करते हैं, जिसमें गेम की डिजाइनिंग के अलावा कॉन्सेप्ट, स्टोरी राइटिंग, कोडिंग, प्रोग्रामिंग जैसे कार्य शामिल हैं। गेम की पूरी निर्माण प्रक्रिया एक टीमवर्क है। इसमें डिजाइनर्स, ग्राफिक आर्टिस्ट, प्रोग्रामर, प्रोड्यूसर और मार्केटिंग स्टाफ जैसे प्रोफेशनल्स भी सहयोग करते हैं। गेम डेवलपर किसी खास गेम प्लेटफॉर्म के स्पेशलिस्ट होते हैं। यहां एसेट डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग डेवलपमेंट के अंतर्गत कई दूसरे डिपार्टमेंट भी होते हैं, जिनमें प्रोफेशनल्स अपनी सेवाएं देते हैं। इसी तरह वीडियो गेम के ऑपरेटिंग इंस्ट्रक्शन और कोर फीचर के निर्माण कार्य के लिए प्रोग्रामर या सॉफ्टवेयर डेवलपर के तौर पर कई एक्सपर्ट शामिल होते हैं।

## जॉब के अवसर







दुनिया के साथ-साथ भारत में भी वीडियो गेमिंग का प्रसार दिनो-दिन बढ़ रहा है। मोबाइल के अलावा, ऑनलाइन गेम्स भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। चूंकि भारत की आबादी में युवाओं का बहुत बड़ा हिस्सा है, सो इस संभावित बाजार को देखते हुए वीडियो गेम व सॉफ्टवेयर से जुड़ी बड़ी विदेशी कंपनियां यहां अपने बिजनेस का विस्तार कर रही हैं। इनमें जॉब के अच्छे अवसर हैं। जॉब के बजाय आप चाहें, तो फ्रीलांस भी कर सकते हैं। अनुभव हो जाने पर आपके पास खुद का बिजनेस शुरू करने का भी विकल्प खुला होता है। आप किसी संस्थान में गेम डिजाइन/ डेवलपमेंट के टीचर भी बन सकते हैं।

## जॉब प्रोफाइल्स

गेमिंग इंडस्ट्री में स्पेशलाइजेशन का बड़ा महत्व है। यहां हर काम के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट होते हैं। एक ही वीडियो गेम के ऑनलाइन, कंसोल, एंड्रॉयड और आईओएस जैसे अलग-अलग प्लेटफॉर्म के लिए अलगअलग गेम वर्जन तैयार होते हैं, जिन्हें बनाने में दर्जनों लोगों की टीम लगती है। ऐसे लोगों के पास गेम प्लेटफॉर्म, गेम प्ले, प्रोग्रामिंग या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक में विशेषज्ञता होती है। वे एनवायर्नमेंट डेवलपर, लेवल डेवलपर, एसेट डेवलपर के तौर पर काम करते हैं। इस इंडस्ट्री की कुछ प्रमुख जॉब प्रोफाइल्स इस प्रकार हैं: एनिमेटर, डिजिटल वीडियो साउंड एडिटर, ग्राफिक प्रोग्रामर, प्रोड्यूसर/ डायरेक्टर, टेक्निकल आर्टिस्ट/ 3डी आर्टिस्ट, गेमिंग टेस्टर आदि।



## सैलरी पैकेज

गेमिंग इंडस्ट्री में डेवलपर्स को आकर्षक सैलरी मिलती है। तीन से चार साल का अनुभव होने पर 40 से 80 हजार रुपए तक मासिक सैलरी आसानी से मिल जाती है। प्रोग्रामिंग के अनुभव और स्पेशलाइजेशन के आधार पर सैलरी कुछ वर्षों बाद लाख रुपए से भी ज्यादा हो सकती है। शुरूआत में ही वीडियो गेमिंग प्रोफेशनल्स को 20-25 हजार रुपए तक सैलरी आसानी से मिल जाती है।

## गेम डिजाइनिंग के कोर्स

- एडवांस डिप्लोमा इन गेम डिजाइन/ डेवलपमेंट
- एडवांस सर्टिफिकेट इन गेम आर्ट एंड इंटीग्रेशन
- सर्टिफिकेट कोर्स इन गेम डिजाइन
- डिप्लोमा इन एनिमेशन, गेमिंग एंड स्पेशल इफेक्ट्स
- बीएससी इन गेमिंग
- एमएससी इन गेमिंग
- पीजी डिप्लोमा इन गेम डिजाइन/ डेवलपमेंट
- प्रोफेशनल डिप्लोमा इन गेम प्रोग्रामिंग

## प्रमुख संस्थान

- ■ भारतीय विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, डीआईटीएम , पुणे (महाराष्ट्र)
- ■ TGC एनिमेशन एंड मल्टीमीडिया, दिल्ली
- ■ यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज, देहरादून
- ■ एडिट वर्क्स स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, नोएडा
- ■ महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ

# ज्वैलरी डिजाइनिंग का करियर चुने

**भारत गोल्ड का सबसे बडा उपभोक्ता है और यहां जेम्स एंड ज्वैलरी के लिए बेहतर सुविधाएं भी मौजूद हैं। एक तथ्य यह भी है कि जयपुर को विश्व के सबसे बडे जेम्स कटिंग सेंटर के रूप में जाना जाता है। हालांकि, जयपुर के साथ-साथ सूरत, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद आदि शहरों में जेम्स एंड ज्वैलरी के विशाल एक्सपोर्ट हाउसेज मौजूद हैं। यही कारण है कि देश के कुल निर्यात में जेम्स एंड ज्वैलरी सेक्टर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होने से आज भारतीय कारीगरों की बनाई ज्वैलरी को विदेशों में काफी पसंद किया जा रहा है।**

### समय ने बदली धारणा

वैश्वीकरण के इस दौर में युवतियों में जिस तरह फैशनेबल कपडों का क्रेज बढ रहा है। फैशन में हो रहे बदलावों ने ज्वैलरी का सारा आकर्षण तरह-तरह की डिजाइनों में केंद्रित कर दिया है। समय



की बयार के साथ समाज की यह पारंपरिक तस्वीर तेजी से बदल रही है।

### क्वालिफिकेशन

जेमोलॉजी कोर्स के अंतर्गत जेम्स की पहचान, उसकी रंगत, धातु की पहचान, ड्राइंग टेक्निक्स, डिजाइन मेथोडोलॉजी, कम्प्यूटर ऐडेड डिजाइन आदि पहलुओं का अध्ययन किया जाता है. जेमोलॉजी में डिग्री (तीन-वर्षीय), डिप्लोमा (दो-वर्षीय) और सर्टिफिकेट कोर्सेज (एक साल) के साथ-साथ ट्रेंड प्रोफेशनल्स के लिए कुछ स्पेशलाइज्ड कोर्सेज भी उपलब्ध हैं। इन स्पेशलाइज्ड कोर्सेज की अवधि छह माह से छह हफ्ते तक की हो सकती है।

### योग्यता

यदि आप जेम्स एंड ज्वैलरी डिजाइन के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको कोई खास शैक्षिक योग्यता नहीं जुटानी पडेगी। यदि आप बारहवीं पास या ग्रेजुएट भी हैं, तो आपके लिए इस सेक्टर में बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। यदि आप बारहवीं पास हैं, तो डिग्री कोर्स में और यदि ग्रेजुएट हैं, तो डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। आपकी अंग्रेजी और कम्युनिकेशन स्किल्स बहुत अच्छी होनी चाहिए. यदि यह गुण आपमें हैं तो इससे बेहतर दूसरा क्षेत्र संभवतः आपके लिए बना नहीं है।

### करियर संभावनाएं

उदारीकरण के बाद भारत के इस उभरते सेक्टर को एक नया आयाम मिला है। दरअसल, जमोलॉजी के क्षेत्र में दबदबा रखने वाली दुनिया की बडी-बडी कंपनियां भारत में तेजी से अपनी शाखाएं खोल रही हैं। कहते हैं, जिस सेक्टर में जितनी तेजी से विकास होता है, उसे और विकसित करने के लिए ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जरूरत अनिवार्य रूप से होती है। इस लिहाज से देखें, तो जेम्स एंड ज्वैलरी सेक्टर भी अछूता नहीं रहा है, जहां आज भारी संख्या में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जरूरत महसूस की जा रही है। जहां तक इस क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं की बात है, जेमोलॉजी का कोर्स कर लेने के बाद आपको प्राइवेट एक्सपोर्ट हाउसेज, ज्वैलरी डिजाइनिंग एंड कटिंग फर्म्स और इससे जुडी कंपनियों में काफी आकर्षक जॉब मिल सकते हैं। इसके अलावा, यदि आप अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो संबंधित क्षेत्र में अनुभव और कौशल प्राप्त करने के बाद अपनी खुद की रिटेल, होलसेल या ज्वैलरी-शॉप्स खोल कर अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

### जॉब ऑप्शंस

- ज्वैलरी-डिजाइनर, प्रोडक्ट डेवलपमेंट ऑफिसर, मर्केडाइजर, सेल्स एंड मार्केटिंग प्रोफेशनल, कंसल्टेंट, कैड-डिजाइनर] रिसर्चर

**मीडिया के करेंट ट्रेंड, नीड्स और अपॉर्च्युनिटीज को एनालाइज करने के लिए मीडिया मैनेजर्स को हायर किया जाता है। मीडिया मैनेजमेंट एक ग्रोइंग एरिया है और इसकी नॉलेज रखने वाले कैंडिडेट्स की डिमांड है। अगर आप भी मैनेजमेंट लेवल पर रिवॉर्डिंग करियर ढूंढ़ रहे हैं तो यह आपका ऑप्शन बन सकता है।**

# मीडिया में भी जरूरी है मैनेजमेंट, आप बनना चाहेंगे इसका हिस्सा?

वर्तमान समय में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसे मीडिया कंज्यूमर अवेयरनेस के लिए कवर न करती हो। मीडिया एक ब्रॉड टर्म है जिसमें रेडियो, टेलिविजन, फिल्म, मल्टीमीडिया, पबलिक रिलेशन, ई-कॉमर्स सब कवर होता है। मीडिया मैनेजमेंट में कैंडिडेट्स की मीडिया ट्रेंड, अपॉर्च्युनिटीज, नीड्स को एनालाइज करने की स्किल्स डेवलप की जाती हैं। यह मैनेजमेंट की स्पेशलाइज्ड फील्ड है जिसकी डिमांड बढ़ रही है। अगर आप भी खुद को इस फील्ड का पार्ट बनाना चाहते हैं तो जानिए इस कोर्स से संबंधित जरूरी जानकारियां।

### कौन होते हैं मीडिया मैनेजर्स?

मीडिया मैनेजर को रेडियो, टेलिविजन से लेकर पब्लिक रिलेशन और म्यूजियम से लेकर डांस, थिएटर मीडिया की हर फील्ड की स्टडी करनी होती है। यह स्टडी इन इंडस्ट्री में चल रहे ट्रेंड्स, अपॉर्च्युनिटीज को एनालाइज करने के लिए की जाती है। मीडिया मैनेजर को मीडिया के स्ट्रक्चर की पूरी समझ होनी चाहिए कि इन सबका इम्पैक्ट ऑडियंस पर कैसे और कब पड़ेगा।

### मीडिया मैनेजर की वर्क प्रोफाइल क्या होती है?

मीडिया मैनेजर बिजनेस और ब्रांड को बिल्ड करने के लिए कैंपेन की मार्केटिंग और प्लानिंग स्ट्रैटेजीस को हैंडल करते हैं। वह हर मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे डिजिटल, प्रिंट, ब्रॉडकास्ट, सिनेमा, डायरेक्ट मार्केटिंग के जरिए कैंपेन को मैनेज करते हैं। मैनेजमेंट प्रिंसिपल्स और ऑर्गनाइजेशनल थ्योरी की हेल्प से वह अपने सप्लायर्स, कॉम्पिटीटर्स, इंप्लॉइज और कंज्यूमर्स को हैंडल करते हैं।

### मीडिया मैनेजेमेंट कोर्स करने की एलिजिबिलिटी क्या होती है?

यह कोर्स उन कैंडिडेट्स के लिए आइडियल हो सकता है जिनके पास मास कम्यूनिकेशन का बैकग्राउंड हो। वैसा यह कोर्स हर डिसिप्लिन के कैंडिडेट के लिए ओपेन होता है लेकिन कैंडिडेट का इस फील्ड में इंटरेस्ट होना जरूरी है।

### इस कोर्स को करने के बाद

### जॉब प्रॉस्पेक्ट्स कैसे होते हैं?

मीडिया मैनेजमेंट में ट्रेनिंग कंप्लीट करने के बाद कैंडिडेट्स टेलिविजन चैनल्स, रेडियो स्टेशन, न्यूजपेपर, पबलिशिंग कंपनीज, एंटरटेनमेंट कंपनीज, एडवरटाइजिंग फर्म्स, प्लानिंग ऑर्गनाइजेशन में काम कर सकते हैं। आजकल ट्विटर, फेसबुक जैसे मीडिया पोर्टल्स और सोशल मीडिया साइट्स में भी जॉब ओपनिंग अवेलेबल हैं।

### मीडिया मैनेजर का स्टार्टिंग सैलेरी पैकेज क्या हो सकता है?

मीडिया मैनेजर का सैलेरी पैकेज उनकी कंपनी और शहर पर डिपेंड करता है। वैसे इस फील्ड में स्टार्टिंग सैलेरी पैकेज 2.5 से 3 लाख पर ईयर तक हो सकता है।




# क्या आपको मीडिया में करियर बनाना है?



**अगर आपको चुनौतियों से हर रोज खेलने का शौक है, तो मीडिया का क्षेत्र आपके लिए है। आज जिस कदर मीडिया का विस्तार हो रहा है, ऐसे में यहां खूब अवसर हैं। हां, आपको यह जरूर ध्यान रखना होगा कि इस फील्ड में बाहर से जितना ग्लैमर दिखता है, भीतर उससे कहीं ज्यादा परिश्रम की जरूरत होती है। आइए जानते हैं मीडिया में करियर बनाने के बारे में कुछ प्रमुख बातें।**

### क्या हैं ऑप्शंस?

- ■ अखबार
- ■ न्यूज टीवी चैनल
- ■ न्यूज वेबसाइट
- ■ रेडियो
- ■ मैगजीन।

### कौन-कौन-सी भूमिकाएं?

- ■ रिपोर्टर
- ■ कॉपीराइटर
- ■ एंकर
- ■ बुलेटिन प्रोड्यूसर
- ■ कैमरामैन
- ■ लाइट्समैन
- ■ स्क्रिप्ट एडिटर
- ■ वीडियो एडिटर
- ■ ग्राफिक्स डिजाइनर
- ■ कॉर्टूनिस्ट।

### स्किल्स

- ■ बिना थके लगातार काम करने की क्षमता
- ■ ऑब्जर्वेशन तथा एनालिसिस पावर
- ■ पब्लिक रिलेशंस और कम्युनिकेशन स्किल
- ■ हर रोज सीखने की चाहत
- ■ टाइमिंग तथा एक्यूरेसी।

### एक्सपर्ट अनुभव

बारहवीं के बाद ही मैंने तय कर लिया था कि मुझे जर्नलिस्ट बनना है। शुरूआत में थोड़ी अलग राह पर जरूर गया। सिविल सर्विसेज की तैयारी करने लगा, लेकिन फिर गोल क्लियर था। भले ही मुझे आर्थिक जरूरतों के लिए ट्यूशन पढ़ाकर गुजारा करना पड़ा, लेकिन उसी वक्त मैंने चुनौतियों से लड़ना और उन्हें हराना सीखा। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद आईआईएमसी से जर्नलिज्म की पढ़ाई की और आज दूरदर्शन में बिजनेस एंकर हूं तथा सीनियर कॉरेस्पॉन्डेंट भी।